माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 8:54 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2080
कानपुर, मंगलवार, 30 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 159, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा 16
रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार 2

# देश में सात दिनों में लागू होगा सीएए

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस दावे को 'चुनावी बयानबाजी' कहकर खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आकर भारत में बसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में रविवार शाम एक जनसभा में ठाकुर ने कहा कि एक सप्ताह में पूरे देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। कोलकाता में सोमवार को संवाददाताओं से उन्होंने दोहराया कि मैंने कल जो कहा था, उस पर कायम हूं। यह मेरी गारंटी है।

## केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने किया दावा

▸▸ तृणमूल कांग्रेस ने करार दिया चुनावी बयानबाजी

### उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। यूसीसी को लेकर गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप देगी। ड्राफ्ट का आकलन करने के बाद विधेयक पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि जल्द ही राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा।

# 1241 अंक उछला सेंसेक्स, निफ्टी 21700 के ऊपर

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी के चलते दोनों मानक सूचकांक में जोरदार उछाल आया। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के साथ बीएसई सेंसेक्स जहां 1,241 अंक मजबूत हुआ, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21,700 अंक के आंकड़े को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। निफ्टी भी 385 अंक यानी 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर बंद हुआ।

## शेयर बाजारों में तेजी का दिखा असर

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ आईटीसी, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बाद प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी लौटी। शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बावजूद अंतरिम बजट को लेकर निवेशकों के बीच भरोसा बना हुआ है...। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा महत्वपूर्ण है।

## वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि सात फीसदी रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए सुधारों और उपायों से उत्पन्न मजबूत आर्थिक गतिविधियों की बदौलत, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत के करीब बढ़ने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से कुछ दिन पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में वृद्धि सात प्रतिशत या अधिक रहेगी। वित्त मंत्रालय की इस रिपोर्ट में सुधारों को गांव स्तर पर ले जाकर उस स्तर तक शासन को नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-अनुकूल बनाने पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। यह रिपोर्ट आर्थिक मामलों के विभाग ने तैयार की है लेकिन इसे परंपरागत आर्थिक समीक्षा नहीं कहा गया है। 'द इंडियन इकोनॉमी : ए रिव्यू' शीर्षक की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

▸▸ वित्त मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में दावा

## एक नजर

### दिल्ली-कश्मीर में आठ जगहों पर सीबीआई छापे

**श्रीनगर।** सीबीआई ने सिविल कार्यों के लिए निविदा देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के तहत सोमवार को दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग आठ स्थानों पर तलाशी ली। किरू जलविद्युत परियोजना का क्रियान्वयन चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) द्वारा किया जा रहा है। सीबीआई ने बताया कि तलाशी में लगभग 21 लाख रुपये से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति दस्तावेज तथा आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

### पुलिस मालखाने में आग से 250 वाहन हुए खाक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के वजीराबाद इलाके में स्थित ''मालखाना'' (यार्ड) में सोमवार तड़के आग लगने से कम से कम 250 वाहन जलकर खाक हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग तड़के चार बजे लगी। सूचना मिलने पर दमकल की पांच गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का काम करीब दो घंटे तक चला और सुबह छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन मालखाने में खड़े 50 चार पहिया वाहन और 200 दोपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए।

### आतंकवादियों को मदद देने वाले की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों को जानबूझकर पनाह देने और लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले व्यक्ति की संपत्ति सोमवार को कुर्क कर ली गई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मध्य कश्मीर जिले में रुडबुघ मागम इलाके के निवासी मोहम्मद रमजान मीर के मकान को कुर्क कर लिया। उन्होंने कहा कि मीर आतंकवादियों का एक सहयोगी है या प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर के लिए काम करता है। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि यह संपत्ति गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 2(जी) के तहत आतंकवादी गतिविधियों से हुई आय के जरिए अर्जित की गई थी।

# लालू से ईडी की 10 घंटे पूछताछ

## जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में भेजा गया था समन

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद 'जमीन के बदले नौकरी'' घोटाले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। राजद प्रमुख के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी रहीं। वे पूर्वाह्न 11:05 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में राजद समर्थक भी जुट गए और नारेबाजी की। स्थिति यह हो गई कि अधिकारियों को सीआरपीएफ बुलानी पड़ गई। ईडी ने 19 जनवरी को लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव को मामले में नया समन भेजा था। उनसे 10 घंटे पूछताछ की गई।

जदयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने के एक दिन बाद लालू प्रसाद केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हुए। इस गठबंधन में राजद सबसे बड़ा घटक दल है। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद मीसा ने कहा कि जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी (लालू) स्वास्थ्य स्थिति के कारण उनके लिए अकेले जाना मुश्किल है। यही कारण है कि जब भी वह कहीं जाते हैं तो किसी को उनके साथ जाना पड़ता है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन से अलग होने के बाद भाजपा के साथ जुड़ने के सवाल पर भारती ने कहा कि बेहतर होगा कि आप उनसे (नीतीश से) पूछें। कहने के लिए कुछ नहीं बचा।

### लालू को गिरफ्तार करेंगे... वे डरे हुए हैं: मीसा

लालू प्रसाद यादव से ईडी की पूछताछ पर राजद सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि लालू यादव का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। वह खुद खा भी नहीं सकते हैं। किसी को उनको खाना खिलाना पड़ता है। मीसा ने आगे कहा कि ईडी का कोई अधिकारी बोलने के लिए तैयार नहीं है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं। इसलिए प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और ऐसी चीजें ही करेंगे। यह सरकार मेरे पिता को भी (गिरफ्तार) कर सकती है, लेकिन एक बीमार आदमी को गिरफ्तार करके उन्हें क्या मिलेगा।

### राबड़ी के पूर्व कर्मी ने घूस में ली संपत्ति हेमा के नाम की

**नई दिल्ली।** लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की गोशाला के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक एक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में इसे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया। यह आरोप ईडी ने सोमवार को लगाया, जो जमीन के बदले नौकरी मामले की जांच कर रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली की एक अदालत में एक आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें कुछ अन्य लोगों के अलावा लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को आरोपी बनाया गया था।

### सोरेन 31 को होंगे हाजिर ईडी को दी जानकारी

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी को पूछताछ के लिए 31 जनवरी को समय दिया है। झामुमो से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि ईडी को सोमवार को एक मेल भेजा गया है। ईडी ने 27 जनवरी को मुख्यमंत्री को समन भेजा था। इससे पहले सोमवार को ईडी का एक दल जांच के सिलसिले में सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचा।

## राज्य सभा में उप्र. की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को होगा खत्म

# उप्र. में केन्द्र-राज्य के उच्च सदन के लिए सियासी जोर-आजमाइश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र. विधान परिषद की 13 सीटें भी 5 मई को हो जाएंगी रिक्त

▸▸ रास की रिक्त हो रहीं 10 सीटों में 9 भाजपा, एक सपा की सीट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की दस्तक पाकर सियासी दलों में हर सीट पर नफा-नुकसान को लेकर मंथन तेज है। इसी के बीच राज्यसभा और उप्र. विधान परिषद के लिए भी सियासी दल जोर आजमाइश करते दिखेंगे। राज्यसभा में उप्र. के कोटे की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वहीं, विधान परिषद में भी विधायक कोटे की 13 सीटें 5 मई को खाली हो जाएंगी। ऐसे में लोकसभा चुनाव की रणनीति तय करने के साथ राजनीतिक दल केन्द्र और राज्य के उच्च सदनों में खाली हो रहीं सीटों के लिए समीकरण साधेंगे।

भाजपा के जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें, अनिल अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजयपाल तोमर, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव शामिल हैं। वहीं, राज्य विधान परिषद में खाली हो रही 13 सीटों में 10 भाजपा, 1 उसके सहयोगी अपना दल और 1-1 सपा और बसपा के पास है। 5 मई के पहले इन सीटों पर भी चुनाव प्रस्तावित है। राज्य विधानसभा में 403 सदस्य हैं और यहां से एक सदस्य को राज्यसभा भेजने के लिए 37 विधायकों का वोट चाहिए। सपा के पास 109 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 118 विधायकों के साथ सपा कम से कम तीन सीटें जीतने की स्थिति में रहेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास 279 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 254, अपना दल (एस) के 13, निषाद पार्टी व सुभासपा 6-6 विधायक हैं। ऐसे में 7 सीटों पर सत्तापक्ष जीते तो आश्चर्य नहीं होगा।

### राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। लखनऊ कार्यालय के अनुसार उप्र. के 10 सदस्यों के द्विवार्षिक निर्वाचन का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग से तय कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को बताया कि नामांकन की अधिसूचना 8 फरवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। 16 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच और 20 फरवरी को नाम वापसी। 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान और सायं 5 बजे से मतगणना होगी। 29 फरवरी से पहले निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा।

# कोटा में छात्रा ने की आत्महत्या

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा शहर में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रही 18 वर्षीय एक छात्रा ने सोमवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में कहा कि मम्मी, पापा मैं जेईई की परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकती। इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूं। छात्रा की पहचान स्थानीय निहारिका सिंह के रूप में की गई है। वह एक या दो दिन में ही जेईई की परीक्षा देने वाली थी। उसने अपने माता-पिता से माफी भी मांगी है। निहारिका ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं एक असफल व्यक्ति हूं। मैं सबसे बुरी बेटी हूं। मुझे माफ करें, मम्मी-पापा। मेरे पास यही आखिरी विकल्प था।

एक सप्ताह के भीतर कोटा में किसी विद्यार्थी के आत्महत्या करने का यह दूसरा मामला है। कोटा में छात्रा के आत्महत्या करने का यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बच्चों की दबाव से निपटने में मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि निहारिका शहर के बोरखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत शिव विहार कॉलोनी में स्थित अपने पारिवारिक घर में रहती थी और उसे 30 या 31 जनवरी को जेईई परीक्षा देनी थी। सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह पढ़ाई के तनाव में थी और खुद को परीक्षा देने में असमर्थ पा रही थी।

▸▸ जेईई की कर रही थी तैयारी, लिखा सॉरी मम्मी-पापा, आईएम लूजर

▸▸ एक सप्ताह के भीतर कोटा में आत्महत्या की दूसरी घटना

## आतंकवादी समूह सिमी पर 5 वर्ष के लिए प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में संलिप्तता के लिए आतंकवादी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध को सोमवार को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा कि आतंकवाद को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, सिमी को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। सिमी पर पहली बार वाजपेयी सरकार में 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था। तब से हर पांच साल में प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी, 2019 को लगाया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सिमी अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है।

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# रामलला के दर्शन में वीवीआईपी के लिए होगी अलग व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद लगातार भक्तों का सैलाब दर्शन करने पहुंच रहा है। कल 31 जनवरी से अलग-अलग राज्यों के भी वीवीआईपी अतिथियों के आने का क्रम शुरू होने जा रहा है।

इसके लिए राम मंदिर में दर्शन की अलग व्यवस्था बनाई जाएगी। जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं तैयारियों का जायजा लेने सोमवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में न केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया। मंदिर परिसर में ही जिला प्रशासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ समन्वय बैठक की। अधिकारियों को योजना बनाएं जाने की जिम्मेदारी दी। मुख्यमंत्री के अयोध्या में निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, नगर आयुक्त विशाल सिंह, एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री अयोध्या एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ किया मंथन

# हिंदू पक्ष ने दाखिल की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## ज्ञानवापी मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के महानिदेशक से अपील की गई है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि उसकी वास्तविकता का पता लगाया जा सके।

याचिका में कहा गया है कि सर्वे करने के लिए शिवलिंग के आसपास की आर्टिफिशियल या मॉडर्न दीवार और फ्लोर को हटाया जाए। बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए सील किए गए पूरे इलाके का वैज्ञानिक सर्वे किया जाए। इससे पहले, 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका में ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाना (स्नान जल टैंक) का सर्वे कराने की मांग करने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया है कि 10 सीलबंद तहखानों में हिंदू मंदिर के सबूत हैं।

▸▸ शिवलिंग और वजू स्थल के सर्वे की रखी मांग

### शाही ईदगाह परिसर के सर्वे पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि मंदिर से लगे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक जारी रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका की अगली सुनवाई अप्रैल के प्रथम पखवाड़े के लिए निर्धारित कर दी। पीठ ने कहा कि जहां कहीं भी अंतरिम आदेश जारी किया गया है वह जारी रहेगा। शीर्ष कोर्ट ने 16 जनवरी को हाईकोर्ट के 14 दिसंबर 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी।

## बुलेट ट्रेन प्रणाली में लगेंगे भूकंपमापी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से मुंबई के बीच निर्माणाधीन देश की पहली हाईस्पीड रेलवे प्रणाली में सुरक्षा के लिए भूकंपमापी उपकरण लगाए जाने का फैसला हुआ है। राष्ट्रीय हाईस्पीड रेल निगम के अनुसार इस पूरी 507 किलोमीटर की लाइन में 28 भूकंपमापी यंत्र लगाए जाएंगे जो आरंभिक भूकंपीय हलचलों को भांप कर ट्रेन के कंट्रोल रूम को सचेत कर देंगे और जरूरत पड़ने पर ट्रेनों को तुरंत रोक दिया जाएगा। इस प्रकार से भूकंप से यात्रियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जापानी शिंकानसेन तकनीक पर आधारित यह प्रारंभिक भूकंप जांच प्रणाली, प्राथमिक तरंगों के माध्यम से भूकंप-प्रेरित झटकों का पता लगाएगी।

## सख्ती

बोर्ड परीक्षा से पहले शुरू हुई गुपचुप पड़ताल, बढ़ सकती हैं संचालकों की मुश्किलें

# एटीएस के रडार पर मदरसा संचालकों के खाते

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस के निशाने पर प्रदेश में संचालित मदरसा संचालकों के बैंक खाते हैं। इसको लेकर विशेष टीम अपनी जांच में जुटी है। तथ्यों को इकट्ठा करने के लिए उप्र मदरसा बोर्ड के जिम्मेदारों से भी संपर्क साधा गया है। सूत्रों की मानें तो अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती से जुड़े मदरसे विशेष टीम के खास रडार पर हैं।

हालांकि जांच का ये क्रम छह माह से चल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में मिले विशेष इनपुट के बाद एटीएस ने इसे गति दी। सूत्रों की मानें तो विशेष खातों में आई विदेशी फंडिंग की जानकारी मिलते ही मदरसा संचालकों के खातों और अन्य रिकार्डों को खंगाला जा रहा है। ये अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती सहित कुछ अन्य जनपदों से जुड़े हुए हैं। विशेष टीम की ओर से मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार से भी जानकारी हासिल की गई।

अनुदानित और गैर अनुदानित मदरसों से जुड़े लोगों की कॉल डिटेल को भी खंगाला जा रहा है। रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि उनसे एटीएस से जुड़ी एसआईटी शाखा ने गैर अनुदानित / गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के बारे में जानकारी मांगी थी, उन्हें बता दिया गया है कि ऐसे मदरसे उनके परिक्षेत्र में नहीं हैं।

▸▸ उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के जिम्मेदार बोले-केवल शिक्षकों की योग्यता की हो रही है जांच

### शिक्षकों की योग्यता का होगा परीक्षण

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने आदेश दिए हैं कि पंजीकृत मदरसों से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों की जांच की जाए। इसमें निरीक्षण के साथ सत्यापन किया जाना भी सम्मिलित है। इसको लेकर निदेशक ने अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, सभी जिलाधिकारी और रजिस्ट्रार को समयबद्ध जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य कमर अली कहते हैं कि निष्पक्ष जांच होनी आवश्यक है, क्योंकि कई बार एक व्यक्ति के गलत कार्यों से पूरा सिस्टम बदनाम हो जाता है।

### बरेली में सबसे अधिक गैर मान्यता प्राप्त मदरसे

बरेली में गैर मान्यता प्राप्त मदरसे सबसे अधिक हैं। प्रदेश में सूचीबद्ध मदरसों की संख्या 8449 है। उधर, प्रदेश में 24 हजार से अधिक मदरसों को पंजीकरण की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड में 16,500 पंजीकृत मदरसे हैं।

# भारतीय टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र प्रमुख जैसी सुरक्षा

## 60 साल बाद पाकिस्तान में डेविस कप खेलने पहुंची है टीम, खिलाड़ियों की सुरक्षा में किए गए कड़े इंतजाम

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

डेविस कप मुकाबले के लिए करीब 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे।

पाकिस्तान रवाना होने से पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी और सहयोगी दल।

### 4-5 सुरक्षा घेरे में रहेगी भारतीय टीम

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा कि भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। वह इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक है। यात्रा के दौरान टीम के साथ रहेंगे। भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

### बम निरोधक दस्ता करेगा जांच, एस्कॉर्ट वाहन रहेंगे साथ

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहेंगे। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करेगी, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी), इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।

### मेजबानी सम्मान की बात

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं। पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं तो रेस्त्रां में जाएं। वह उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहेंगे।

# मंदीप ने अमेरिका में इंटरकॉटिनेंटल खिताब जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका की नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए) का इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट खिताब जीता है। 30 साल के मंदीप ने अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने इस पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। इसमें कोच, परिवार, प्रशंसक और साथ खड़े रहने वाले शामिल हैं। वह यह खिताब अपने देश को समर्पित करते हैं। देश के लिए भविष्य में भी इसी तरह का सम्मान और खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे। मंदीप जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले उन्होंने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। उन्होंने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

# जडेजा और राहुल के बाहर होने से भारत को झटका, सरफराज का इंतजार खत्म

## चोट के कारण विशाखापत्तनम में दो फरवरी से शुरू हो रहे मैच में नहीं खेल सकेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे मेजबान टीम को श्रृंखला के पहले टेस्ट में हार के बाद दोहरा झटका लगा है। जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के दौरान तेजी से रन लेते हुए पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी, जबकि राहुल ने जांघ में दर्द की शिकायत की है। राहुल को पिछले साल मई में आईपीएल के दौरान भी जांघ में चोट लगी थी और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी, इस कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

### पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा ने किया था प्रभावी प्रदर्शन

पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा दोनों ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन बाद में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए 28 रन की जीत के साथ श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। जडेजा ने पांच विकेट चटकाने के अलावा पहली पारी में 87 रन बनाए, जबकि राहुल ने 86 रन की पारी खेली। जडेजा की ऑलराउंड क्षमता टीम के लिए काफी अहम है। अपने चार टेस्ट के करियर के दौरान प्रभावित करने वाले ऑफ स्पिनर वाशिंगटन अंतिम एकादश में जडेजा की जगह ले सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एशिया कप में चोट के बाद वापसी करते हुए राहुल ने एकदिवसीय और टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया।

### सौरभ और वाशिंगटन सुंदर भी टीम में शामिल

बीसीसीआई ने कहा कि चयन समिति ने मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने हाल में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था। विराट कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जबकि जडेजा और राहुल की चोट ने भारत की मुसीबत बढ़ा दी है।

### रजत पाटीदार के खेलने की संभावना ज्यादा

सरफराज टीम में जगह पाने के हकदार हैं लेकिन विशाखापत्तम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना अधिक है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ गुरुवार से होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर सारांश जैन को भारत ए टीम में शामिल किया गया है। आवेश खान मध्य प्रदेश की अपनी रणजी टीम के साथ रहेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

# ओली पोप के रास्ते में आने पर जसप्रीत बुमराह को फटकार

**दुबई, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का है। 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई जब बुमराह जान बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ।

**आईसीसी ने रन लेते समय बीच में आने पर एक डिमेरिट अंक भी दिया**

बुमराह को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली, जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायरों पॉल रीफेल और क्रिस गाफानी, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने बुमराह पर आरोप लगाया था।

### भारत डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंचा

दुबई। इंग्लैंड से मिली 28 रनों की हार के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में तीन स्थान नीचे खिसक कर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। भारत पहले तालिका में दूसरे स्थान पर था। इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद भारत तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से नीचे चला गया है। ऑस्ट्रेलिया तालिका में शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट में दो दिन के भीतर हराने के बाद भारत कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर भी था लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया और वह पहले स्थान पर पहुंच गया। हालांकि भारत को हराने के बावजूद इंग्लैंड भी तालिका में एक पायदान नीचे खिसक गया। इसकी वजह गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत रही। वेस्टइंडीज अब तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड आठवें पायदान पर है।

**अंक तालिका में भारत से ऊपर दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड और बांग्लादेश**

## खेल डायरी

### अविनाश साबले और पारुल अमेरिका में लेंगे प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवान अंशु मलिक को जापान और और सरिता मोर अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी है। साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे। सरिता अमेरिका में अभ्यास करेंगी। टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन भी मंत्रालय के खर्च पर कोच किउ जियान की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जापान के ओसाका जाएंगे। मंत्रालय ने इसके साथ ही भारतीय पैरा-तीरंदाज शीतल देवी, सरिता और राकेश कुमार के लिए धनुष, तीर, साइट स्केल सहित अन्य उपकरणों की खरीद के अनुरोध के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

### पीसीबी को मिलेगा अगले माह पूर्णकालिक अध्यक्ष

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया है कि अगले महीने तक बोर्ड के पास पूर्णकालिक अध्यक्ष होगा और पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी दौड़ में सबसे आगे हैं। दिसंबर 2022 से बोर्ड का कामकाज देख रही अंतरिम समिति का कार्यकाल 4 फरवरी को खत्म हो रहा है। उसके बाद पीसीबी के गवर्निंग बोर्ड का नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्र ने बताया कि पीसीबी के पास एक नया अध्यक्ष 8 फरवरी को आम चुनाव के बाद होगा।

### सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच सुक्ला दत्ता ने सोमवार को बांग्लादेश के ढाका में दो से आठ फरवरी तक होने वाली सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश रवाना होगी। सभी मुकाबले ढाका के मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्ष 2021 की उपविजेता रही भारतीय टीम दो फरवरी को भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

### चेन्नई करेगा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग की मेजबानी

नई दिल्ली। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से चेन्नई में खेला जाएगा, जिसमें ट्राफी के लिए नौ टीमें एक दूसरे का मुकाबला करेंगी। अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स के बीच कड़ी जंग होने के आसार हैं, जबकि फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा।

# सोनम मासकर ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीता रजत पदक

**काहिरा, एजेंसी**

पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया।

सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

**निशानेबाजी विश्वकप में पदार्पण करते हुए किया कमाल**

विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# क्रिकेटरों के पास शराब मिलने की जांच कराएगा एससीए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को जांच शुरू करने का फैसला किया।

एससीए सूत्रों के अनुसार यह घटना 25 जनवरी को सीके नायडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली। एससीए ने कहा कि चंडीगढ़ में एक घटना हुई है जिसे सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संज्ञान में लाया गया है। घटना दुर्भाग्यपूर्ण और असहनीय है। अनुशासनात्मक समिति और शीर्ष परिषद घटना की गहराई से जांच करेगी और उचित कार्रवाई करेगी।

# भारत जमैका को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में

**मस्कट, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को एफआईएच हॉकी-5 एस पुरुष विश्वकप के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जमैका को 13-0 से रौंदकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

मुकाबले में भारत ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे ही मिनट में दो गोल दाग दिए। ये दोनों गोल मनिंदर सिंह ने किए। इसके बाद उत्तम सिंह और मंजीत ने भी एक-एक गोल किया। खेल के पहले छह मिनट के भीतर भारत ने 4-0 का स्कोर कर मैच पर मजबूत बढ़त बना ली। इसके बावजूद भारत ने लगातार हमलावर रुख अख्तियार करते हुए जमैका पर लगातार दबाव बनाए रखा। इसका फायदा उठाते हुए पवन राजभर ने नौवें मिनट और गुरजोत सिंह ने 14वें मिनट में गोल कर हाफ टाइम ब्रेक तक स्कोर 6-0 कर दिया।

दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रामक रणनीति बनाए रखी। इस दौरान मोहम्मद राहील ने 16वें, 27वें, मनदीप मोर ने 23वें, 27वें, मंजीत ने 24वें और मनिंदर सिंह ने 28वें, 29वें मिनट में गोल कर स्कोर 13-0 कर मुकाबला जीत लिया। क्वार्टरफाइनल 30 जनवरी को खेला जाएगा।

**एफआईएच हॉकी-5 विश्वकप मुकाबले में 13-0 से दी करारी शिकस्त**

### गुकेश दूसरे स्थान पर रहे, मेंडोंका ने खिताब जीता

**विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के वेई यी से अंतिम टाई-ब्रेकर में हारने के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अंतिम दौर में हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यह गुकेश के लिए मुश्किल दिन रहा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें 13वें गेम में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद पिछले साल के विजेता अनीश गिरी के खिलाफ तीन टाई-ब्रेक गेम में बेहतर साबित होना था। उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को शिकस्त देने के बाद खिताबी मैच में वेई यी के साथ पहला मुकाबला ड्रा खेला। चीन के खिलाड़ी ने अगले मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेंडोंका ने आखिरी चरण के मुश्किल मैच में दिव्या को हराया। यह मुकाबला बराबरी पर चल रहा था लेकिन दिव्या की एक चूक का फायदा उठा कर मेंडोंका ने शानदार जीत दर्ज की।

# बॉलीवुड हलचल

## मुनव्वर फारूकी बनें बिग बॉस 17 के विनर

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी विजेता बन गए हैं। सलमान खान ने बिग बॉस 17 के विनर का एलान मुनव्वर फारूकी के रूप में किया। मुनव्वर फारूकी को बिग बॉस की ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपये की प्राइज मनी और एसयूवी कार भी मिली है। मुनव्वर फारूकी ने फिनाले में अंकिता लोखंडे, मन्नारा चोपड़ा, अरुण माशेट्टी और अभिषेक कुमार जैसे मजबूत दावेदारों को हराया। अभिषेक कुमार इस शो के रनरअप बने हैं।

### नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो की कोरियोग्राफी जोजो गोमेज ने की है। इसमें नोरा फतेही ने अपने शानदार डांस कौशल का प्रदर्शन किया है। फैंस इस गाने के ऑडियो रिलीज के बाद से वीडियो का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

### 22 मार्च को रिलीज होगी पंजाबी फिल्म मजनू

पंजाबी फिल्म मजनू 22 मार्च को रिलीज होगी। इसमें गुरमीत सिंह ने संगीत दिया है। हशमत सुल्ताना, कमाल खान, नछतर गिल, जैस्मिन अख्तर, सिमरन भारद्वाज और शाहिद माल्या ने गाने गाए हैं। तिलोक कोठारी द्वारा निर्मित एवं सुजाद इकबाल खान द्वारा निर्देशित फिल्म मजनू में प्रीत बाठ, किरण शेरगिल, सब्बी सूरी, निर्मल ऋषि, गुरप्रीत भंगू, मलकीत रौनी, शिवेंद्र महल, जुगनू शर्मा और बब्बर गिल सहित कई कलाकार हैं। सह निर्माता जुगनू शर्मा हैं, लेखक सभा वर्मा हैं।

# रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार

रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला, जबकि शबाना आजमी को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला। बेस्ट प्लेबैक (मेल) का अवॉर्ड अर्जन वैली के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का अवॉर्ड बेशरम रंग के लिए शिल्पा राव को दिया गया। बेस्ट म्यूजिक एल्बम का अवॉर्ड एनिमल के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला। बेस्ट डायलॉग का अवॉर्ड रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला। विक्रांत मेस्सी को बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया। रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) दिया गया। बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला।

# माता सीता की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं प्राची

सोनी टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में माता सीता की भूमिका निभाकर प्राची बंसल रोमांचित है। इसमें भगवान राम की कालजयी यात्रा को दर्शाया गया है। शो में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का किरदार सुजय रेऊ, जबकि माता सीता का किरदार प्राची बंसल ने निभाया है। प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता की भूमिका के लिए कई ऑडिशन और मॉक शूट के बाद, जैसे ही मुझे पता चला कि यह भूमिका मिल गई है, आंखों में आंसू आ गए। यह सब काफी स्वप्निल लग रहा था। बाल, मेकअप और पोशाक के लिए लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हमने कई लुक टेस्ट किए, हर लुक पर 10-12 घंटे खर्च किए। लगभग 8-10 टेस्ट्स के बाद, हम वर्तमान स्वरूप पर सहमत हो गए।

### व्हाट द हेल नव्या का नया सीजन फरवरी में

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नाती नव्या नवेली नंदा के शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन का टेलर रिलीज कर दिया गया है। अमिताभ बच्चन की नाती और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा जल्द अपने शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। इस पॉडकास्ट में नव्या अपनी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन के साथ दिखाई देने वाली हैं। इंस्टाग्राम पर नव्या ने अपने अपकमिंग पॉडकास्ट का ट्रेलर शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत में देखा जा सकता है कि नव्या अपनी नानी जया से कहती हैं कि क्या आप जानती हैं कि जया-इंग नाम का एक शब्द है। इसके बाद नव्या जवाब देते वक्त जोर से हंसती हैं और कहती हैं ओह्ह। इसके आगे जया ने नव्या से कहा कि तुम लोग बात-बात में बहुत गालियां देती हो। इसके बाद नव्या ने श्वेता से बात की और कहा कि वह आपका सेंस ऑफ ह्यूमर समझ गई हैं। इसके जवाब में श्वेता कहती हैं नहीं आप मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर नहीं समझ सकतीं। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 एक फरवरी से साप्ताहिक स्ट्रीम होगा।

### कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे गुरु रंधावा

जानेमाने गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के साथ बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में गुरु रंधावा और सई एम मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनुपम खेर और इला अरुण भी हैं। यह पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन जी अशोक ने किया है, अमित और लवीना भाटिया द्वारा यह निर्मित है। कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### सीखते समय स्कूटी फिसलने से दो घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर क्षेत्र में हाईवे पर स्कूटी फिसलने से महिला सहित दो लोग घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। अहरोली शेख गांव के उवैश दीवान ने बताया कि उनके भाई उवैद दीवान परिवार के नफीस की पत्नी रिहाना को स्कूटी सिखा रहे थे। झांसी-कानपुर हाईवे पर किसान सेवा आश्रम के पास स्कूटी फिसल गई, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। सीएचसी में डॉ. राजवीर ने प्राथमिक उपचार किया।

### पुलिस ने तीन जुआरी पकड़े

**पुखरायां।** भोगनीपुर पॅपुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन भाग निकले। उप निरीक्षक जितेंद्र तिवारी ने बताया कि गश्त के दौरान हरधरपुर गांव के पास जुआ की सूचना मिली थी। छापा मारकर तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन जुआरी भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों में चांद बाबू, भूरा और जीत सिंह शामिल हैं, जबकि आजाद, नफीस और सरदार भाग निकले। पुलिस ने फड़ से 5340 रुपये और तलाशी में 15,510 रुपये बरामद किए हैं।

# तीन दिन बाद भी हत्यारों का नहीं लग सका सुराग

संवाददाता, रूरा

- सिर्फ हवा में तीर चला रही रूरा थाने की पुलिस
- कुरियन पुरवा में किसान की बेरहमी से हुई थी हत्या

**अमृत विचार:** रूरा थाना क्षेत्र के कुरियन पुरवा भिखनापुर में ट्यूबवेल पर लेटे किसान की ईंट-पत्थर से कूचकर हत्या के मामले में पुलिस अभी तक हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों का पता नहीं लगा पाई है।

थाना क्षेत्र के कुरियन पुरवा निवासी किसान मंगली प्रसाद (60) भिखनापुर गांव के कृष्ण बिहारी के खेत बटाई पर लिए था। पिछले शुक्रवार की रात वह खेत की रखवाली के लिए ट्यूबवेल पर लेटने गया था। देर रात सोते समय मंगली की ईंट और पत्थर से सिर कूच कर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय कुमार पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे थे और साक्ष्य जुटाए थे। पुलिस ने किसान के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। तीन दिन से पुलिस सिर्फ हवा में तीर चला रही है। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। थाना प्रभारी अजय पाठक ने कहा कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# अब रनियां में सर्विस रोड के बीच से हटेंगे खंभे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिलाधिकारी ने ली जिला उद्योग बन्धु की बैठक
- उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों की मांग पर रनिया औद्योगिक क्षेत्र में सर्विस रोड के बीच से बिजली के खंभे हटाने का फैसला लिया गया।

बैठक में उद्यमियों ने नबीपुर में अंडरपास बनाए जाने की मांग की, जिस पर एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि अंडरपास बनाए जाने की शासन से स्वीकृति मिल गई है। ई-टेंडरिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उद्यमियों ने रनियां औद्योगिक क्षेत्र में सर्विस रोड के बीच से बिजली पोल हटाने की मांग की, जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने एनएचएआई और बिजली विभाग को आपस में समन्वय बनाकर खंभों को हटाए जाने के निर्देश दिए।

रनियां में फायर स्टेशन बनाने के सिलसिले में जिलाधिकारी को बताया गया कि फायर स्टेशन के लिए जमीन चिह्नित हो चुकी है। शासन स्तर से अनुमति प्राप्त होते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। उद्यमियों ने औद्योगिक इकाइयों के प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर औद्योगिक क्षेत्र का अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र जैनपुर में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट, औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव, औद्योगिक क्षेत्र में रोड लाइट, मजदूरों के लिए हॉस्पिटल आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या जल्द दूर कर ली जाएगी। टीम बनाकर सर्वे पूर्ण कर लिया गया है, शीघ्र ही नाले का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

जिलाधिकीरी आलोक सिंह ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि औद्योगिक क्षेत्र से सम्बन्धित सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि औद्योगिक ईकाइयों में कार्यरत सभी मजदूरों का गोल्डन कार्ड बनवाया जाए और उनका श्रम कार्यालय में पंजीकरण भी कराया जाए, ताकि मजदूरों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके। बैठक में उद्योग उपायुक्त मो. साउद, उद्यमी और विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिन में सूरज की तपिश, शाम से फिर बढ़ी गलन

- आसमान में बादल देख बारिश की संभावना से किसान खासे परेशान
- गेहूं की फसल के लिए बेहतर माना जा रहा मौसम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

सोमवार को धूप की तपिश का आनंद लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मौसम में उतार-चढ़ाव से लोगों को राहत नहीं मिल रही। सोमवार की शुरुआत घने कोहरे से हुई, लेकिन नौ बजे के बाद मौसम साफ हुआ और धूप खिलने से लोगों ने राहत महसूस की। सूरज की तपिश से दिन में तो लोगों ने राहत महसूस की, लेकिन सांझ ढलते ही सर्दी बढ़ने से लोगों की मुसीबत बढ़ गई। वहीं आसमान में बादल देख बारिश की संभावना से भी लोग परेशान नजर आए।

रविवार को दिन भर तेज धूप के बाद सोमवार की शुरुआत कोहरे से हुई, लेकिन जल्द ही सूरज ने कोहरे को पार कर लिया। सुबह नौ बजे से ही धूप निकलने से लोग कामकाज के लिए घरों से निकल पड़े। वहीं दोपहर 12 बजे तक आसमान में बादलों का आवागमन होने से धूप कमजोर हो गई। सर्द हवा के झोंकों से जॉकेट आदि उतार चुके लोगों को सर्दी महसूस हुई। हालांकि कई हिस्सों में लोग धूप का आनंद भी लेते नजर आए।

अस्पतालों के वार्डों में सर्दी से जूझ रहे मरीज व तीमारदार भी धूप में बैठकर राहत पाते दिखे। वहीं धूप निकलने और सर्दी का असर कम होने से बाजारों में भी रौनक नजर आने लगी। हालांकि आसमान पर बादलों की आवाजाही से लोग बारिश की संभावना को लेकर चिंतित नजर आए। यदि बारिश हुई तो एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि मौसम की मार से किसान परेशान है।

### किसान की सर्दी से मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर के अंबेडकर नगर निवासी अमन ने बताया कि उनके पिता बलवीर सिंह (50) रविवार को देर शाम फसल की रखवाली के लिए खेत गए थे, जहां वह बेहोश होकर गिर गए। दूसरे किसानों ने जानकारी दी। बलवीर को फौरन सीएचसी लाए, जहां डॉ. राजवीर सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने सर्दी से मौत होने का अंदेशा जताया है। पत्नी सर्वेश देवी, पुत्री अल्का, कंचन, सलोनी व वर्षा, पुत्र अमन व दीपेश बिलखते रहे। डॉक्टर ने बताया कि परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव घर ले गए।

### ठंडा होने लगा ऊनी कपड़ों का बाजार

एक महीने से कड़ाके की सर्दी के कारण ऊनी कपड़ों का बाजार गर्म चल रहा था। खरीदारों की भीड़ से ऊनी कपड़ों के विक्रेताओं को खासा मुनाफा हो रहा था, लेकिन लगातार दूसरे दिन कड़ाके की धूप के बाद अब ऊनी कपड़ों का बाजार ठंडा होता नजर आया। दुकानदारों की मानें तो अब अधिक सामान बिकने की उम्मीद नहीं है। बारिश हुई तो कुछ दिन बिक्री हो सकती है, अन्यथा बचा हुआ सामान समेटना ही पड़ेगा।

### फसलों के लिए मुसीबत बन सकती है बारिश

मौसम विभाग की ओर से भी फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश की संभावना जताए जाने से किसानों में चिंता है। इस वक्त काफी संख्या में किसान आलू की खुदाई कर रहे हैं, जबकि कोहरे से खराब हो रही लाही और सरसों आदि की फसलों पर भी बारिश प्रतिकूल असर डाल सकती है, इससे किसानों में चिंता व्याप्त है। हालांकि अभी मंगलवार को मौसम खुला रहने के आसार हैं।

# आज से शुरू होगा कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार:** जिला कुष्ठ रोग अधिकारी ने बताया कि गत वर्ष स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की सफलता से प्रेरित होकर इस वर्ष भी समुदाय की भागेदारी बढ़ाने के इरादे से समुदाय के दरवाजे तक पहुंचने की परिकल्पना की गयी है। इस अभियान का जोर कुष्ठ रोग के खिलाफ कलक और भेदभाव को कम करने और प्रारम्भिक केस रिर्पोटिंग को बढ़ाने के लिये सामुदायिक भागेदारी को बढ़ावा देना है, ताकि कुष्ठ की विकलांगता दर को शून्य किया जा सके।

जिलाधिकारी का संदेश हम सभी कानपुर देहात जनपद के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के दौरान पर यह घोषणा करते है। कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिये हर सम्भव प्रयास करेंगे। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये अपना पूर्ण योगदान देगें।

# बाइक की टक्कर से मासूम की गई जान

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जगनपुर गांव में रोड पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने एक मासूम को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रूरा थाना क्षेत्र के जगनपुर निवासी बबोल उर्फ रज्जन शर्मा का सात वर्षीय पुत्र नारायण शाम करीब 6 बजे घर के सामने से रोड पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुत्र की मौत से मां लीलावती, बहन राशि, गोपी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। एसएसआई डीएन दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बाइक सवार मौके से फरार हो गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**पुखरायां।** गुजरात के सूरत जिले के बढ़ोरी थाना क्षेत्र के परडी वालोड गांव के मिहुल (35) ने बताया कि वह अपनी पत्नी कोमल (30) के साथ बाइक से 23 जनवरी को प्रभु राम के दर्शन के लिए अयोध्या गए थे। दर्शन करने के बाद 28 जनवरी को अयोध्या से वापस गुजरात जा रहे थे। झांसी हाईवे पर पटेल चौक के पास कार ने टक्कर मार दी, जिससे दंपति घायल हो गए। चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र सिंह और मलासा ब्लाक प्रमुख स्वतंत्र पासवान ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. राजवीर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बीन-ढोलक बजाते पहुंची बैगा बिरादरी

संवाददाता, शिवली

ढोलक-बीन बजाते ज्ञापन देने तहसील पहुंचे बैगा समाज के लोग। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अनुसूचित जाति में शामिल करने की उठाई मांग

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय घुमंतू सपेरा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सूरजनाथ सपेरा की अगुवाई में सोमवार को घुमंतू सपेरा बैगा समाज के सैकड़ों लोग बीन, ढोलक, नाल बजाते हुए मैथा तहसील पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करते हुए बैगा जाति को अनुसूचित जाति में ही शामिल रखने समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एसडीएम जितेन्द्र कटियार को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

अखिल भारतीय घुमंतू सपेरा विकास महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सूरज नाथ सपेरा ने कहा कि घुमन्तु जोगी बैगा समुदाय के लोग भीख मांग कर किसी तरह गुजर-बसर करते हैं। वर्ष 2017 से पूर्व अनुसूचित जाति के दायरे में आते थे और इसी आधार पर सारी सुविधाएं दी जाती थीं, लेकिन सरकार ने 2023 में उन्हें अनुसूचित जाति से हटाकर अन्य जाति की श्रेणी में बांट दिया, जिससे इस समुदाय के लोगों में आक्रोश पनप रहा है। इसको लेकर सैकड़ों लोग सोमवार को मैथा तहसील पहुंचे और मुख्य द्वार पर महुवर, ढोलक, नाल बजाकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने एसडीएम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और कहा कि घुमंतू बैगा समुदाय के लोगों को अनुसूचित जाति से अलग कर अन्य श्रेणी में बांटना अन्याय है। उन्होंने बैगा जाति के लोगों को अनुसूचित जाति में शामिल कर जाति प्रमाण पत्र जारी करने, ग्राम पंचायत रास्तपुर के मजरा नहरी बरी गांव को सपेरा बैगा जाति के लोगों के लिए चिह्नित कर आवास के पट्टे करने के साथ शव दफनाने के लिए समाधि स्थल का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग की। इस मौके पर इलायजी नाथ, चम्मक नाथ, जहांगीर नाथ, छग्गूनाथ, महबूब नाथ, राजनाथ, सरवन नाथ, सपेरा नाथ पंखी नाथ, अशोक नाथ, हाकिम नाथ, नैवत नाथ, पवन नाथ आदि मौजूद रहे।

# शैक्षिक गुणवत्ता पर आज होगी चर्चा

**कानपुर देहात:** सरवनखेड़ा बीआरसी से संबद्ध नौ न्याय पंचायतों में मंगलवार को संकुल बैठक होंगी, जिनमें स्कूलों की स्थिति व शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, इनकम टैक्स से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी लेने के बाद अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा होगी।

बीआरसी सरवनखेड़ा में 12 बजे खंड शिक्षा अधिकारी के साथ प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक होगी। इसमें सभी संबंधित न्याय पंचायत के स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना होगा। इसके बाद प्रत्येक न्याय पंचायत में संकुल बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक शाम तीन बजे से पांच तक होगी, जिसमें न्याय पंचायतवार शिक्षकों को प्रतिभाग करना होगा। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व निर्धारित एजेंडा के तहत मासिक संकुल बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### दूसरे मंदिर में स्थापित हुई नंदी की मूर्ति

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सरांय गांव के दो मंदिरों में तोड़फोड़ करने के साथ शिवलिंग को उखाड़कर खेत में फेंके जाने के मामले में सोमवार को दूसरे मंदिर में भी नंदी की भी प्राण प्रतिष्ठा पूरी करा ली गई। मिश्रित आबादी वाले सराय गांव के महाकालेश्वर मन्दिर व धर्मशाला में 25 तारीख को शरारती तत्वों ने तोड़ फोड़ की थी। इनमें एक मंदिर में शिवलिंग को उखाड़ कर खेत में फेंकने के साथ दूसरे मंदिर से नंदी की प्रतिमा को तोड़ दिया था।मंदिरों को तोड़ फोड़ की जानकारी पर बजरंग दल के जिला संयोजक गौरव शुक्ला के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था।पुलिस कई संधिग्धों को हिरासत में लेकर छान बीन शुरू की लेकिन कुछ हाथ न लगा।वही रविवार को एक मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हो गई थी।जबकि सोमवार को भी दूसरे मंदिर में पूजन पाठ सहित नंदी की स्थापना हो गई है।आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर ग्रामीणों में नाराजगी है।ग्रामीणों का कहना है मंदिर में पहले भी तोड़फोड़ हुई है।

रोजगार का प्रमाणपत्र पाकर खुश छात्र। अमृत विचार

### संदलपुर के मेले में 214 लोगों को मिला रोजगार

**कानपुर देहात।** कौशल विकास मिशन, आईटीआई एवं सेवायोजन की ओर से सोमवार को ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला संदलपुर में हुआ। शुभारम्भ सांसद प्रतिनिधि अरविन्द कठेरिया एवं ब्लाक प्रमुख राहुल तिवारी ने किया। मेले में एलजी इलेक्ट्रानिक्स, ब्राईट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रालि, राकन स्टील प्रालि, आरएम मैन पावर सर्विस समेत सात कम्पनियों ने साक्षात्कार लिया। कुल 512 अभ्यर्थियों में से 214 का चयन किया गया। मेले में बीडीओ देवेन्द्र कुमार वर्मा, नोडल प्रधानाचार्य राजकुमार, जिला कौशल प्रबन्धक प्रियंका सिंह चैहान आदि रहे।

जन पंचायत की बैठक करते समाजवादी पार्टी के नेता। अमृत विचार

### सपा ने पीडीए जन पंचायत बैठक में मांगा समर्थन

**रसूलाबाद।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अजनपुर में पीडीए जन पंचायत की बैठक की, जिसमें बिजली, पानी, सड़क व आवारा जानवर, किसान निधि, शिक्षा, वृद्धा पेंशन, राशन जैसी समस्याओं को लेकर चर्चा की। ग्रामीणों को पीडीए के साथ रहने का आह्वान किया। कहा गया कि सपा सरकार इन सुविधाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाएगी। जिन लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें दिलाया जाएगा। बैठक में फैजान खान, आरपी पाल, देवेंद्र सिंह, रज्जन यादव, सुनील यादव, रमेश चंद्र कटिहार, चंद्रपाल सिंह, रफी उल्लाह खान आदि उपस्थित रहे।

### छात्र रोजाना व्यायाम करें और तनाव कदापि न लें

**कानपुर देहात।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा का केंद्रीय विद्यालय में सीधा प्रसारण दिखाया गया। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य तनाव को सफलता में बदलना है। छात्रों को मुस्कुराहट के साथ परीक्षा में सफल होने में सक्षम बनाना है। उन्होंने आत्म विश्वास बढ़ाने के साथ निर्णायक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जब हमें खुद पर विश्वास होता है, तब हमारे लिए सही निर्णय एवं उचित कॅरियर का चुनाव करने में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम दैनिक क्रियाएं करते हैं, उसी तरह व्यायाम भी करना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एएच अंसारी भी मौजूद रहे।

**आह्वान** रसूलाबाद पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

# तोगड़िया ने हिन्दू एकता की दिलाई शपथ

संवाददाता, रसूलाबाद

सोमवार को रसूलाबाद में सभा को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया सोमवार को रसूलाबाद पहुंचे, जहां संगठन के कार्यकर्ताओं ने बैंडबाजों और फूलमालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कार्यकर्ताओं को हिंदू एकता की शपथ दिलाई और हर मंगलवार व शनिवार को गांव में मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण में जिन आठ करोड़ लोगों ने सवा रुपये का सहयोग किया, वे सभी राम भक्त धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जिन कारसेवकों ने राम मंदिर आंदोलन में बलिदान दिया, उनके हम सभी हिन्दू सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि सभी हिन्दू भाई अपने गांव के मंदिर में मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य कराएं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को हिन्दू एकता और एकजुट होने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सीओ देवेंद्र सिंह और कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस मौके पर अतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह सेंगर, राष्ट्रीय महामंत्री रामजी तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार, राष्ट्रीय महिला परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सुनील निधि अवस्थी, अमित तिवारी, अन्नू ठाकुर, अमित मिश्रा, अखिलेश रावत, निहाल अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# गोल्डन कार्ड बनाने में शिथिलता, डीएम खफा

संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आलोक सिंह व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद स्वास्थ्य समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में हुई। गोल्डन कार्ड की समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर डीएन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ को रोज समीक्षा कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी बिंदु समीक्षा के दौरान उठाया जाए, उसका अनुपालन आगामी बैठक से पूर्व जरूर कर लिया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए के शत प्रतिशत प्रसव संस्थागत कराया जाए। पुरुष नसबंदी, एनआरसी, वीएचएडी सत्र, जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व मृत्यु दर, सी सेक्शन डिलीवरी, फैमिली प्लानिंग, टीकाकरण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने हेल्थ वैलनेस सेंटरों की समीक्षा करते हुए कहा कि उन्हें शीघ्र संचालित कराए जाय, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 66 हेल्थ वेलनेस सेंटर तैयार हो गए है। उन्हें शीघ्र हस्तानांतरित कर दिया जाएगा। डीएम ने सीएमएस को निर्देश दिए कि एनआरसी में सभी सुविधाएं दुरुस्त कर ली जाएं और एनआरसी में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई करें। उन्होंने मातृत्व मृत्यु दर को कम करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग आपस में समन्वय बनाकर जोखिम पूर्ण प्रसव की पहचान कर समय से भर्ती कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ को जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों का पैसा शत प्रतिशत उनके खाते में भुगतान कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच की जाए।

# अधिवक्ता हित व सुविधाओं के लिए लड़ रहे चुनाव

**लायर्स चुनाव**

कानपुर। लायर्स एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए 61 उम्मीदवार मैदान में कूद पड़े हैं। हालांकि अभी चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन दावेदार वोटरों को रिझाने का कोई मौका नहीं चूक रहे हैं। कचहरी की गलियां नारों से गुलजार हो चुकी हैं। अधिवक्ताओं के खेमे अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने में जुटे हुए हैं। सोमवार को भी कचहरी चुनावी रंग में रंगी नजर आई। जिधर देखो उधर चुनावी चर्चाएं रहीं। अध्यक्ष पद के छह दावेदारों में से चार से अमृत विचार ने उनके चुनावी एजेंडे जाने। किन्हीं कारणोंवश दो प्रत्याशियों से संपर्क नहीं हो पाया।

प्रत्याशी शैलेंद्र दत्त त्रिपाठी वोट मांगते।

कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रत्याशी अमितेश कुमार सिंह के समर्थकों ने निकाली तिरंगा यात्रा।

संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के प्रत्याशी आशीष पांडेय वोट मांगते हुए। अमृत विचार

महामंत्री पद के प्रत्याशी सुनील कुमार पांडेय के लिए प्रचार करते समर्थक।

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट और पेंशन मुद्दा अहम होगा चुनाव में



लायर्स में ज्वाइंट सेकेट्ररी, सह पुस्तकालय मंत्री व बार एसोसिएशन में मंत्री, उपाध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जैसे पदों पर रह चुके लायर्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अरविंद कुमार दीक्षित ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद अधिवक्ताओं के हित के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट व पेंशन मुद्दे पर प्रयास करेंगे। हनुमान गढ़ी में अधिवक्ताओं के चेंबर बने हैं, जहां पर बिल्डिंग बननी है। इसके लिए न्यायिक अधिकारियों से बात कर दो खंड अधिवक्ताओं के लिए व तीन खंड न्यायिक अधिकारियों के लिए दिये जाने का कार्य किया जाएगा। गवाह घर में चेंबर व पार्किंग की लंबित पड़ी योजना पर न्यायिक अधिकारियों से बात की जाएगी।

### अधिवक्ताओं की मदद के लिए बनाएंगे क्लब, न्याय की लड़ाई लड़ेंगे

करीब 32 साल से प्रैक्टिशनर अधिवक्ता श्याम नारायण सिंह लायर्स चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। श्याम नारायण सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं की मदद के लिए रात 12 बजे भी खड़े होंगे। अधिवक्ताओं के न्याय हित की लड़ाई सर्वोपरि रहेगी। अधिवक्ताओं को आकस्मिक जरूरतों के लिए बार कांउसिल से मदद ली जाएगी। दो हजार लोगों का क्लब बनाया जाएगा जिससे किसी भी अधिवक्ता को जरूरत पड़ने पर उनकी मदद की जा सकेगी। कोर्ट में दबाव बनाया जाएगा कि अधिवक्ता खड़ा न हो, अभी हाल यह है कि कोर्ट में पुलिस बैठी रहती है और अधिवक्ता बाहर खड़े रहते हैं। अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए हर लड़ाई लड़ी जाएगी।

### जूनियर अधिवक्ताओं की समस्या दूर करेंगे, फंड दिलाने का होगा प्रयास

पहली बार अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे अधिवक्ता प्रवीन कुमार यादव ने बताया कि जूनियर अधिवक्ताओं को सरकार से फंड दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जूनियरों को शुरूआत में चेंबर, लाइब्रेरी, कचहरी में बैठने की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। अधिवक्ताओं के लिए लायर्स की ओर से ऐसा हॉल बनाया जाए, जिससे नए आने वाले अधिवक्ताओं को बैठने की व्यवस्था एक तय समय सीमा तक की जाए। पेशी के समय कोर्ट में भारी भरकम भीड़ होती है। पैरवी करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं को जगह तक नहीं मिलती। इसके लिए न्यायिक अधिकारियों से बात कर कोर्ट में अधिवक्ताओं के बैठने की सुविधा कराई जाएगी।

### हड़ताल न हो, यह रहेगी प्राथमिकता बार और लायर्स मिलकर काम करें

वर्ष 2010 में बार एसोसिएशन के महामंत्री पद पर रह चुके अधिवक्ता अनूप कुमार द्विवेदी 12 साल बाद लायर्स एसोसिएशन में अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे है। अनूप कुमार ने बताया कि अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों के बीच सामंजस्य स्थापित करना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही बार प्रयास रहेगा कि बार व लायर्स एसोसिएशन एक साथ मिलकर काम करें, जिससे समाज में अधिवक्ताओं के प्रति सही संदेश जाए। वकालत के पेशे में कहा गया है कि वादकारी का हित सर्वोपरि। हड़ताल से वादकारियों को ही सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कोशिश रहेगी कि कार्यकाल के दौरान एक भी हड़ताल न हो। कचहरी का वातावरण साफ सुथरा रखने का प्रयास किया जाएगा।

# 27.50 करोड़ रुपये से सुधरेंगी 77 जर्जर सड़कें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मार्च तक चमक जाएंगी जिले भर की सड़कें
- पीडब्ल्यूडी विभाग ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया
- 30 जनवरी से डाले जाएंगे सड़कों के टेंडर

**अमृत विचार।** जिले की जर्जर सड़कों के सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी ने टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। 30 जनवरी से छह फरवरी तक कार्यदायी संस्थाएं टेंडर प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। छह फरवरी को टेंडर खोले जाएंगे, टेक्निकल बिड में प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फाइनेंशिएल प्रक्रिया पूरी होते ही मार्च की शुरूआत में जिले की 77 सड़कों को चमकाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी ने दिसंबर माह में सड़कों का सर्वे करा 21.15 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया था। मॉल रोड सुधारने के लिए 6.35 करोड़ का बजट बनाकर मुख्यालय भेजा गया था।

जिले में पीडब्ल्यूडी की एमडीआर, ओडीआर व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहर के कई प्रमुख मार्ग जर्जर पड़े हुए हैं। जिलों में खस्ताहाल सड़कों को कागजों पर ही गड्ढामुक्त घोषित कर दिया गया था। प्रांतीय खंड की जिले में एमडीआर, ओडीआर व ग्रामीण क्षेत्रों की 99 किलोमीटर की 31 सड़कों की हालत खराब है, जिनमें अल्हूपुर से परास चौराहा रोड 15 किमी, रमईपुर साढ़-जहानाबाद रोड व नरवल करबिगवांपुर की करीब 12 किलोमीटर लंबी रोड खराब है। वहीं शहरी क्षेत्र में 9.9 किलोमीटर लंबी मॉल रोड दुर्दशाग्रस्त है। सड़कों के नवीनीकरण के लिए प्रांतीय खंड ने 21.15 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है। वहीं निर्माण खंड-दो की 46 किलोमीटर की करीब 20 सड़कों के नवीनीकरण का समय पूरा हो गया है। नवीनीकरण कराने के लिए निर्माण खंड-दो ने 6.50 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया था। मुख्यालय से हरी झंडी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़कों के नवीनीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। 30 जनवरी से छह फरवरी तक विभाग ने कार्यदायी संस्थाओं से टेंडर मांगे हैं।

> प्रांतीय खंड व निर्माण खंड-दो से कुल 145 किलोमीटर लंबी सड़कों के नवीनीकरण के लिए 27.50 करोड़ रुपये का एस्टीमेट भेजा गया था। मुख्यालय से एमडीआर, ओडीआर व ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का नवीनीकरण कराने की अनुमति मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। कार्यदायी संस्था का चयन होने के बाद मार्च माह की शुरूआत में सड़कों के नवीनीकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> **संजीव भारद्वाज**, मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी

# तीन पर हत्या और षडयंत्र रचने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षक की दम घुटने से हुई मौत, सांस नली में मिला कार्बन
- पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता संजीव कुमार को भेजा जेल
- शिक्षक की पत्नी और उसका प्रेमी भी पुलिस हिरासत में

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र के गोपालपुर पतरसा में रविवार को शिक्षक दयाराम की जिंदा जलाकर हत्या के मामले में छोटे भाई अनुज की तहरीर पर पुलिस ने देर रात अधिवक्ता संजीव, पत्नी के प्रेमी पवन, शिक्षक की पत्नी संगीता के खिलाफ हत्या और षडयंत्र रचने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दयाराम।

घटना की जानकारी देता भाई अनुज व अन्य परिजन। अमृत विचार

शिक्षक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। उनकी सांस नली में काफी कार्बन मिला है। पुलिस ने एक आरोपी अधिवक्ता संजीव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने दयाराम की पत्नी संगीता और उसके प्रेमी ढाबा संचालक पवन को भी हिरासत में लिया है।

डीसीपी पश्चिमी विजय ढुल के अनुसार पूछताछ में संजीव ने बताया कि दयाराम के अवैध संबंध उसकी पत्नी निशा से थे। वह कई बार दयाराम को समझा चुका था लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। इसलिए उसने समझौता कराने के नाम पर दयाराम को बुलाया और इसके बाद घटना को अंजाम दे दिया। संजीव ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी निशा और दयाराम से बहुत ज्यादा परेशान था। वह कई बार दोनों को रंगे हाथ पकड़ चुका था। दयाराम को निशा से न मिलने के लिए चेतावनी दे चुका था लेकिन दोनों नहीं मान रहे थे।

पुलिस के अनुसार अब तक की विवेचना में केवल संजीव के अकेले ही अपराध का करना पाया जा रहा है। उसने अपराध को स्वीकार भी किया है। हत्या की वजह निशा और दयाराम के अवैध संबंध बताए हैं। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए हैं। अन्य आरोपियों से पूछताछ जारी है। जल्द ही पूरी वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### फोन से उलझी पुलिस

मौत से पहले दयाराम को भाई अनुज को फोन करना और बचाने की गुहार लगाने के दौरान ये बताना कि उसे जलाने में पत्नी संगीता और उसके प्रेमी पवन का भी हाथ है, इस रिकॉर्डिंग ने पुलिस के लिए परेशानी पैदा कर दी है। पुलिस के अनुसार अनुज ने अपने बयान में कहा कि उसके भाई ने मौत से पहले उसे फोन करके बताया था कि संजीव ने उसे कमरे में बंद करके आग लगा दी है। ये भी बताया है कि दयाराम के अपनी पत्नी से संबंध खराब थे।

# रिटायर सूबेदार को ट्रक ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रामादेवी फ्लाईओवर पर हुआ हादसा, मौत

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में सड़क पार कर रहे सेवानिवृत्त सूबेदार को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें निजी अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जाजमऊ के कैलाश नगर के रहने वाले 62 वर्षीय विष्णु कुमार त्रिपाठी आर्मी से सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हुए थे। परिजनों ने बताया कि वह चकेरी के रामादेवी फ्लाईओवर पर सड़क क्रास कर रहे थे, इसी दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने ट्रक को रुकवा लिया। चालक भाग गया। परिजन उन्हें लेकर एयरफोर्स अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें सर्वोदय नगर के अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

# पत्नी के दूसरी शादी करने पर युवक ने दी जान

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में बनिया बाजार के रहने वाले 40 वर्षीय रामदास गौतम ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसकी बहन चंदा देवी ने बताया वह ई-रिक्शा चलाकर अपना पेट भरता था। बताया कि 2007 में उसकी शादी ललिता से हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ महीने के बाद ही वह भाई को छोड़कर चली गई और दूसरे से शादी कर ली। पत्नी के चले जाने पर वह लगातार अवसाद में रहने लगा था। आरोप है कि इसके बाद ललिता ने भाई पर दहेज का फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया। इसके बाद उसने घर के आंगन में संदिग्ध परिस्थितियों में बैठकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# भाजपा के 10 लोकसभा क्षेत्रों के सह प्रभारी व सह संयोजक घोषित

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर लोकसभा के सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी व सह संयोजक बने कौशल किशोर

**अमृत विचार।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। भाजपा ने सोमवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 10 लोकसभा क्षेत्रों के सह प्रभारी व सह संयोजकों की घोषणा कर दी।

लोकसभा चुनाव से पहले अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कानपुर लोकसभा का सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी को बनाया है वहीं सह संयोजक पद की जिम्मेदारी कौशल किशोर दीक्षित को दी है।

भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि पार्टी ने अकबरपुर लोकसभा सह प्रभारी डॉ. देवशीष पटेल, फर्रुखाबाद लोकसभा से सह प्रभारी डॉ. सर्वेश कठेरिया, सह संयोजक अमर सिंह खटिक को बनाया गया है। इसी तरह कन्नौज लोकसभा से सह प्रभारी जय प्रकाश कुशवाहा, सह संयोजक प्रवीण टंडन को बनाया गया है। इटावा लोकसभा सुरक्षित से सह प्रभारी बाबा बालकदास पाल को बनाया गया है। वहीं, सह संयोजक पद पर मुकेश यादव को जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह झांसी लोकसभा का सह प्रभारी मनोज राजपूत और सह संयोजक प्रदीप चौबे को बनाया है। इसी तरह जालौन लोकसभा सुरक्षित से सह प्रभारी शिव नारायण सोनकर, सह संयोजक उद्दयन पालीवाल, बांदा लोकसभा से सह प्रभारी मनोज शुक्ला, सह संयोजक शिव शंकर सिंह, हमीरपुर लोकसभा से सह प्रभारी डॉ. वीके साहू, सह संयोजक मनोज गुप्ता और फतेहपुर लोकसभा सीट से सह प्रभारी सिद्ध गोपाल अहिरवार, सहसंयोजक सुधांशु श्रीवास्तव को बनाया गया।

**मेट्रो की चाल** | बारादेवी से नौबस्ता तक लगाई गईं 1153 पाइल्स

# एलिवेटेड सेक्शन की पाइलिंग का कार्य पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने बारादेवी से नौबस्ता के बीच बन रहे करीब 5 किमी. लंबे एलिवेटेड सेक्शन के पाइलिंग का काम पूरा कर लिया है। सोमवार को यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों ने बौद्ध नगर के पास पाइलिंग का काम पूरा किया और इसी के साथ कॉरिडोर-1 के अब बारादेवी नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन की सभी 1153 पाइलिंग का काम पूरा कर लिया है।

**क्या होती है पाइलिंग:** पाइलिंग का मतलब जमीन के अंदर खोदाई करके उसके नीचे लोहे की जाल लगाने से है। इसे मेट्रो कॉरिडोर की नींव भी कह सकते हैं। आमतौर पर 3-6 पाइलों के समूह पर एक पाइल कैप तैयार किया जाता है और फिर पाइल कैप्स को आधार बनाकर मेट्रो कॉरिडोर के पिलर्स खड़े किए जाते हैं। बारादेवी से नौबस्ता के बीच मेट्रो का काम तेज चल रहा है।

मेट्रो का काम जोरों पर है। अमृत विचार

### 17 महीने में पूरा किया गया काम

यूपीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार ने कहा कि इस सेक्शन के लिए सभी 1153 पाइलिंग पूरी कर ली और जल्द ही सभी पाइल कैप्स की कास्टिंग का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। बारादेवी नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में निर्माण 8 अगस्त 2022 से हुआ था और इस सेक्शन में 27 दिसंबर 2022 को पहला पियर कैप रखा गया था। 21 जनवरी 2023 को इस सेक्शन का पहला यू-गर्डर रखा गया था।

# बादलों के साथ निकली धूप ने दी सर्दी से राहत

## सर्द हवाओं ने लोगों को दिलाया सर्दी का एहसास

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बीते तीन दिन से निकल रही धूप से लोगों को सर्दी में कुछ राहत मिली है। हालांकि साथ में बादलों के आवाजाही से बारिश की आशंका भी बढ़ गई है। सोमवार को सुबह से ही सूरज निकलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है, लेकिन दोपहर होने तक बादलों की आवाजाही से धूप कमजोर पड़ी और सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान किया।

रविवार को दिन भर रही तेज धूप के बाद सोमवार सुबह की शुरुआत धूप निकलने से हुई तो लोग कामकाज के लिये घरों से निकल पड़े। वहीं दोपहर 12 बजे तक ही आसमान पर बादलों का आवागमन शुरू हो जाने से धूप कमजोर हो गई और सर्द हवा के झोंकों से जैकेट आदि उतार चुके लोगों को सर्दी महसूस होने लगी। हालांकि कई हिस्सों में लोग धूप का आनंद भी लेते नजर आये। अस्पतालों के वार्डों में सर्दी से जूझ रहे मरीज व तीमारदार भी धूप में बैठकर राहत पाते देखे गये।

वहीं धूप निकलने और सर्दी का असर कम होने से बाजारों में भी रौनक नजर आने लगी। हालांकि आसमान पर बादलों की आवाजाही से लोग बारिश को लेकर चिंतित नजर आये। बारिश हुई तो एक बार फिर से लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ सकता है।

गुनगुनी धूप में पार्क में खेलते बच्चे। अमृत विचार

### उदास होने लगा ऊनी कपड़ों का बाजार

बीते एक महीने से कड़ाके की सर्दी के कारण ऊनी कपड़ों का बाजार गर्म चल रहा था। खरीदारों की भीड़ से ऊनी कपड़ों के विक्रेताओं को खासा मुनाफा हो रहा था, लेकिन लगातार तीसरे दिन की धूप के बाद अब ऊनी कपड़ों का बाजार ठंडा होता नजर आ रहा है। दुकानदारों की मानें तो अब ज्यादा ऊनी कपड़े बिकने की उम्मीद नहीं है अगर बारिश हुई तो कुछ दिन और ऊनी कपड़ों बिक्री हो सकती है।

### फसलों को लेकर किसान चिंतित

मौसम विभाग की ओर से भी फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश की संभावना जताये जाने से किसानों में चिंता है। इस वक्त काफी संख्या में किसान आलू की खुदाई कर रहे हैं, जबकि कोहरे से खराब हो रही लाही और सरसों आदि की फसलों पर भी बारिश प्रतिकूल असर डाल सकती है। इससे किसानों में चिंता व्याप्त है। हालांकि गेहूं की फसल के लिए बारिश फायदेमंद हो सकती है।

## भीषण सर्दी से मधुमेह के मरीजों की बढ़ी दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- डायबिटीज संबंधी बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंच रहे अस्पताल
- कड़ाके की सर्दी में शारीरिक गतिविधि कम होने से बढ़ रहीं लोगों की दिक्कतें

**अमृत विचार।** कड़ाके की सर्दी मधुमेह रोगियों के लिए आफत का सबब बनी हुई है। सर्दी में ब्लड शुगर का स्तर असामान्य ढंग से अनियंत्रित होता है। ऐसे में इनके मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डायबिटीज संबंधी बीमारियों से ग्रसित 20 से 40 मरीज रोजाना जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

कड़ाके की सर्दी के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। इसका असर अब उनकी सेहत पर भी पड़ने लगा है। व्यायाम और शारीरिक गतिविधि कम होने से शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ने लगता है। किसी भी प्रकार की एक्टिविटी न होने पर खाना खाने के बाद ब्लड शुगर के स्तर में तेजी से उतार चढ़ाव होता है। इंसुलिन एक हार्मोन है जो भोजन के कार्बोहाइड्रेट अंश को पाचन के बाद ग्लूकोज का निर्माण करता है। इसके बाद आंत से अवशोषित होकर ग्लूकोज रक्त के जरिए शरीर के सभी हिस्सों में पहुंचता है। वहीं इंसुलिन प्रतिरोध होने पर कोशिकाएं इस ग्लूकोज को अवशोषित नहीं कर पाती और रक्त में शुगर का स्तर बढ़ जाता है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से मरीजों की जान पर बन आती है। डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि सर्दी में शरीर पर दबाव बढ़ता है। इसके चलते शरीर ऊर्जा बढ़ाने के लिए कार्टिसोल हार्मोन का निर्माण करता है। यह हार्मोन इंसुलिन को कम करता है और शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ता है।

जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### डॉक्टर की सलाह

- सादा पौष्टिक भोजन करें, भारी खाने से परहेज रखें
- शारीरिक गतिविधि करते रहें इससे शरीर गर्म रहेगा
- सर्दी से बचाव के लिए लेयर में कपड़े पहनें
- गर्म पेय पदार्थों का सेवन करते रहें
- डायबिटीज की दवा लेते रहें
- ब्लड शुगर स्तर अनियंत्रित होने पर खुद डोज न बदलें

## सार-संक्षेप

एसओ व राजस्व कर्मियों के साथ बैठक करते एसडीएम। अमृत विचार

### पाबंद किए जाएंगे चिह्नित व्यक्ति

**फतेहपुर।** बिंदकी तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों व पुलिस प्रशासन के साथ बैठक की और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत चिह्नित व्यक्तियों को धारा 107,116 सीआरपीसी के अन्तर्गत पाबंद किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में बिंदकी व जाफरगंज सीओ सर्किल के थानाध्यक्षों द्वारा उपलब्ध कराये गये क्रिटिकल एवं वरनेवुल बूथों की बूथवार गहनता से समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि क्रिटिकल एवं वरनेवुल बूथों का पुनः सत्यापन कर लिया जाय। इन बूथों की अक्षांश देशांतर के साथ साथ तहसील मुख्यालय एवं सम्बन्धित थाना से दूरी का भी अंकित किया जाय। यह भी निर्देश दिये गये कि क्रिटिकल एवं वरनेवुल का स्पष्ट कारण जैसे पूर्व में उक्त बूथ पर कोई घटना घटित हुई हो, मिश्रित आबादी, राजनैतिक प्रतिद्वंदता, पूर्व चुनाव में एक की पार्टी के पक्ष में 90 प्रतिशत से अधिक मत पड़ा हो आदि का उल्लेख किया जाय। इस मौके पर सीओ बिंदकी सुशील कुमार दुबे व जाफरगंज डीएसपी भी रहे।

### ई-रिक्शा से कूदने पर बच्चे की हुई मौत

**फतेहपुर।** ई-रिक्शे में खेल रहा एक बच्चा हादसे का शिकार हो गया। रविवार की शाम खड़े ई-रिक्शा की चाबी बच्चे ने घुमा दी। घबराकर बच्चा ई-रिक्शे से कूद गया जिससे ई-रिक्शा बच्चे के ऊपर ही पलट गया। हादसे में बच्चे की मौत हो गई। सदर कोतवाली के आवास विकास कालोनी के रहने वाले सुरेश तिवारी शिक्षक हैं। इनका बड़ा बेटा कृष्णा (7) रविवार शाम को पड़ोसी के चाबी लगे खड़े ई रिक्शे पर खेल रहा था। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा में चाबी कृष्णा ने घुमा दी और एक्सीलेटर पर हाथ रख दिया। जिससे ई-रिक्शा तेज रफ्तार में भागा। घबराहट में कृष्णा ई-रिक्शा से कूद गया। रिक्शा भी कृष्णा के ऊपर पलट गया, जिससे वह रिक्शे के नीचे ही दब गया। हादसा देखकर परिजन दौड़कर पहुंचे और गंभीर हालत में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# दुकानों व ठेलों पर जल रहे घरेलू गैस सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** खान पान के होटलों, दुकानों व खोमचों पर रसोई गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। कहने को शासन से सख्ती से रोक लगाए जाने के निर्देश है, पर विभाग पूरी तरह से मौन धारण किए हुए है। इससे मुख्य बाजार हो या फिर गली मोहल्ले, सभी जगह घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है, इससे शासन के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यापार में उपयोग कर रहा है तो यह नियम विरुद्ध है।

शहर में खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर घर में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को दुकानदार और चाय नाश्ता ठेले और कई नाश्ता दुकान वाले अपने व्यापार के लिए उपयोग कर रहे हैं। शहर के करीब-करीब हर मार्ग के किनारे ठेलों व खोमचों में सबसे ज्यादा हालात खराब है। वहां पर जितनी भी दुकानें लगी हैं, उनमें ज्यादातर पर घरेलू गैस सिलेंडर इस्तेमाल किए जा रहे हैं। कई ठेले वालों ने और दुकानदारों ने अपने नाम पर व्यावसायिक सिलेंडरों का रजिस्ट्रेशन तो करा रखा है लेकिन ये सिलेंडर मंहगा पड़ने की वजह से सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग वह खुलेआम अपनी दुकानों पर कर रहे हैं।

खान पान की दुकान में घरेलू सिलेंडर का होता प्रयोग। अमृत विचार

- नियम के विरुद्ध हो रहा सिलेंडरों का प्रयोग
- रोड किनारे ठेले खोमचे व होटलों में हो रहा प्रयोग

> अगर कोई व्यक्ति व्यापार करने के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहा है। तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –अभय सिंह, पूर्ति निरीक्षक

**एक हजार से अधिक दुकानें:** शहर की बात करें तो नाश्ते और मिठाई के ठेले और दुकानें मिलाकर एक हजार से अधिक दुकानें लगती हैं। जिसमें कुछ ही दुकानदार व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। बाकी ज्यादातर गुमटी और ठेले दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं।

## डीप बोरिंग वालों को कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला भूगर्भ जल प्रबधंन परिषद की अध्यक्ष सी. इंदुमती ने बताया कि उत्तर प्रदेश भू-गर्भ जल निर्देशों के परिपालन में अधिनियम के सापेक्ष प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण के लिए ऑनलाइन वेब पोर्टल विकसित किया गया है। जिसके अन्तर्गत वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक एवं सामूहिक संस्था, जिनके द्वारा भूगर्भ जल का उपयोग किया जा रहा है, उन्हें अधिनियम के तहत एनओसी, रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसका उल्लंघन किये जाने पर अधिनियम के अनुसार दण्डनीय कार्यवाही किये जाने का प्राविधान है। बताया कि अधिनियम में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक एवं सामूहिक भूगर्भ जल उपयोक्ता भूगर्भ जल पोर्टल में अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकरण करा लें।

# बोरिंग को लेकर दो गांवों के बीच फंसा पेच

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों ने किया हंगामा
- जलजीवन मिशन के तहत नलकूप की होनी है बोरिंग

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत गढ़ीवा मझिगवां में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी के लिए बोरिंग की जा रही थी। आधी अधूरी बोरिंग के बाद ठेकेदार मशीन लेकर जाने लगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे को बढ़ता देख बोरिंग मैकेनिक मशीन छोड़कर भाग खड़े हुए।

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत गढ़ीवा-मझिगवां में पानी की टंकी का निर्माण होना है। जिससे गढ़ीवा, मझिगवां, सेधरी, बिकौरा, जालंधरपुर, नेवाजपुर, गुरुवल गांव में पानी की सप्लाई होनी है। जिसके लिए जगह चिह्नित कर बोरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया। रविवार की सुबह ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत गुरुवल में बोर करने की बात कह मशीन लेकर चलने लगा। ठेकेदार के इस रवैए की बात सुन मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई और हंगामा शुरू कर दिया। । हंगामें को बढ़ता देख बोरिंग मैकेनिक मशीन छोड़ भाग खड़े हुए। दरअसल बोरिंग का मामला दो ग्राम पंचायतों के बीच फंस गया है। गढ़ीवा मझिगवां ग्राम पंचायत के लोगों का कहना था कि जिम्मेदारों द्वारा हमारी ग्राम पंचायत में बोरिंग के लिए जगह चिह्नित की गई है। लेकिन अब ठेकेदार दबाव में आकर बिना किसी कारण के ग्राम पंचायत गुरुवल में बोरिंग करने जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत गुरुवल के लोगों का कहना था कि गढ़ीवा मझिगवां में बोरिंग होने से हमारी ग्राम पंचायत बड़ी होने से पानी की सप्लाई में समस्या होगी। इसलिए पानी टंकी का निर्माण हमारे ग्राम पंचायत में होना चाहिए। इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात करते रहे।

बोरिंग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### क्या बोले ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत गढ़ीवा मझिगवां के प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह ने बताया कि पानी टंकी के निर्माण के लिए हमारी ग्राम पंचायत के लिए प्रस्ताव था। जगह चिह्नित कर बोरिंग भी शुरू कर दी गई। अब दबाव में आकर ठेकेदार बिना किसी कारण के बोरिंग बंद कर मशीन लेकर ग्राम पंचायत में बोरिंग करने की बात कह रहा है। वहीं ग्राम पंचायत गुरुवल के प्रधान प्रतिनिधि चंद्रमोहन निषाद ने बताया कि इसी टंकी से हमारी ग्राम पंचायत में भी पानी की सप्लाई होनी है। हमारी बड़ी ग्राम पंचायत है, जिससे पानी सप्लाई में समस्या होगी। इसलिए इस टंकी का निर्माण हमारी ग्राम पंचायत में होना चाहिए।

# सीआरपीएफ महिला सिपाही से हड़पे चार लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सीआरपीएफ महिला सिपाही से उसी के एक रिश्तेदार ने जमीन बेचने का झांसा देकर चार लाख रुपये हड़प लिए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के आधारपुर निवासी दीपा देवी सीआरपीएफ में सिपाही है। वह पश्चिम बंगाल में तैनात है। उसने बताया कि थरियांव थाने के रसूलपुर भभैचा निवासी कपिल सिंह रिश्तेदार है। उसने जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा था। उसने आठ फरवरी 2021 को चार लाख रुपये कपिल के खाते में आरटीजीएस कर दिया। रुपये देने के बाद कपिल जमीन के बैनामे को टरकाने लगा। कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर आई और वह कपिल के घर पहुंची। उसने मिलने से मना कर दिया तो उसने थरियांव थाने में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उसने अपनी शिकायत एसपी से की तो एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

## पत्नी की हत्या कराने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** ललौली थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि 20 जनवरी को थाना क्षेत्र के बस्तापुर सड़क किनारे निर्माणाधीन मकान के सीवर टैंक से एक 25 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को जेल भेजा था। पति ननकू ने सऊदी में बैठ कर पत्नी की हत्या की साजिश रची थी। आरोपी ननकू ने छोटू को 18 हजार पांच सौ रुपया भेजा था। पुलिस ने रविवार की रात लदिगवां के पास से आरोपी पति ननकू ऊर्फ सूरज को गिरफ्तार कर लिया।

# सरकारी जमीन पर निर्माण करा रहा शिक्षक, सीएम से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- रोड साइड लैंड कंट्रोल एक्ट का हो रहा खुला उल्लंघन
- शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में की शिकायत

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार भले ही भू-माफियाओं पर सख्त रुख अपनाकर सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करा रही हो, लेकिन जिले में हालात इससे जुदा ही है। यहां पर एक प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक ही सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करा कर सरकार के ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को खुलेआम चुनौती दे रहा है। ग्रामीण अनिल कुमार सिंह ने मामले की शिकायत डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक की है।

रोड साइड लैंड पर कराया जा रहा अवैध निर्माण। अमृत विचार

सदर कोतवाली क्षेत्र के नउवाबाग मोहल्ला निवासी अनिल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मोहल्ला निवासी अनिल गुप्ता पेशे से प्राइमरी स्कूल में अध्यापक है। बताया जा रहा है कि, शिक्षक दबंग हैं और इसके भय से लोगों में दहशत रहती है। शिक्षक बहुआ-हिनौता राज्य सड़क मार्ग 170 के किनारे रोड साइड लैंड कंट्रोल एक्ट का सरेआम उल्लंघन कर अवैध तरीके से मकान का निर्माण कार्य करा रहा है। ग्रामीण अनिल सिंह ने सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के लिए पूर्व में डीएम से भी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर शिकायतकर्ता ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देते हुए दंबंग भूमाफिया से भूमि को मुक्त कराकर सरकारी संपत्ति को सुरक्षित किए जाने की मांग की है।

> विभागीय अमीन, सर्वेयर को भेजकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। मामले में जल्द ही पैमाइश कराकर रोड एक्ट नियम का उल्लंघन पाए जाने पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया जाएगा।
>
> –अनिल कुमार सील, अधिशाषी अभियंता- प्रांतीय लोक निर्माण खंड

सबको शिक्षा | इस बार तीन के बजाए चार चरणों में संपन्न होगी आवेदन की प्रक्रिया

# आरटीई के तहत पहले चरण के आवेदन शुरू




कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**आरटीई का दूसरा चरण**
आवेदन : 1 मार्च से 30 मार्च
सत्यापन : 7 अप्रैल तक
लॉटरी प्रक्रिया : 8 अप्रैल तक
प्रवेश प्रक्रिया : 17 अप्रैल तक

**आरटीई का तीसरा चरण**
आवेदन : 15 अप्रैल से 8 मई तक
सत्यापन : 9 मई से 15 मई तक
लॉटरी प्रक्रिया : 16 मई तक
प्रवेश प्रक्रिया : 23 मई तक

**आरटीई का चौथा चरण**
आवेदन : 1 जून से 20 जून तक
सत्यापन : 21 जून से 27 जून तक
लॉटरी प्रक्रिया : 28 जून तक
प्रवेश प्रक्रिया : 7 जुलाई तक

### सभी एबीएसए की भी जिम्मेदारी तय

आरटीई के तहत चयनित सभी बच्चों को निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश मिल सके, इसके लिए सभी खंड शिक्षाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। जो जिले के तहत आने वाले सभी ब्लाकों में शत प्रतिशत बच्चों को प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभायेंगे।

> आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश दिलाने के लिए सभी बीईओ को दिशा निर्देश जारी करते हुए इसका प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया है। जिससे पात्र बच्चे योजना का लाभ उठा सकें।
>
> –पंकज यादव, बीएसए

- निजी विद्यालयों में गरीब बच्चों को शिक्षा दिलाने की कवायद
- लाटरी के माध्यम से बच्चों का किया जाएगा चयन

**अमृत विचार।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक एवं पूर्व प्राथमिक कक्षा में ऑनलाइन एवं लॉटरी के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

ऑनलाइन आवेदन चार चरण में संपादित होगी, प्रथम चरण में अभिभावकों द्वारा पोर्टल पर आवेदन करने की अवधि 20 जनवरी से 18 फरवरी तक है, इस अवधि में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 19 फरवरी से 25 फरवरी तक की जाएगी तथा लॉटरी 28 फरवरी को निकाली जाएगी, विद्यालय में प्रवेश करने की अंतिम तिथि 6 मार्च निर्धारित होगी।

**25 फीसदी प्रवेश अनिवार्य :** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सहायता प्राप्त विद्यालय में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक एवं पूर्व प्राथमिक कक्षा में 25 प्रतिशत प्रवेश दिया जाना अनिवार्य है। जिसकी जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग पर होती है।

## ऑटो गैरेज में खड़ी दो कारों से पहिए व सामान चोरी

**थरियांव।** ऑटो गैरेज में खड़ी दो कारों के पहिए समेत अन्य कीमती सामान चोर खोल ले गए। सुबह हुई घटना की जानकारी पर पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा निवासी कार्तिकेय थरियांव कस्बे स्थित पावर हाउस के पास ऑटो गैरेज खोल रखा है। उसने बताया कि गैरेज में ठीक होने के लिए दो कार खड़ी थीं। शाम को वह गैरेज बंद कर घर चला गया था। सुबह जब घर से अपनी दुकान पहुंचा तो देखा कि दोनों कार जो दुकान के बाहर बनने के लिए खड़ी थी। एक कार से पहिया सहित अन्य सामान चोर ले गए। वही दूसरी कार से डीजल व डीजल पाइप व एक पहिया सहित अन्य समान चोरी हो चुका था। मामले में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है।

# हर बच्चे को खिलाई जाएगी एलबेंडाजोल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- एक फरवरी से चलेगा अभियान, कई विभागों ने कसी कमर
- छोटे बच्चों को पीस कर खिलाई जाएगी दवा तैयारियां पूरी

**अमृत विचार।** जिले में पहली फरवरी से कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। दो चरणों में 01 से 19 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज विभाग की मदद ली जाएगी। अभियान की सफ़लता के लिए समस्त ब्लॉक में अध्यापक एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से एक वर्ष से छह वर्ष तक के बच्चों को दवा दी जाएगी।

शिक्षकों के द्वारा स्कूलों में छह से 19 वर्ष तक के किशोरों को दवा खिलाई जायेगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत हर वर्ष दो बार पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाती है। पेट में कीड़े होने के चलते बच्चे और किशोरों में खून की कमी हो जाती है, दरअसल कीड़े पूरा पोषण खा जाते हैं और बच्चे कुपोषण का शिकार होने से एनीमिया के शिकार हो जाते हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत एक से छह वर्ष तक के बच्चों और छह से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों और घुमंतु व ईंट भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। छह से 19 वर्ष तक के स्कूल जाने वाले बच्चों को शिक्षकों के माध्यम से पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाएगी।

### छूटे बच्चों को भी खिलाई जाएगी दवा

एक फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर जो बच्चे किसी कारणवश गोली खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 05 फरवरी को मॉपअप राउंड आयोजित कर एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस बार सभी बच्चों को दवा खिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

### छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जाएगी

स्वास्थ्य विभाग की मानें तो एक से दो वर्ष तक के बच्चों को 200 मिग्रा, यानि आधी गोली व दो से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को 400 मिग्रा, यानि पूरी गोली खिलाई जानी है। छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है जबकि बड़े बच्चे इसे चबाकर खा सकेंगे। किसी भी बच्चे या परिजन को बाद में खाने के लिए नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्दी, खांसी, बुखार व सांस लेने में तकलीफ होने पर दवा नहीं दी जाएगी।

# पुलिस प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक ने लगाई फांसी

## रामरतन हत्याकांड में थरियांव पुलिस लाई थी थाने, एसपी से मिलकर परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

संवाददाता थरियांव, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ढाई माह पूर्व हुई किसान की हत्या के मामले में एक युवक को पुलिस ने इतना प्रताड़ित किया कि परेशान युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले में परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वहीं युवक ने खुदकुशी से पहले एक वीडियो भी बनाया है, जिसमें वह अपनी मौत का जिम्मेदार पुलिस को बता रहा है।

रामरूप लोधी।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी रामरूप लोधी (20) पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। उसके पिता अनोखे लाल ने बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में ढाई माह पूर्व रामरतन रैदास की हत्या हो गई थी। उसी मामले में थरियांव पुलिस ने पूछताछ के लिए बेटे को 27 जनवरी को थाने ले गई थी। आरोप लगाया कि दिनभर पुलिस बेटे से हत्या के मामले में जबरन जुर्म कुबूल करने का दबाव बनाती रही और बेटे की पिटाई कर प्रताड़ित भी किया। पुलिस प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर बेटे ने रविवार की रात गांव के बाहर नीम के पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया कि खुदकुशी करने से पहले बेटे ने अपने मोबाइल फोन में एक वीडियो बनाया है। जिसमें वह पुलिस प्रताड़ना की पूरी दास्तां बयां कर रहा है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह को शिकायती पत्र देकर पुलिस पर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक को जांच सौंपी गई है। उधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

- युवक ने खुदकुशी से पहले एक वीडियो भी बनाया है, जिसमें पुलिस को बताया जिम्मेदार

### घरेलू कलह के चलते युवती ने लगाई फांसी

**संवाददाता जाफरगंज।** घरेलू कलह के चलते एक युवती ने सोमवार को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के दलेलखेड़ा गांव निवासी रिजवान की 18 वर्षीय पुत्री गौसिया ने सोमवार को छत में दुपट्टे के सहारे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर तक जब युवती नहीं दिखाई पड़ी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। मकान की ऊपरी मंजिल में गए तो परिजन वहां का नजारा देख सन्न रह गए। युवती का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। युवती के मामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिया भेजा है। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएगी।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी का किया प्रयास

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम गांव में सोमवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। समय पर हुई जानकारी पर परिजनों ने उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां पर उसका इलाज जारी है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम गांव निवासी धीरेंद्र कुमार सोनकर की पत्नी गीता देवी ने सोमवार की सुबह करीब सात बजे घर के अंदर उस समय फांसी लगा लिया जब घर के सभी लोग कार्यों में व्यस्त थे। तभी किसी की नजर फांसी पर लटकी गीता पर पड़ गई और उसे तत्काल फंदे से उतारकर सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज करा रहे भाई धर्मेंद्र निवासी जोनिहां थाना बिंदकी ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसकी बहन को पैसे व अन्य दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। ससुरालीजनों के तानों से तंग आकर उसकी बहन ने घटना को अंजाम दिया है।

# राज्यपाल के आगमन पर दौड़ती रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का सोमवार को लखनऊ से बांदा जाने का कार्यक्रम था। जिले से होकर गुजरने वाली महामहिम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारी चाकचौबंद दिखे। सुबह से ही पुलिस के वाहन सायरन बजाते हुए सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल करते नजर आए।

बांदा के कृषि विश्व विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को प्रतिभाग करने जाना था। सोमवार को कार द्वारा जिला मुख्यालय से होते बांदा जाने के वाले बांदा-सागर मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद रहे। सुबह करीब 11 बजे के आसपास महामहिम का काफिला जब गुजर गया तो अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

राज्यपाल के गुजरने के दौरान बांदा रोड पर लगा जाम। अमृत विचार

### हटाए गए सड़कों से ब्रेकर

बांदा मार्ग में कई स्थानों में ब्रेकर बने हुए थे। राज्यपाल के वाहन को गुजरने में कोई व्यवधान न आए इसके लिए अफसर एक दिन पूर्व ही रविवार की रात कई स्थानों के ब्रेकरों को ध्वस्त कराकर रोड को समतल कराया।

### प्रभावित हुआ यातायात

राज्यपाल के काफिले को लेकर कई मार्गो का रूट डायवर्जन भी किया गया। शहर के राधानगर चौराहे में वाहनों को रोक देने से जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को घंटों जूझना पड़ा। काफिला निकल जाने के बाद यातायात बहाल हो सका।

### नहीं मिल पाए भाजपाई

राज्यपाल से मिलने और उनका स्वागत करने के लिए कई स्थानों में भाजपाई डेरा जमाए रहे लेकिन कहीं भी उनका रुकना नहीं हुआ तो भाजपाई निराश दिखे। इनका कहना रहा कि राज्यपाल के मुख्यालय होकर बांदा जाते समय स्वागत करना चाह रहे थे।

# मेडिकल कॉलेज में मार्च से शुरू होगी ओपीडी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- करोड़ों की लागत से कार्यों का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास
- केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद ने जिले में विकास कार्यों का किया बखान

**अमृत विचार।** जिले की सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग परिसर में सांसद निधि से कराए गए करोड़ों की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

सांसद निधि से निर्मित 3 करोड़ 12 हजार की लागत 25 सीसी रोड, 2 करोड़ 38 लाख 1 हजार की लागत से 17 सामुदायिक मिलन केन्द्र का लोकार्पण किया। वहीं 2 करोड़ 82 लाख 62 हजार की लागत से 26 सीसी रोड व 4 करोड़ 49 लाख की लागत से 33 सामुदायिक मिलन केन्द्र का शिलान्यास भी किया गया। इसके अलावा नगर निकाय क्षेत्र में जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा निर्मित होने वाली 1 करोड़ 98 लाख 88 हजार की लागत से 9 सीसी रोड का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग व टीम भावना से काम करने के कारण सारे कार्य सार्थक हुये हैं।

विकास कार्यो को लोकार्पण करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।

जिले के लिये 17 सड़के प्रधानमंत्री सड़क योजना से स्वीकृति हुई हैं, जिनका शिलान्यास भी होगा। चांदपुर में बायोगैस का प्लांट लगने जा रहा है। सीवर लाइन का कार्य शुरू होने वाला है। इसके लिये 700 करोड़ रुपये मिल गये हैं। जनपद में गैस की समस्या भी हल होगी और मार्च में मेडिकल कॉलेज में ओपीडी भी शुरू हो जाएगी। वहीं विधायक जहानाबाद राजेन्द्र पटेल ने भी वक्तव्य दिया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, भाजपा पदाधिकरी ज्योति प्रवीण, मंजू, मधुराज विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, प्रदीप गर्ग, ब्लॉक प्रमुख तेलियानी समेत अन्य तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# विद्यालय की रसोइया से बाबू ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**फतेहपुर।** राजकीय आवासीय विद्यालय में तैनात रसोइया से बाबू ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे कमरे में शराब पिलाने की भी कोशिश की।

खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला आवासीय विद्यालय में डेढ़ साल से रसोइया का काम करती है। आरोप है कि एक हफ्ते पूर्व विद्यालय का एक कर्मचारी उसे बाबू के कमरे में ले गया। जहां पर बाबू उससे अश्लील हरकतें करने लगा और उसे जबरन शराब पिलाने की कोशिश की। बाबू बोला कि उसके मनमुताबिक काम करे। महिला ने पुलिस में शिकायत की। मामला पुलिस के पास तक पहुंचने की भनक लगने के बाद बाबू और उसके सहयोगी ने विद्यालय आना-जाना बंद कर रखा है। कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत आई है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जाएगी।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता गाजीपुर

**अमृत विचार।** घर से पान मसाला लेने जाने के लिए पैदल निकले एक युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए युवक को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया। जहां उसकी सांसें थम गईं।

कस्बा स्थित पावर हाउस सिमौर रोड निवासी अली अहमद गांव में खेती किसानी करता था। शाम को वह पान मसाला लेने पैदल औगाशी रोड जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अली अहमद घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गईं। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक गंभीर

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी बच्छराज का पुत्र महेश कुमार अपने साथी कामता पुत्र गोवर्धन के साथ बाइक से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह मलवां थाना क्षेत्र में हाईवे पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया। हादसे में महेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कामता गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ई-रिक्शा पलटने से चालक गंभीर

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के इब्राहीमपुर गांव निवासी जुगराज का पुत्र रणजीत ई-रिक्शा चालक है। सोमवार सुबह रिक्शा लेकर मलवां की ओर आ रहा था। तभी रेवाड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट जाने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने चालक को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज जारी है।

## सार-संक्षेप

### बीमारी के चलते महिला की मौत, हत्या का आरोप

**बिंदकी।** बीमारी के चलते एक महिला की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर मायके से पहुंचे भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के पुरानी बिंदकी निवासी अवधेश सिंह की पत्नी सीमा सिंह काफी दिनों से बीमार चल रही थी। रविवार की देर रात अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर गंभीर हालत में कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सोमवार की सुबह पहुंचे महिला के भाई सोनू सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि बहनोई शराब का लती है। बहन को मारपीट कर रुपये की मांग करता था। रुपये न मिलने पर परिवार के साथ मिलकर बहन की हत्या कर दी है।

### भाजपा के कोषाध्यक्ष बने विवेक श्रीवास्तव

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनीत कोषाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव धीरू का स्वागत समारोह जिला कार्यालय में मनाया गया। जिसमें नव मनोनीत कोषाध्यक्ष ने कहा कि जिला संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी प्रदान की है उसका मैं पूरी तरह से निर्वहन करूंगा। नव मनोनीत जिला कोषाध्यक्ष का स्वागत समर्थकों एवं पार्टी पदाधिकारी द्वारा फूल माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर, आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण कर किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला महामंत्री नीरज सिंह, उत्तर नगर मंडल अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, दक्षिण नगर मंडल अध्यक्ष सोल्डि गुप्ता, विक्रम सिंह, अमित तिवारी, मनोज मिश्रा मनु, जितेंद्र सिंह उर्फ पप्पू भैया, सुशील सिंह, संदीप जैन, अंशु सिंगर, रिंकू पूरी वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### छात्रा ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के गुरवल गांव निवासी रमेश निषाद की बेटी सत्यवती ने रविवार की देर शाम अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

### साईं मंदिर के चौथे वार्षिकोत्सव पर सुंदरकांड

**फतेहपुर।** श्रीरामकृष्ण सांई मन्दिर चौथा वार्षिकोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के मोटेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में संगीतमयी सुन्दकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। आयोजक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव व उनकी पत्नी वर्षा श्रीवास्तव द्वारा विधिवत स्थापित देवी देवताओं का पूजन कर माल्यार्पण किया गया। पांडित्य श्रृंखला में आचार्य शिरोमणि विमलाकान्त त्रिपाठी रहे। सुन्दकाण्ड का पाठ रवि द्विवेदी व उनके साथियों द्वारा किया गया। उसके बाद आरती हुई जिसमें सभी भक्त पूरे उत्साह के साथ झूमते रहे। हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सबसे पहले संतो व बच्चों व कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही वार्डेन अंजू वर्मा के माध्यम से मवइया स्थित वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजनों, श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सभी दिव्यांग बच्चों के लिए भी प्रसाद भेजा गया। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ख़ुशवक्तरॉय नगर के बच्चे संस्कार तिवारी, हर्षिता, गौरी, गौरव द्वारा गणेश वंदना, मेरे घर में राम आये हैं जैसे भजनों में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर डॉ. श्याम बिहारी श्रीवास्तव, पद्मिनी श्रीवास्तव, ऐश्वर्या, अभिनव श्रीवास्तव, दीपिका श्रीवास्तव, ज्योति पांडेय, अर्णव, अनुष्का, आद्या, राजकुमार मौर्य चेयरमैन नगर पालिका, अरुण यादव सभासद, डॉ. कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, आनंद सिंह, बिपिन बिहारी शरण, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, शोभाराम तिवारी, आचार्य रामनारायण, शत्रुघ्न सिंह, शरद श्रीवास्तव, आशीष मिश्र आदि मौजूद रहे।

### धनुष टूटने की कथा सुनकर लगे जय श्रीराम के जयकारे

**फतेहपुर।** शहर के सम्राट अशोक तिराहा के समीप संवेदना सेवा न्यास द्वारा आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन कथा को आगे बढ़ाते हुये आचार्य शांतनु जी महाराज ने श्रीराम और जानकी के मिलन के अद्भुत प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। सीता स्वयंवर की कथा सुन भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाये।

# छूट का लाभ देकर ग्राहकों से वसूल रहे सरचार्ज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की एक मुश्त समाधान योजना के तहत किश्तों में भुगतान करने वाले तमाम उपभोक्ता पंजीकरण कराने के बाद अधिक बिल आने की समस्या से जूझ रहे हैं।

ओटीएस के तहत पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट दी गई है। ऐसे में जो उनका महीने का बिल बना था वहीं आना चाहिए। लेकिन नए सॉफ्टवेयर में बिल के साथ सरचार्ज भी जोड़ दिया जा रहा है। यह समस्या उन उपभोक्ताओं के साथ है जिन्होंने किश्तों में भुगतान के लिए पंजीकरण कराया है। ऐसे में उपभोक्ता अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

**एक बार में नहीं हो रहा जमा**

बिजली विभाग के नए सॉफ्टवेयर के साथ यही नहीं दूसरी समस्या भी है। यदि उपभोक्ता ने पैसे नहीं होने पर किश्तों में भुगतान के लिए पंजीकरण कराया है लेकिन अब वह एक बार में ही बकाए का भुगतान करना चाह रहा है तो उसका भी ऑप्शन नहीं आ रहा है। ऐसे में अब उपभोक्ताओं को मजबूरी में 12 किश्तों में ही भुगतान करना होगा। बिंदकी क्षेत्र में करीब आठ हजार उपभोक्ता हैं और यह योजना 16 जनवरी तक चली थी।

### मूलधन पर लग रहा है ब्याज

योजना पर एसडीओ बिंदकी नीटू सिंह का कहना है कि जिन्होंने भी पंजीकरण कराया है और किश्त से अधिक बिल आ रहा है। उसमें मूलधन पर लगने वाले ब्याज को जोड़ा जा रहा है। यह प्रक्रिया 12 महीने चलेगी।

# 50 किसानों का दल हरियाणा रवाना

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** 50 किसानों का दल बस से हरियाणा करनाल स्थित भारतीय गेहूं व जौ अनुसंधान संस्थान के लिए रवाना हुआ है। किसानों के दल को एडीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया है। छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में किसान विभिन्न फसलों और पशुपालन की जानकारी प्राप्त करेंगे।

कृषि विभाग व पशुपालन विभाग के तहत सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा हरियाणा राज्य के करनाल में किसानों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहां भारतीय गेहूं व जौ अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, एनडीआरआई व कुरुक्षेत्र में गुरुकुल विश्वविद्यालय प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 50 किसानों का दल बस से कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना हुआ। किसानों के दल को एडीएम डॉक्टर अवनीश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

किसानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीएम अवनीश त्रिपाठी। अमृत विचार

उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने बताया कि करनाल में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किसान जा रहे हैं। इस दौरान किसानों को कृषि व पशुपालन संस्थान में विभिन्न फसलों के उत्पादन के साथ उन्नतिशील फसल की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित किया गया है। वहां पर जीवामृत, घनजीवामृत, प्राकृतिक कीटनाशक बनाने के साथ किसानों को वहां की खेती करने का तरीका देखने व सीखने को मिलेगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवल किशोर सचान ने कहा कि पशु पालक किसानों को करनाल में गाय और भैसों की विभिन्न नस्ल देखने को मिलेंगी। किसान राजेन्द्र पटेल, विनोद सिंह, बासदेव, रामचंद्र, सीईओ शिव प्रताप, संतोष कुमार और सुरेश भ्रमण दल के साथ गए हैं।

# रुपये के लेनदेन में मां-बेटे को पीटा

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के कोरइया गांव निवासी सोनू का पैसे को लेकर गांव के ही मनजीत से काफी दिनों से विवाद चल रहा है। रविवार की देर शाम सोनू अपने पैसे मांगने मनजीत के पास गया। उसने पैसे न देकर गली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर मनजीत अपने साथियों के साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच सोनू की मां सुशीला बेटे के बचाने आई तो उसे भी पीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगो ने किसी तरह समझा-बुझाकर कर मामला शांत कराया।

परीक्षा पर चर्चा | विद्यालयों में देखा गया लाइव प्रसारण, कहा- हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी

# छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के दिए टिप्स को सुना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्र-छात्राओं के मन से परीक्षा का भय एवं तनाव दूर करने के लिए हर वर्ष की तरह इस बार भी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके तहत महर्षि विद्या मंदिर समेत अन्य तमाम विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम को देखा गया और छात्रों को तमाम तरह की जानकारियां मिली।

महर्षि विद्या मन्दिर के सभागार में कक्षा 10वीं व 12वीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। जिसमें लगभग 372 विद्यार्थियों ने विद्यालय से व शेष ने अपने-अपने घरों से प्रतिभाग किया। ठीक 11 बजे प्रोजेक्टर पर इसका जीवंत प्रसारण किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक इसका लाभ प्राप्त किया। इसमें प्रधानमंत्री ने केवल परीक्षार्थियों को ही नहीं, शिक्षकों और अभिभावकों को भी परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने के गुर बहुत ही सरल और व्यावहारिक तरीके से दिये। विद्यार्थियों के लिए सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा में किसी तरह असहज न महसूस कर इसे रोजमर्रा की जिन्दगी का एक हिस्सा मानना चाहिए। परीक्षा स्थल पर समय से 10 -15 मिनट पहले पहुंचे। इससे घबराहट और समय की कमी नहीं महसूस होती। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने और पर्याप्त नींद लेने की भी सलाह दी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की इच्छाओं और आकांक्षाओं को समझ कर उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। अपने अधूरे सपनों को बच्चों पर न लादें। शिक्षकों को सीख देते हुए कहा कि उन्हें बच्चों से पहले दिन से ही नाता जोड़ लेना चाहिए। शिक्षक को केवल अपने विषय शिक्षण तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें बच्चों को बेहतर करने के लिए सदैव प्रेरित करते रहना चाहिए। जिससे वे तनाव मुक्त रहकर परीक्षा में भाग ले सकें। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा पावनी रस्तोगी ने कहा कि यह कार्यक्रम परीक्षार्थियों में आत्मविश्वास और उनका मनोबल बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होगा। वहीं कक्षा 10वीं के छात्र प्रखर ने कहा कि यह कार्यक्रम हमें परीक्षा के लिए तैयार होने में बहुत ही सहयोगी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी व अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

शहर के महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

# हालत बिगड़ने से दो लोगों की हुई मौत

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र के जीटी रोड स्थित आबकारी विभाग में तैनात सुरक्षा गार्ड की रविवार की रात अचानक तबियत बिगड़ जाने पर मौके पर ही मौत हो गई। उधर, बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बिंदकी में अचानक हालत बिगड़ने से एक महिला की मौत हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रस्तोगीगंज मोहल्ला निवासी राकेश रस्तोगी आबकारी विभाग में सुरक्षा कर्मी के पद पर तैनात था। रविवार की रात करीब दस बजे अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। जब तक मौजूद अन्य कर्मचारी कुछ समझ पाते उसकी मौत हो गई। इसी तरह पुरानी बिंदकी निवासी सीमा देवी की रात में अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

# घरेलू हिंसा के मामलों में नहीं भेजीं आख्याएं, नोटिस जारी

## डीपीओ की लापरवाही से पीड़िताओं की कोर्ट में सुनवाई चल रही ठप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) की लापरवाही से घरेलू हिंसा के मामलों की सुनवाई में तेजी नहीं आ रही है। कारण, मामलों में आख्याएं कोर्ट में नहीं पहुंचीं हैं। इसको लेकर अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/एडीजे को पत्र भी लिखा है। उसके बाद सचिव ने डीपीओ को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि घरेलू हिंसा से संबंधित पत्रावलियों की सुनवाई के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या से कई बार पत्राचार किया गया।

प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण की अध्यक्षता में बैठक में मौजूद प्राधिकरण सचिव लवली जायसवाल व अन्य लोग। अमृत विचार

उसके बाद भी आख्याएं नहीं भेजी गईं। जिससे न्यायालय में वर्ष 2018 से 2023 तक कई ऐसे मामले लंबित हैं। सचिव ने स्पष्ट किया है कि इस काम में डीपीओ की लापरवाही सामने आई है। इस वजह से उनको नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सचिव का कहना है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के तहत मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं विनियमन, 2010 के तहत निगरानी और सलाह समिति के लिए एसओपी है। मॉनीटरिंग व मेनटारिंग समिति की बैठक प्रभारी जनपद न्यायाधीश लोकेश वरुण की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल और सेवानिवृत्त न्यायाधीश एमपी चौहान शामिल हुए। चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण ने जनवरी 2024 का कार्य विवरण समिति के समक्ष पेश किया।

### चलाया जाएगा अभियान

214 विचाराधीन बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता दी जा रही है। पैनल अधिवक्ताओं ने भी समिति के समक्ष अपने कार्य का ब्योरा दिया। सचिव ने बताया कि लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम में नियुक्त काउंसिल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किशोर न्याय बोर्ड में नामित पैनल अधिवक्ता को पैन इंडिया कैंपेन के तहत कारागार के बंदियों की पहचान करने को कहा गया। जो अपराध होने के समय संभावित रूप से नाबालिग थे और किशोर होने के दावे के लिए सहायक दस्तावेजों के साथ 10 फरवरी तक जिला कारागार में कैंपेन चलेगा।

## तिर्वा के नए एसडीएम बने अशोक कुमार

**तिर्वा।** तीन दिनों से रिक्त चल रहे तिर्वा एसडीएम पद पर डीएम ने छिबरामऊ में तैनात एसडीएम न्यायिक अशोक कुमार को जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने चार्ज संभाल लिया है। तिर्वा तहसील में तैनात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पवन कुमार मीना का शासन ने शुक्रवार को उनका स्थानांतरण फतेहपुर सीडीओ पद पर कर दिया। तबादला होने के बाद उन्होंने तत्काल एसडीएम का चार्ज छोड़ दिया। तीन दिन से तिर्वा तहसील मे खाली चल रहे एसडीएम पद को देखकर डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने छिबरामऊ में तैनात एसडीएम न्यायिक अशोक कुमार को तिर्वा तहसील की जिम्मेदारी दी है।

सोमवार सुबह तहसील पहुंचकर एसडीएम अशोक कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया। चार्ज ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाने की प्राथमिकता के साथ शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

# पोस्टिंग लखनऊ में और कन्नौज के बनाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नगर शिक्षा अधिकारी रहे पदम शेखर मौर्य का हो चुका तबादला
- 13 अफसर बनाए गए प्रैक्टिकल कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट

**अमृत विचार।** इसे जानकारी का अभाव कहें या लापरवाही। कन्नौज से लखनऊ के लिए करीब एक सप्ताह पहले रिलीव हो चुके नगर शिक्षा अधिकारी की ड्यूटी सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में लगा दी गई है। चर्चा हो रही है कि अब वह राजधानी से इंटरमीडिएट के प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने के लिए यहां कैसे आएंगे।

दरअसल, नगर शिक्षा अधिकारी पदम शेखर मौर्य कुछ दिन ही जनपद में रहे, उसके बाद उनका तबादला लखनऊ के लिए हो गया और वह रिलीव भी हो गए। एडीएम आशीष सिंह की ओर से जो सेक्टर मजिस्ट्रेट की सूची जारी हुई है उसमें पदम शेखर मौर्य का भी नाम शामिल है।

जनपद के 100 केंद्रों पर यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दो से नौ फरवरी के बीच संपन्न होंगी। उसके लिए आठों ब्लॉक क्षेत्र में 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी गई है। परीक्षा केंद्रों पर सभी 352 माध्यमिक स्कूलों के परीक्षार्थी शामिल होंगे।

एडीएम आशीष सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रयोगात्मक परीक्षाएं नकलविहीन व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराई जाएंगी। उसी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। बताया गया है कि डीसी मनरेगा दयाराम यादव, जिला क्रीडा अधिकारी नूर हसन, बीडीओ सदर अमित सिंह व तालग्राम से मनोज गुप्ता, बीईओ गुगरापुर संजय शुक्ल, हसेरन से संजय कुमार, उमर्दा से विश्वनाथ पाठक, तालग्राम से रमेश चंद्र चौधरी, सौरिख से सर्वेश यादव, छिबरामऊ से विमल तिवारी, जलालाबाद से शिवेंद्र वर्मा, छिबरामऊ से एडीओ अनिल कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है।

### बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे अफसर

सेक्टर मजिस्ट्रेट को जारी पत्र में कहा गया है कि बिना एडीएम की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। प्रयोगात्मक परीक्षाएं सुबह नौ बजे से शुरू होंगी। एसडीएम को तहसील क्षेत्र का जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। परीक्षा केंद्रों पर जरूरत के मुताबिक पुलिस बल मुहैया कराया जाएगा। प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक उपकरण, फोन व कैलकुलेटर पूरी तरह से प्रतिबंधित है। केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्र भी नहीं बजेंगे। केंद्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षक व प्रधानाचार्य प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए सीधे जिम्मेदार होंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा का जायजा लेंगे। सीसीटीवी कैमरे भी काम करेंगे।

# यातायात नियमों का मजाक उड़ा रहे हैं ऑटो चालक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान
- अधिकतर ऑटो में मिले 12 से 15 यात्री

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा सप्ताह, यातायात माह व पखबावाड़ा चलने के बाद भी परिवहन विभाग या यातायात पुलिस लोगों को जागरुक नहीं कर सकी है। प्रति वर्ष लाखों रुपये जागरुकता पर खर्च होने के बाद भी नतीजा शुन्य है। इसकी पोल सोमवार को यातायात प्रभारी की चेकिंग में खुली। इस दौरान अधिकतर ऑटो पर 12 से 15 यात्री बैठकर सफर करते मिले।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात डा. प्रियंका बाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खान ने पाल चौराहे के पास तिर्वा रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग मिली। ऑटो में ओवरलोडिंग मिलने पर चालान किए गए, साथ ही ऑटो में पीछे डाला खोलकर सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों को जागरूक करते हुए ढाला बंद करवाए गए। बाइक पर तीन सवारी और बिना हेलमेट चालकों पर भी कार्रवाई की गई। ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारी बैठा कर ले जाने वाले वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों को जागरूक किया गया। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगाएं। चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाने के बाद ही वाहन को आगे बढ़ाएं।

# यूटीएस से एमएसटी भी बना सकेंगे रेलयात्री

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आईआरसीटीसी ने जोड़े नए फीचर, एक फरवरी से मिलेगी सुविधा
- स्टेशन से 20 मीटर की दूरी पर यात्री ले सकेंगे टिकट व एमएसटी

**अमृत विचार।** यूटीएस (अनरिजर्व टिकट सिस्टम) मोबाइल एप से अब रेल यात्री एमएसटी (मंथली सीजन टिकट) भी बना सकेंगे। इसमें भुगतान करने की सुविधा भी दी जा रही है। इससे यात्रियों को अब एमएसटी बनवाने के लिए स्टेशन पर टिकट विंडो के बाहर लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। खास बात यह है कि स्टेशन से महज 20 मीटर की दूरी पर यात्री अपने मोबाइल पर आसानी से टिकट बुक कर सकेंगे।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने इस सुविधा के लिए यूटीएस एप में नए फीचर्स जोड़े हैं। इससे दैनिक यात्रियों को मिनटों में घर बैठे एमएसटी मिलेगी। इसके लिए पहले यूटीएस एप इंस्टॉल करना पड़ेगा,

यूटीएस ऑन मोबाइल एप। अमृत विचार

जिससे साधारण टिकट बुकिंग की तरह एमएसटी भी ले सकेंगे। यह सुविधा एक फरवरी से मिलने लगेगी। यूटीएस एप के माध्यम से अभी तक लोग अनारक्षित टिकट बुक करते थे, जबकि एमएसटी काउंटर से ही बनवानी पड़ती थी। आईआरसीटीसी ने इस एप में एमएसटी का फीचर भी जोड़ दिया है, जिससे अब यात्रियों को मोबाइल पर ही एमएसटी मिल जाएगी। खास बात यह है कि यह एप स्टेशन पर या ट्रेन के अंदर नहीं चलेगा। जो लोग टीटीई को देखकर तत्काल टिकट लेने का प्रयास करेंगे तो उनकी कोशिश बेकार हो जाएगी। यह एप पूरी तरह से जीपीएस (ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम) पर आधारित है। एमएसटी को रद करने का भी कोई विकल्प नहीं दिया गया है। कोई भी टिकट हस्तांतरित नहीं हो सकेगी अर्थात जिस मोबाइल से टिकट बुक किया गया है, उसे यात्रा में साथ लेकर चलना होगा।

> यूटीएस एक बहुद्देशीय मोबाइल एप्लीकेशन है, जिससे अनारक्षित टिकट व एमएसटी मिनटों में ले सकते हैं और इसमें क्यूआर कोड, यूपीआई व नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। यात्रियों को इसके बारे में जागरूक किया जा रहा है।
>
> –राजकुमार वर्मा, मंडल वाणिज्य निरीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे

राजकीय मेडिकल कॉलेज में बैठे छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## 75 प्रतिशत हाजिरी नहीं, तो परीक्षा से वंचित

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- प्राचार्य ने मेडिकल छात्रों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार।** एमबीबीएस में दाखिला लेने वाले छात्रों के साथ प्राचार्य ने बैठक कर उन्हें निर्देश दिए हैं कि अगर परीक्षा में बैठना है तो प्रत्येक छात्र की 75 प्रतिशत हाजिरी जरूरी है, अगर नहीं हुई तो परीक्षा से वंचित रहना पड़ेगा।

राजकीय मेडिकल कालेज के सभागार में सोमवार को एमबीबीएस छात्रों के साथ प्राचार्य डा. सीपी पाल ने बैठक कर उन्हें निर्देश दिए कि सभी छात्र प्रतिदिन कक्षा में आकर प्रत्येक विभाग की शिक्षा ग्रहण करें ताकि छात्रों को ज्ञान हासिल हो सके। उन्होने बताया कि अगर अगर छात्रों की 75 प्रतिशत के नीचे हाजिरी होगी तो ऐसे वह परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने छात्रों को जागरूक करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन को स्क्रीन पर पढ़वाकर छात्रों को जागरूक किया। बताया कि छात्र शिक्षा पर अधिक ध्यान दें, जिससे वह एमबीबीएस शिक्षा की जानकारी लेकर अपना भविष्य सही बना सकें।

# सपा ने स्वास्थ्य, शिक्षा पर दिया जोर

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

**अमृत विचार।** सोमवार को नगर के मोहल्ला रामगंज में पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सपा जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अरुण कुमार शर्मा ने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि जनविरोधी नीतियों से कार्य करने वाली भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए सपा पीडीए पखवाड़ा के अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान सरकार में गुंडाराज चरम पर है। आम जनता के लिए सरकार कार्य नहीं कर रही है।

पूरे प्रदेश में जंगलराज कायम है। समाजवादी पार्टी ने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को हमेशा आगे बढ़ाने और हक व सम्मान दिलाने का कार्य किया है। समाजवादी सरकार ने हर वर्ग के लोगों को लाभ देने का कार्य किया था। सपा सरकार में स्वास्थ्य, शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्लेन्ती उर्फ पायल, हरिओम गुप्ता, मनी गुप्ता, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, श्याम सुंदर गुप्ता, संदीप मिश्रा, शेरे रजा, नाहर सिंह यादव, राजेश गुप्ता, विजय बाल्मीकि आदि रहे।

पीडीए बैठक को संबोधित करते अरुण कुमार शर्मा। अमृत विचार

- पीडीए पखवाड़ा के तहत जनता को किया जागरूक

## दंपति और महिला से की गई मारपीट

**गुरसहायगंज।** अलग-अलग स्थानों पर मामूली विवाद को लेकर गांव के लोगों ने गालीगलौज कर महिला सहित दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहना गांव निवासी चेतना ने बताया कि रंजिशन गांव के अंकित, शिवम, मानसिंह व पिंटू ने 28 जनवरी की शाम गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। लक्ष्मणपुर निवासी सरोजनी देवी का कहना है कि मामूली विवाद को लेकर गांव के शिव सिंह, जय सिंह, सचिन व विकास ने 29 जनवरी की सुबह दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। विरोध पर उसे व बीच बचाव में आए उसके पति गोपी को मारपीट कर घायल कर दिया।

# होमगार्ड-पीआरडी जवानों की तरह मांगीं सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दस सूत्री मांगों को लेकर चौकीदारों ने सौंपा ज्ञापन
- कहा, 2500 रुपये में नहीं हो रहा परिवार का भरण-पोषण

**अमृत विचार।** मांगों को लेकर ग्राम चौकीदारों ने सांसद को 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। उनकी मांग है कि होमगार्ड व पीआरडी की तरह उनको भी सुविधाएं व मानदेय दिया जाए।

ग्राम चौकीदारों ने सोमवार को सांसद सुब्रत पाठक के आवास पहुंच कर 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि सेवानिवृत्त होने पर उनके कुछ न कुछ धनराशि देकर विदा किया जाए। चौकीदारों को होमगार्ड व पीआरडी जवानों की तरह वर्दी दी जाए। थाना कोतवाली ड्यूटी पर पहुंचने पर तत्काल हाजिरी लगवाई जाए। दिन व रात में ड्यूटी करने के बाद हाजिरी लगवाने की परंपरा को समाप्त किया जाए। थाना कोतवाली में ड्यूटी के दौरान एक कमरा दिया जाए, जिससे कर्मचारी अपना सामान रख सकें। होमगार्ड व पीआरडी की तरह वर्दी व अन्य सामान दिया जाए। इसी तरह मानदेय भी दिया जाए। यह मानदेय सीधे खाते में भेजा जाए। गांव के अलावा मेला, चुनाव व अन्य ड्यूटी लगाई जाती है, इससे तीसों दिन काम करना पड़ता है। चौकीदारों को मानदेय के रूप में 2500 रुपये मिलते हैं। इस से परिवार का भरण-पोषण करने में दिक्कत आती है। चौकीदारों को नियुक्ति पत्र दिलाया जाए। चौकीदारों को थाने पर चार ड्यूटी ली जाती हैं। यदि किसी वजह से एक ड्यूटी में अनुपस्थित होने पर मानदेय काट दिया जाता है। लिखित समझौते में दो दिन अधिक ड्यूटी कराई जाती है। अन्य कर्मचारियों की तरह चौकीदारों को भी भत्ता व बोनस दिया जाए। प्रोन्नत कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी किया जाए।

इस मौके पर हंसराम, राकेश, मान सिंह, जुल्फिकार अली, मुकेश, रघुनाथ, प्रेमचंद्र, मनीराम, रामपाल, फुरोज अली, प्रदीप कुमार, गुड्डन, नत्थू, नारेंद्र, कमलेश, राकेश, उपदेश, सोनी समेत कई चौकीदार मौजूद रहे।

सांसद सुब्रत पाठक को ज्ञापन सौंपते चौकीदार। अमृत विचार

बारिश की संभावना | मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी, गेहूं की फसल पर होगा प्रतिकूल प्रभाव, बर्फबारी भी कम हुई

# एंटी साइक्लोन से हवाएं थमीं, ठंड से मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। हिमालय पर एंटी साइक्लोन बनने से पश्चिमी हवाओं पर रोक लग गई है, जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि सुबह-शाम हल्की ठंड होगी, जबकि दिन में धूप निकलने से राहत मिलेगी। हालांकि बाद में इसके प्रभाव से बारिश की संभावना बढ़ जाती है।

सोमवार को सुबह आसमान में हल्का कोहरा छाया रहा, लेकिन दोपहर को तेज धूप निकलने से तापमान में वृद्धि हो गई। ऐसे में लोगों को सर्दी से राहत महसूस हुई। दिन का अधिकतम तापमान भी 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक हिमालय पर एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है, जिससे एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी भाग में है। इस पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर मैदानी भाग में एक एंटी साइक्लोन बन गया है, जिससे उत्तर-पश्चिमी हवाओं पर कुछ दिन के लिए रोक लग गई है।

इससे सर्दी में कुछ राहत मिलेगी, लेकिन सुबह-शाम ठंड का सितम बरकरार रहेगा। बादलों के प्रभाव से कोहरा छाया रहेगा। एंटी साइक्लोन से हिमालय पर बर्फबारी भी कम हुई है।

सुबह सड़कों पर छाया रहा घना कोहरा। अमृत विचार

खेत में खड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

### सर्दी कम होने से गेहूं पर पड़ेगा असर

जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में ठंड का असर यदि कम होगा तो इसका सबसे अधिक प्रभाव गेहूं की फसल पर पड़ेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि सर्दी कम होने से गेहूं का उत्पादन कम होता है। अगेती गेहूं में इस समय बाली निकल रही है, जबकि पछेती गेहूं अभी वृद्धि कर रहा है। गेहूं को बढ़ने के लिए अधिकतम तापमान 15 डिग्री से कम होना चाहिए, जबकि न्यूनतम तापमान 5-8 डिग्री तक होना चाहिए। यदि तापमान बढ़ा तो निश्चित रूप से गेहूं का उत्पादन कम होगा।

> एंटी साइक्लोन के असर से जहां सर्दी कम होगी तो फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में वर्षा हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ और उत्तरी चक्रवात परिसंचरण के कारण मौसम में यह परिवर्तन होगा। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में कम समय में यह बदलाव हो रहे हैं।
>
> –डा. अमरेंद्र कुमार, मौसम वैज्ञानिक

# उन्नति के लिए राजनीतिक हिस्सेदारी जरूरी

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** कर्पूरी सेवा संस्थान टीम कन्नौज की ओर से नगर के सौरिख रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सामाजिक एकजुटता और शिक्षा पर जोर देते हुए राजनैतिक हिस्सेदारी पर चर्चा की गई।

कर्पूरी सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक ठाकुर नंदवंशी ने कहा कि आज उनकी लोकप्रियता और समाज की उन्नति के लिए किए गए कार्यों को देखकर सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया है। जब तक राजनैतिक हिस्सेदारी नहीं प्रभावी होगी, तब तक समाज की उन्नति संभव नहीं है।

सम्मेलन को मैनपुरी से विधायक प्रत्याशी रहे संतोष श्रीवास्तव, कैप्टन मगनानंद सविता, संरक्षक राधाकृष्ण सविता, गंगाराम सविता, जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सविता, प्रदेश सचिव शिवशंकर उर्फ शिवा, अन्नू श्रीवास्तव बाबाजी, नीरज सविता, ज्ञानेंद्र सविता ने भी संबोधित किया। सौरभ सविता व बलराम सविता के संचालन में हुए कार्यक्रम में वीरेंद्र सविता, डॉ.राकेश, सुधीर सविता, डा. आदित्य श्रीवास्तव मौजूद रहे।

कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

### संस्थान की जिला कार्यकारिणी घोषित

**छिबरामऊ।** कर्पूरी सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक ठाकुर नंदवंशी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सविता बेहटा खास, उपाध्यक्ष नीरज कुमार कसावा, जिला संगठन मंत्री अन्नू भाई, जिला मंत्री प्रधान कंचन सिंह हाथिन, जिला महासचिव आशीष कुमार सविता सिकंदरपुर, जिला सचिव जितेंद्र कुमार तालग्राम, जिला कोषाध्यक्ष शिवा नंदवंशी गुरसहायगंज, जिला प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार गुरसहायगंज, जिला मीडिया प्रभारी राजू, जिला प्रभारी डा. रामकिशोर सविता चपुन्ना, जिला सलाहकार रामप्रकाश एडवोकेट सलेमपुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य अक्षय श्रीवास्तव, डा. आदित्य श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया।

# जिले के 29 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सूची आने के बाद विद्यालयों व डिग्री कॉलेजों ने दी सहमति
- 17 व 18 फरवरी को प्रस्तावित है पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा

**अमृत विचार।** जनपद के 29 विद्यालयों व डिग्री कॉलेजों में यूपी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा होगी। इसको लेकर संबंधित प्रधानाचार्य व प्रबंधकों ने सहमति दे दी है। शासन से भी केंद्रों की सूची जारी हो गई है। पुलिस विभाग की ओर से 17 व 18 फरवरी को परीक्षा कराई जाएगी। इसमें करीब 11 हजार परीक्षार्थी शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी इस तरह का कोई आंकड़ा जारी नहीं हुआ है।

दरअसल, पुलिस विभाग की ओर से पहले 50 से अधिक परीक्षा केंद्रों की सूची जारी हुई थी, उसमें 10 केंद्रों के नाम दोहराए गए थे। इस मामले को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उसके बाद दोहराए गए विद्यालयों के नाम हटाए गए। अधिकारियों ने केंद्र निर्धारण को लेकर बैठक की, उसमें मानक विहीन और असहमति व्यक्त करने वाले विद्यालय भी सूची से हटा दिए गए। डीआईओएस कार्यालय व प्रशासन की ओर से जनपद के कुल 29 केंद्रों को ही परीक्षा केंद्र बनाने की सहमति दी गई। उसी सूची को हरी झंडी दे दी गई। पिछली बैठक में 18 फरवरी को परीक्षा कराने के लिए सभी विद्यालय राजी थे। सोमवार को भी केंद्र को लेकर कलक्ट्रेट में चर्चा हुई। उधर, केकेसीएन इंटर कॉलेज सरायमीरा कन्नौज को केंद्र बनाया गया है, लेकिन प्रधानाचार्य की ओर से असहमति व्यक्त की गई है।

### छिबरामऊ व गुरसहायगंज में केंद्र

बटेश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ, हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ, जेडी जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ, विमला देवी विद्यालय छिबरामऊ, उत्कर्ष अकादमी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज छिबरामऊ, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज गुरसहायगंज, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज गुरसहायगंज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### कन्नौज में बनाए गए केंद्र

शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर, जेपी बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज, कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरंदनगर, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज कन्नौज, एसबीएस इंटर कॉलेज कन्नौज, सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज, सोनी पारिया पब्लिक स्कूल कन्नौज, हुमैरा मिल्ली बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज, कन्नौज पब्लिक स्कूल और कानपुर पब्लिक स्कूल कन्नौज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### तिर्वा क्षेत्र के परीक्षा केंद्र

डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा, दीना नाथ जनता इंटर कॉलेज तिर्वा, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा, महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा, एसएसपी इंटर कॉलेज तिर्वा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा, एसपी महिला महाविद्यालय तिर्वा, सोनेश्री स्मारक बालिका महाविद्यालय तिर्वा, एके रहमानियां इंटर कॉलेज तिर्वा, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज तिर्वा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

**तिर्वा।** शादी के एक साल बाद ही ससुरालियों ने दहेज की मांग करते हुए विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के महचन्दापुर गांव निवासी पूजा ने बताया कि परिजनों ने एक साल पहले ठठिया थाना क्षेत्र के करसाह गांव निवासी पवन से उसकी शादी की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालीजन शादी में कम दहेज देने का ताना मारकर एक भैंस, दो लाख रुपये व एक सोने की चेन की मांग करने लगे। मांग पूरी करने में असमर्थता जातने पर पति पवन, ससुर राम प्रकाश, जेठ गोविंद, जेठानी सीमा, भतीजी राखी, काजल, सास आए दिन मारपीट कर उत्पीड़न करने लगी। चार दिन पहले मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# बंदियों के इलाज में लापरवाही न करें

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने सोमवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने सुविधाओं व व्यवस्थाओं की हकीकत जानी और बंदियों से पूछताछ की।

डीएम व एसपी ने निरीक्षण के दौरान बैरकों में बंदियो से समस्याओं की जानकारी ली और बैरकों की तलाशी कराई। जिसमें मानक विरुद्ध कोई वस्तु नहीं मिली। जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे आदि की क्रियाशीलता को देखा। कैमरों को तत्काल ठीक कराने और मानीटरिंग के निर्देश दिए। बीमार बंदियों के उपचार में लापरवाही न बरतने के निर्देश चिकित्साधिकारी को दिए। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों की विशेष निगरानी व समुचित उपचार के निर्देश दिए। कारागार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए विशेष सतर्कता व तलाशी कराने को कहा। बंदियों को सर्दी से बचाने के लिए अलाव व कंबल की व्यवस्था के निर्देश दिए। महिला बैरक में रह रहे बच्चों को टॉफी, बिस्कुट, चाकलेट आदि वितरित की। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी पांडेय, उर्मिला सिंह, डा. इफराक हुसैन, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार मौजूद रहे।

जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम, एसपी। अमृत विचार

# गैरहाजिर शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों पर हुई कार्रवाई

## 19 दिसंबर से 19 जनवरी तक प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीएसए ने रिपोर्ट मिलने पर काटा वेतन-मानेदय, मांगा गया स्पष्टीकरण

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में गैरहाजिर मिले 24 शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई है। 19 दिसंबर 2023 से 19 जनवरी 2024 तक कई अधिकारियों ने विद्यालयों में निरीक्षण किए। प्रेरणा पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट भेजी गई। उसके बाद बीएसए ने सभी अनुपस्थित लोगों का वेतन-मानदेय काटते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि जिले के विकास खंडों में आकस्मिक निरीक्षण किए गए थे। उसकी आख्याएं प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड हुईं। उसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही कार्रवाई हुई है। बताया कि कार्रवाई की जद में दो प्रधानाध्यापक, 10 सहायक अध्यापक, छह शिक्षामित्र, पांच अनुदेशक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आया है। अनुदेशकों में बहवलपुर के दुर्गेश दीक्षित, गदोरा के शैलेंद्र कुमार, बहवलपुर के शीलेंद्र बाबू व ज्योति शाक्य व तेराजाकेट की नीलम यादव का मानदेय काटा गया है। शिक्षामित्र में जगदीशपुर के संतोष कुमार, लडैता की ममता कुमारी, जगदीशपुर की दीपा मिश्रा, लडैता की सरिता देवी, खांडेदेवर की प्रभा सिंह, दीपकपुर गांव के कैलाश चंद्र का भी मानदेय काटने का आदेश हुआ है। सहायक अध्यापक में असौलिया की नम्रता, मौजमपुर के शिवा कुमार, लालपुर पश्चिमी के अविनाश दोहरे, जगदीशपुर की प्राची गुप्ता, बारापुर विनय बाजपेई, धरनी धरपुर नगरिया के अजय कुमार, राजपुर करना के अंशुल भारती, उमरपुर की रीना कुमारी, परीक्षित सिंह चौहान व नगला छिद्द की जूली देवी का वेतन काटने को कहा गया है। इसके अलावा असौलिया के प्रधानाध्यापक अनुराग त्रिपाठी व बहादुरपुर के अनंतराम पाल और कन्या यूपीएस सरायमीरा की चतुर्थ श्रेणी कर्मी घनिया फातमा रिजवी का वेतन भी काटा गया है।

बताया गया है कि निरीक्षण डायट प्राचार्य हरी सिंह शाक्य, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, नायब तहसीलदार शिखर, सीडीपीओ पुष्पा अग्निहोत्री, उमाकांती, बीईओ विमल तिवारी, संजय शुक्ल, रमेश चंद्र चौधरी व विश्वनाथ पाठक, एडीओ पंचायत एस करन एमआईएस प्रभारी उदित शुक्ल ने किए हैं। उनकी रिपोर्ट पर ही कार्रवाई हुई है।

मृतक के परिजनों से बात करते पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव। अमृत विचार

## मृतक आश्रितों को सरकार दे 25-25 लाख

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** सोमवार को मृतकों के घर पहुंचे सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने परिजनों से मिलकर उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और सरकार से 25 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की है।

बता दें कि शनिवार को ग्राम पंचायत भगवंतपुर के प्रधान दलबीर सिंह के चाचा का निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार को लेकर गांव के कई लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर सिंघीरामपुर गए थे। वहां अंतिम संस्कार करने के बाद वापस गांव जाते समय एनएच-34 जीटी रोड स्थित चौहान ढाबा के पास एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने जोरदार टक्कर मार दी थी। घटना में सुधीर व राजू की मौत हो गई थी और 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसको लेकर सोमवार को ग्राम मदारपुर स्थित मृतक सुधीर वर्मा व राजू वर्मा के घर पहुंचे सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहां की सरकार को मृतकों के परिवार को 25-25 लाख तथा घायलों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करनी चाहिए।

इस दौरान हरगोविंद एडवोकेट, मीडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव, अशोक वर्मा, राजा वर्मा, गोविंद वर्मा, भोला यादव व सतेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे।

## एक्सप्रेसवे पर बुझा दो घरों का चिराग

**तिर्वा।** एक्सप्रेसवे पर क्षतिग्रस्त खडे ट्रक में अनियत्रित कार टकराने से एक छात्र समेत दो की मौत के मामले में पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों में एक शिक्षक व दूसरा किसान का एकलौता पुत्र था।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तिर्वा कोतवाली के पचोर गांव के सामने रविवार सुबह लखनऊ की और जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे के किनारे लगे एगंल में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके बाद नोएडा से कार पर सवार होकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से होकर बिहार जा रहे कार सवार मधेपुर थाना क्षेत्र के स्टेशन चौक वार्ड 21 निवासी अभिषेक आंनद (22) पुत्र अदीप कुमार व पीयूष (20) पुत्र मनोज की कार खड़े ट्रक में टकरा गई थी, जिसमें कार सवार दोनों युवकों की मौत हो गई थी। परिजनों ने बताया कि पीयूष के पिता किसानी का काम करते थे, वहीं, अभिषेक के पिता सरकारी शिक्षक है। अभिषेक नोएडा मे बीटेक की पढ़ाई करता था। वह कार लेकर घर जा रहा था। तभी रास्ते मे हादसा हो गया।

## सार-संक्षेप

### धर्म ध्वजा लेकर पैदल जा रहे रामलला

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भीषण सर्दी की परवाह न करते हुए युवा रामभक्त धर्म ध्वजा लेकर श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या की पदयात्रा पर निकल पड़ा। सोमवार को नगर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उसका फूलमाला से स्वागत किया। राजस्थान के जैसलमेर निवासी निंबाराम जाट (20) ने बताया कि वह रामलला के दर्शन के लिए पैदल अयोध्या जा रहा है। पांच जनवरी को वह घर से निकला था। भीषण सर्दी में वह 1300 किमी की यात्रा पूर्ण कर चुका है। 31 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएगा। जहां श्रीरामलला के दर्शन कर अपने संकल्प को पूरा करेगा।

पदयात्रा पर रामभक्त।

### पुलिस ने गश्त कर संदिग्धों से की पूछताछ

**कन्नौज।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चेकिंग अभियान व पैदल गश्त की। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पुलिस अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल गश्त व चेकिंग कर रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन तलाशी ली गई।

### बीआरसी पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**जलालाबाद।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत समेकित शिक्षा के लिए परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को बीईओ शिवेंद्र वर्मा के नेतृत्व में किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र जलालाबाद पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत समेकित शिक्षा के लिए परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसमें संदर्भदाता देवेश चंद्र वर्मा (मानसिक दिव्यांगता), संजय कुमार (श्रवण दिवंगता), रजनीश कुमार यादव (दृष्टि दिव्यांगता) के द्वारा 50 नोडल टीचर को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें समावेशी शिक्षा दिव्यांग बच्चों की पहचान करना व उनकों शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना और विद्यालयों की शिक्षा का परिवेश को बढ़ाना आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। सत्यपाल यादव, जावेद अहमद, भोले शंकर चतुर्वेदी, जितेंद्र प्रताप सिंह, नीरेन कुमार, जितेंद्र कुमार, इंशाद मोहम्मद, ताहिर अली, दलबीर सिंह, प्रदीप गौतम, संजय कुमार, मो. वसीम, हर्षित चैरसिया, कोतवाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह चैहान, प्रदीप यादव, इंद्र प्रताप सिंह, मोहत्सिम, साजिद, कृष्णकांत, अखिलेश आदि रहे।

### नगर पालिका हटवाएगी अवैध होर्डिंग

**कन्नौज।** नगर पालिका शहर में लगे अवैध होर्डिंगों को पुलिस के सहयोग से हटवाएगी। इसके लिए निरीक्षक कोतवाली को सूची भी भेजी गई है। सूची में कहा गया है कि 20 जनवरी से दो फरवरी तक अभियान हर रोज दोपहर 12 से दो बजे तक चलेगा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल का सहयोग लिया जाएगा। तिर्वा क्रॉसिंग से गोल कुआं होते हुए सपा कार्यालय और बीआरसी मार्ग पर पहले दिन होर्डिंग हटाए जाएंगे। दूसरे दिन तिर्वा क्रॉसिंग से शहर के बोर्डिंग ग्राउंड से पालिका कार्यालय तक अभियान चलेगा। तीसरे दिन तिर्वा क्रॉसिंग से रोडवेज बस स्टैंड होते हुए जिला अस्पताल तक व चौथे दिन तिर्वा क्रॉसिंग से ही मकरंदनगर होते हुए एफएफडीसी तक होर्डिंग हटाने का काम होगा। अंतिम दिन मकरंदनगर तिराहा से लाखन तिराहा होते हुए पाटानाला तक अभियान चलेगा।

### गदौरा में दो फरवरी से भागवत कथा

**कन्नौज।** गदौरा माधौनगर में दो फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू होगा। कार्यक्रम के सहयोगी रवीश अग्निहोत्री व पिंकी अग्निहोत्री ने बताया कि कानपुर के उत्तरीपूरा से कथा व्यास रामजी त्रिवेदी आएंगे। दो फरवरी को कलश यात्रा व पूजन होगा। उसी दिन कथा शुरू हो जाएगी। आठ फरवरी को कथा विश्राम और नौ फरवरी को यज्ञ व भंडारा होगा।

### ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने 55 वारंटी पकड़े

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर वारन्टी व वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया गया। अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत जिले की पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए 53 वारंटी व दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को विशेष अभियान के तहत वारंटी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश पर पुलिस ने धरपकड़ की। इसके परिपेक्ष्य में पूरे जिले की थाना कोतवाली पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान 48 गैर जमानती वारंटी, 05 वांछित आरोपियों सहित कुल 53 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### भोलेनाथ मंदिर से पांच घंटे चोरी

**सौरिख, कन्नौज।** थानाक्षेत्र के गढ़िया गांव में सौरिख नादेमऊ मार्ग पर भोले बाबा के मंदिर में लगे पांच घंटे चोरी कर लिए गए। सोमवार सुबह जब पूजा करने के लिए लोग पहुंचे तो घंटे गायब थे। ग्राम प्रधान मुदमंगल सिंह की सूचना पर हल्का इंचार्ज मानसिंह ने रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरे देख कर जांच शुरू की है।

### विद्यालय से सबमर्सिबल पंप चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश ने बताया कि विद्यालय के लिए विद्यायक निधि द्वारा दिव्यांग शौचालय के लिए सबमर्सिबल पंप लगवाई गई थी, जिसे चोरों ने पाइप सहित चोरी कर लिया है। है। प्रधानाध्यापक ने मामले की शिकायत पुलिस कर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रधानमंत्री ने की परीक्षा पे चर्चा

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में सुबह 11 बजे परीक्षा पे चर्चा की। इसका सीधा प्रसारण कई विद्यालयों में किया गया। इसमें शिक्षक व शिक्षिकाओं के अलावा कक्षा नौ से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान पर बात की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कई विषयों पर बात की। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए आत्मविश्वास होना चाहिए। जेपी स्कूल के सभागार में भी इसका सजीव प्रसारण हुआ।

### प्रसूता की मौत पर लगाया लापरवाही का आरोप, हंगामा

**सौरिख।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती की प्रसव के दौरान हालत बिगड़ गई। इस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने जच्चा को रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बेहटा रामपुर निवासी पवन जाटव की पत्नी मोहिनी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने रविवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्रसव के बाद मोहिनी को अत्यधिक रक्तस्राव होने से हालत बिगड़ गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया। परिजन फर्रुखाबाद लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। पवन ने बताया कि प्रसव में लापरवाही हुई है। इस बारे में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अजहर सिद्दीकी ने बताया कि प्रसूता को सही समय पर जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन परिजन फर्रुखाबाद ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

# अखिलेश ने पिछड़ों का हक अपनों को दिया : राजभर

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- सपा पर बोला हमला, कहा- राम लहर के आगे हवा निकली

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछड़ों का हक लूटकर अपनों को दिया था, इसी वजह से उन्होंने सपा का साथ छोड़ दिया था। अब सपा ने कांग्रेस से प्रदेश में गठबंधन किया है, लेकिन रामलहर के आगे इसकी हवा निकल गई है और 2024 में मोदी सरकार फिर से बनना तय हो गया है।

सोमवार को यह बात सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। अलीगढ़ में आयोजित बंजारा अधिकार महारैली में जा रहे ओमप्रकाश राजभर ने मोहल्ला इब्राहीमगंज में स्व. रामनाथ सिंह राजपूत के आवास पर कहा कि सपा ने 2017 में कांग्रेस से गठबंधन किया था। बाद में कहा यह बड़ी भूल थी। अब फिर से कर लिया। यह गठबंधन कोई चुनौती नहीं बन पाएगा। नीतीश के राजग गठबंधन में फिर से आने के सवाल पर कहा इंडिया गठबंधन के नेता सिर्फ कमरे में बात करते थे, जबकि धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा था। इससे ऊबकर छोड़ दिया। उधर, बंगाल में ममता और पंजाब में आप ने भी किनारा कर लिया है। अब नंबर दिल्ली का है। उन्होंने पीएम मोदी की जीत सुनिश्चित बताते हुए कहा यूपी में तो कोई लड़ाई में है ही नहीं, यहां पर तो 22 जनवरी से ही घर-घर में गाना बज रहा है जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। यहां की सभी 80 सीटें जीतेंगे। इस दौरान सुजीत फौजी, अखिलेश राजपूत, आयुष राजपूत, कल्लू नायक आदि रहे।

## ट्रेन से गिरे युवक के दोनों पैर कटे

**कन्नौज।** कानपुर से दिल्ली जा रहा युवक एक्सप्रेस ट्रेन से गिर गया। इससे उसके दोनों पैर कट गए। आरपीएफ ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया।

कानपुर के नानकारी कल्याणपुर निवासी दिलीप कुमार (42) रविवार की शाम कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जा रहा था। रात करीब 9 बजे ट्रेन गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के जसोदा स्टेशन पर पहुंची। इसी दौरान युवक ट्रेन से नीचे गिर पड़ा। इससे ट्रेन उसके दोनों पैर काटती हुई गुजर गई। ट्रेन से युवक गिरने की जानकारी पर अन्य यात्रियों ने आरपीएफ को दी। इस पर आरपीएफ सिपाही सीकर मीणा घायल युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां मौजूद डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का लिया गया संकल्प

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** आवास विकास कालोनी में हुई मोदी सपोर्टर सेवा समिति की बैठक में संगठन का विस्तार कर पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह चौहान ने कहा हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना, देश को हिंदू राष्ट्र घोषित कराना और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की सहायता करना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए जमीनी स्तर से काम करें।

इस मौके पर संगठन में कई पदाधिकारी मनोनीत किए गए। माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्र व भगवा पगड़ी पहनाकर सभी को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र चतुर्वेदी के संयोजन हुई बैठक में जिला प्रभारी सुभाष चंद्र दुबे, दीपक द्विवेदी, शिशुपाल सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष शिवदेवी चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन पाराशर, कार्यकारिणी सदस्य पदमा चौहान, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार दुबे, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार शुक्ला, प्रदेश महामंत्री आदर्श मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश चतुर्वेदी, संगठन मंत्री बबली, जिला प्रभारी ओमवती, सीता राजपूत, विनीता देवी, कमला त्रिपाठी, प्रगति सिंह, सुनीता, सुखदेवी, साधना व पूनम दीक्षित मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह चौहान के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

आस्था | महिलाओं ने प्रभु गणेश व प्रभु विष्णु की पूजा-अर्चना कर मांगा सौभाग्य

# संकष्टी चतुर्थी का व्रतकर कुल रक्षा की कामना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कष्टों को हरने के लिए तिल और चावल के बकरे की दी जाती है प्रतीकात्मक बलि

**अमृत विचार।** माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी व्रत किया जाता है। सोमवार को महिलाओं ने इस व्रत का अनुष्ठान कर कुल की रक्षा की कामना की। भगवान गणेश व विष्णु भगवान की पूजा-अर्चना कर सौभाग्य मांगा तथा अपने पुत्रों की दीर्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना की।

सोमवार को घरों में महिलाओं ने पूजा स्थान पर भगवान गणेश व विष्णु भगवान का विग्रह बनाया और वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजन किया। इसके बाद थाली या काठ की चौकी पर काले तिल व चावल से बकरा बनाकर उसकी प्रतीकात्मक बलि दी। भगवान गणेश को लड्डू प्रिय है, इसलिए उन्हें तिल के लड्डुओं का भोग लगाया गया, जबकि भगवान विष्णु का आटा या चावल के लड्डुओं से भोग लगाया गया। पुराणों के अनुसार माघ माह की कृष्णपक्ष की चतुर्थी को संकष्टी या सकट चौथ का पर्व मनाया जाता है।

मान्यता है कि इस दिन व्रत रहकर भगवान गणेश व विष्णु भगवान की पूजा करने से सभी प्रकार के संकट दूर होते हैं।

काले तिल व चावल से बनाया गया बकरा। अमृत विचार

### संकट के प्रतीक बकरे की दी जाती है बलि

श्री संकटमोचन धाम असेह के कर्मकांड ज्ञाता आचार्य सुनोराम द्विवेदी बताते हैं कि सनातन धर्म में किसी भी पशु-पक्षी की बलि देने का प्रावधान नहीं है। बकरे को संकट का प्रतीक माना जाता है और संकष्टी चतुर्थी पर तिल व चावल का प्रतीकात्मक बकरा बनाकर उसकी बलि देने का शास्त्रोक्त विधान है। विष्णु पुराण के अनुसार इस तरह से बलि देने से सभी प्रकार के संकट दूर होते हैं और किसी जीव की हत्या भी नहीं होती है। यज्ञादि कर्मों में भी बलि देने का प्रावधान है, जिसके लिए उड़द व मूंग की दालों का प्रयोग किया जाता है। सकट चौथ का व्रत कुल की रक्षा करता है और वंश वृद्धि करता है।

आचार्य सुनोराम द्विवेदी।

# 153 युवाओं को मिला रोजगार का ऑफर

**कन्नौज।** आईटीआई, कौशल विकास मिशन व सेवायोजन विभाग की ओर से हसेरन के निजी आईटीआई में सोमवार को एक दिवसीय रोजगार मेला लगा। बेहरिन आईटीआई के प्रधानाचार्य परवेज ने बताया कि इसमें पांच कंपनियों की ओर से 153 युवक-युवतियों को जॉब ऑफर हुई है। कुल 306 युवाओं का पंजीकरण हुआ। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए ब्लाक प्रमुख हसेरन सीमा देवी के प्रतिनिधि पुष्पेंद्र शाक्य व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया।

इस मौके पर छिबरामऊ आईटीआई प्रधानाचार्य संजीव पाल, अवनीश द्विवेदी व आकाश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

हसेरन में रोजगार ऑफर लेटर लिए खड़े युवा व ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

# अव्यवस्था से संत नाराज, मेले के बहिष्कार की चेतावनी

## मेला रामनगरिया : नागा संतों ने प्रशासन को दी दो दिन की मोहलत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को एडीएम के आश्वासन के बाद भी गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में अव्यवस्थाएं दूर न हो सकी। विरोध में नागा संतों के तीनों संप्रदायों ने सोमवार को बैठक कर दो टूक कह दिया है कि दो दिन में अवस्थाएं दूर न हुईं तो सभी मेला रामनगरिया का सामूहिक बहिष्कार कर देगें। संतों ने कहा है कि मेले में अवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। एडीएम से वार्ता के बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। इस वजह से अब आंदोलन करना उनकी मजबूरी हो गई है। जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज और वैष्णव अखाड़े के महंत मोहन गिरी तथा दंडी स्वामी अखाड़ा के सागरपुरी की मौजूदगी में हजारों की संख्या में संतों ने इकट्ठा होकर मेले में व्याप्त अवस्थाओं पर नाराजगी जताई ।सत्य गिरी ने कहा कि इस बार मेले में कल्पवासियों के लिए न तो बिजली की व्यवस्था की गई है और ना ही पर्याप्त मात्रा में हैंड पंप लगवाए गए हैं। और ना ही सभी कल्प वाशियों के लिए शौचालय बनवाए गए हैं, जो शौचालय बनवाए गए हैं उनके नाली की तरह गड्ढे खोद दिए हैं। जिससे गंदगी बाहर निकल कर मेले में फैल रही है। पानी के पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। किसी क्षेत्र में एक भी हैंडपंप नहीं लगा है। इस संबंध में संतों ने अपर जिलाधिकारी से रविवार को मांग की थी। उन्होंने मेले में अव्यवस्थाएं दूर करने का भरोसा दिया था। इसके बाद भी अव्यवस्थाएं दूर नहीं हुई, तो मजबूरन तीनों संप्रदाय के संतों ने बैठक करके फैसला लिया कि दो दिन के अंदर अगर मेले में व्यवस्थाएं ठीक न हुई तो वह सामूहिक रूप से मेले का बहिष्कार कर देंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी ।

मंच पर बैठे अखाड़े के महंत। अमृत विचार

बैठक में भाग ले रहे संत-महात्मा। अमृत विचार

> संत-महात्मा अव्यवस्थाओं पर कम वर्चस्व को लेकर ज्यादा लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले में अब तक 800 हैंड पंप लगा दिए गए हैं। 700 शौचालय बना दिए गए हैं। निरंतर शौचालय बनाने का कार्य जारी है और हैंड पंप भी लगाए जा रहे हैं। इसके बाद भी संत महात्मा आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले में राजनीति हो रही है। **-संदीप दीक्षित, मेला प्रबंधक**

## संतों ने एडीएम का किया घेराव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में अव्यवस्थाओं को लेकर संत महात्माओं का गुस्सा चरम पर पहुंच गया। उन्होंने प्रशासनिक पंडाल में पहुंचकर अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति का घेराव कर लिया। संत महात्माओं ने मेला में अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। रविवार की शाम जिस समय एडीएम मेला में खोले गए अस्पतालों का निरीक्षण कर प्रशासनिक पंडाल में मेला प्रबन्धक को आवश्यक दिशा निर्देश देने पहुंचे उसी समय जूना गढ़ अखाड़े के महंत महात्मा सत्य गिरी के नेतृत्व में मेला रामनगरिया संत समिति के अध्यक्ष महात्मा मोहनदास, सत्यपुरी सहित सैकड़ो साधु संतों ने एडीएम को घेर लिया। संतो ने अपर जिला अधिकारी को बताया कि मेला रामनगरिया में इस समय दूर दराज से आए संत महात्मा तथा अन्य कल्पवासी वास कर रहे हैं। उनके लिए न तो पानी पीने के लिए हैंड पंप लगवाए गए हैं ,और न ही शौचालय का निर्माण कराया गया है ।जो शौचालय बनाए गए है वह एक घटिया बनाए गए हैं। जिनकी वजह से पूरे मेला में बदबू फैली हुई है। संत महात्मा इस बारे में कई बार जिलाधिकारी को अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। संतों ने अन्य व्यवस्थाओं को भी एडीएम के सामने रखा। काफी देर तक संत-महात्मा अपर जिलाधिकारी से अव्यवस्थाओं का रोना रोते रहे। एडीएम ने संत महात्माओं को भरोसा दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान अति शीघ्र कराया जाएगा। अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से लेबर लगाकर संतों की समस्याओं का समाधान करेंगे। एडीएम ने कहा कि मेला में कल कल्प वाशियों को किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी। सभी समस्याओं का समय रहते निदान किया जाएगा।

**संत बोले- हमारे क्षेत्र में ब्रह्मकुमारियों का क्या काम**

संतों ने अपर जिलाधिकारी से मांग की कि संत क्षेत्र में ब्रह्म कुमारियों ने अपना कैम्प लगवा दिया है। उनका कैम्प अलग क्षेत्र में लगाया जाए। संतो के क्षेत्र में ब्रह्मकुमारियों का क्या काम है। उन्होंने कहा कि नागा सन्त ज्यादातर नग्न रह कर साधना करते है। इस वजह महिलाओं को उनके क्षेत्र से दूर रखा जाए। इस सम्बंध में एडीएम ने जिलाधिकारी को अवगत कराने का भरोसा दिया। एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति की बात से संत-महात्मा संतुष्ट हो गए।

एडीएम का घेराव करते संत-महात्मा। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

बैठक करते कला साधक। अमृत विचार

### बेंगलुरु के कला साधक संगम में जिले से जाएंगे 11 साहित्यकार

**फर्रुखाबाद।** एक से चार फरवरी तक बेंगलुरु में संस्कार भारती की ओर से आयोजित होने वाले कला साधक संगम में जनपद के 11 साहित्यकार प्रतिभाग करने जाएंगे। बैठक के दौरान यह जानकारी साझा की गई। रविवार को प्रीती तिवारी के आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि कला साधक संगम में देश भर के लगभग 2 हजार प्रतिनिधि व कलासाधक एकत्र होंगे। जनपद से उनके समेत 11 लोगों का वहां प्रतिभाग करना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पहली बार संस्कार भारती संस्था भरत मुनि सम्मान भी देगी। उन्होंने कहा कि कला साधक संगम में जनपद से श्याम कुमार मिश्रा नब्बू, ऋषि दत्त शर्मा उर्फ गुड्डू पंडित, अनुराग अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष समरेंद्र शुक्ल, सह विभाग संयोजक आदेश अवस्थी, अजय दीक्षित, अर्पण शाक्य, अखिलेश पांडेय, आकांक्षा सक्सेना व साजन शंकर जौहरी जाएंगे।

### आग से घर में रखी नकदी व गेहूं जला

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ कोतवाली क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों की नकदी व सामान जल गया। शिवशंकर पुत्र स्व पूरनलाल निवासी ग्राम बढ़नामऊ थाना फतेहगढ़ के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। ग्राम प्रधान मनोज गौतम ने बताया कि यहां सब घर के बाहर धूप में बैठे थे , तभी घर में आग लग गई। शिवशंकर ने बताया कि 3 मार्च को उसके बेटे की शादी है। जिससे घर में एक लाख रुपए और दो कुंतल गेहूं व घर का सामान रखा था। सब जलकर राख हो गया। गांव वालों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया।

### राज्यमंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद।** विधानसभा कायमगंज का दौरा करने आईं महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री प्रतिभा शुक्ला का पुलगालिब तिराहा पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. अरशद मंसूरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद सिकंदर मंसूरी, अतीक खान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमित कोरी, मोरपाल शर्मा, अजीम खान आदि मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी अमन मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। राहगीरों ने उपचार के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

### 50 प्रतिशत कॉलेजों ने नहीं दी सरप्लस शिक्षकों की सूचना

**फर्रुखाबाद।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के आदेश के बावजूद अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड कॉलेज) के प्रधानाचार्य सरप्लस शिक्षकों की सूचना नहीं दे रहे हैं। अभी तक 50 प्रतिशत कॉलेजों ने ही सूचना उपलब्ध कराई है, जबकि 30 जनवरी अंतिम तिथि है। करीब पखवारा पहले शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव ने सर प्लस शिक्षकों के समायोजन को लेकर 30 जनवरी तक एडेड कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से सर प्लस शिक्षकों की सूचना मांगी है। जनपद में अभी तक बामुश्किल 50 प्रतिशत प्रधानाचार्य ही सूचना दे सके हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने नाराजगी जताते हुए एडेड कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर 30 जनवरी तक मांगी गई सूचना देने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्यों से सूचना मिलते ही परिषद को भिजवा दी जाएगी।

# डॉ. वीडी शर्मा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

संवाददाता कंपिल फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के केएसआर इंटर कालेज में पूर्व प्रबंधक डॉ. विष्णु दत्त शर्मा की प्रतिमा का अनावरण राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अनावरण अवसर पर मंत्री शुक्ला ने कहा कि पुत्र के द्वारा पिता की प्रतिमा लगाया जाना उनके आदर्शो पर चलने की एक प्रेरणा है। मुझे खुशी हुई है कि मै आज उस विघालय में आई हूं जहां ग्रामीण क्षेत्र के विधार्थीयों को उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए तैयार किया जाता है। यहां कई मेधावियों द्वारा अच्छा वर्चस्व स्थापित किया गया है तथा कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का हुनर दिखाया है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि हमें कई जगह मार्ग दर्शन करने वाले डॉ. साहब की प्रतिमा का अनावरण हुआ है जो सदैव हमे उनका स्मरण कराती रहेगी। भाजपा नेत्री सदस्य राज्य महिला आयोग डॉ मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि स्व. शर्मा जी ने भाजपा के लिए काफी लंबा संघर्ष किया वह सदैव ही पार्टी के हितों में कार्य करते थे। वह नगर के कई लोगो के आर्दश है ।भाजपा ही नही अन्य कई दलों के नेता भी उनका सम्मान करते थे। हालांकि आज वह हमारे बीच नही है ,लेकिन उनकी यह प्रतिमा हमें सदैव उनका स्मरण कराती रहेगी।

जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, पूर्व चौयरमैन कम्पिल डॉ. उपेन्द्र दत्त शर्मा, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. विकास शर्मा, सजल शर्मा, साहित्यकार प्रो. रामबाबू मिश्रा, विघायक डॉ. सुरभी, पूर्व विघायक अमर सिंह खटिक, अवनीश चर्तुवेदी, अमरदीप दीक्षित, रश्मी दुबे, डॉ. जमीलुद्दीन खान. डॉ. मतलूब, अजमल खान, अनिल मिश्रा, डॉ. जितेन्द्र गंगवार व समस्त विधालय शिक्षको ने डॉ. वी.डी शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अनावरण अवसर पर मंचासीन राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

# एसपी बता सिपाही भर्ती के नाम पर छात्र से ठगे 1.17 लाख

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- दिल्ली में सिपाही भर्ती के नाम पर की गई ठगी

**अमृत विचार।** दिल्ली में सिपाही भर्ती के नाम पर छात्र से 1.17 लाख रुपये साइबर ठगों ने ठग लिए। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर रुपया वापस दिलाने की मांग की।

थाना कंपिल क्षेत्र के गांव नगला चपुन्ना निवासी विवेक ने सोमवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है। सात महीने पहले दिल्ली पुलिस में सिपाही पद के लिए आवेदन किया था, जिसकी परीक्षा नोएडा में दी थी। 25 जनवरी को उसके मोबाइल पर वाट्सअप से एक कॉल आई। डीपी में एसपी की ड्रेस वाली फोटो लगी थी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना परिचय एसपी के रूप देते हुए कहा कि तुम्हारा चयन सिपाही के पद पर हो गया है। उसने एक नंबर दिया और 1.50 लाख रुपये भेजने को कहा। विवेक कुमार ने कहा कि 27 तक कई बार में 1.17 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। उधर से बताया कि वर्दी परिचय पत्र व रिवाल्वर आवंटित कर दी गई है। व्हाट्सएप पर परिचय पत्र व रिवाल्वर की फोटो भेज दी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत महमदपुर मूसेपुर विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर/प्रकाशन-2023-2024/ दिनांक 29/09/2023

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

एसबीएम/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 **ग्राम पंचायत महमदपुर मूसेपुर** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 30/01/2024 से 05/01/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक सायं 5:30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी ।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एसबीएम | आर0आर0सी0 सेंटर निर्माण (ठोस अप्रशिष्ठ मैनमेट वेस्ट सेंटर निर्माण) | बिल आफ क्वांटिटी | 4.68 | 2% | 500/ |

**नियम एवं शर्ते** – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है ।धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी ।

**ममता देवी** प्रधान — जगवीर सिंह ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत महमदपुर मूसेपुर ,विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद

# मुठभेड़ में शातिर अपराधी तमंचा सहित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कम्पिल थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर अपराधी को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया है। इसके ऊपर 10 अपराध जिले व आसपास के जनपदों में दर्ज हैं। एसपी विकास कुमार ने बताया कि कंपिल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार कंचन बीती रात अपराधियों की तलाश में वाहन चेकिंग कर रहे थे । इसी दौरान वहां काली पल्सर से गुजर रहे एक व्यक्ति को जब रोका गया तो उसने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए हवा में गोलियां दागी। और घेराबंदी करते हुए पल्सर सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक 315 वोर तमंचा और 4 जीवित कारतूस तथा एक खोखा बरामद हुआ है। गिरफ्तार किए गए पल्सर सवार ने अपना नाम विपिन उर्फ पवन पुत्र वीरेंद्र निवासी सूरजपुर चमरौआ थाना कंपिल बताया है।

## पांच विद्यालयों ने शुरू नहीं की डॉटा फीडिंग

**फर्रुखाबाद।** यू-डायस डॉटा फीडिंग में पांच विद्यालयों ने तो कार्य शुरू तक नहीं किया है। वहीं दस विद्यालयों ने कार्य पूर्ण नहीं कर पाया है। प्रधानाचार्यों को 31 जनवरी तक कार्य पूर्ण करने की चेतावनी दी है।

अमर ज्योति इंटर कॉलेज, दयानंद इंटर कॉलेज, गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर, जनता भारतीय हाईस्कूल, जनता इंटर कॉलेज खंडौली और योगेंद्र सिंह ह्रदेश कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल ने तो अभी तक फीडिंग का कार्य शुरू नहीं किया है। 31 तक कार्य समाप्ति के निर्देश दिए गए हैं।

# पीएम के सुझाव परीक्षा में आएंगे काम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- विद्यालयों में आयोजित किया गया 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम

**अमृत विचार।** जनपद के विद्यालयों में सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलईडी पर शिक्षकों के साथ ही साथ छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुना। विद्यार्थियों ने कहा कि पीएम के सुझाव परीक्षा में बहुत काम आएंगे।

शहर के रस्तोगी इंटर कॉलेज, रामानंद बालिका इंटर कॉलेज, कानौडिया इंटर कॉलेज, ऑल सेट्स पब्लिक स्कूल, माडर्न पब्लिक स्कूल, रखा बालिका इंटर कॉलेज व जीआईसी फतेहगढ़ समेत अन्य कॉलेजों में एलईडी व लैपटॉप पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा। सभी ने कार्यक्रम को ध्यान से देखा। रामानंद बालक इंटर कॉलेज की हाईस्कूल छात्रा राखी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में परीक्षा की तैयारियों के लिए काफी उपयोगी बातें बताईं। उनकी बातों को ध्यान में रखकर परीक्षा की तैयारी करुंगी। जीआईसी फतेहगढ़ के इंटरमीडिएट छात्र अनुराग कुमार का कहना था कि पीएम ने दूसरों से नहीं, खुद से प्रतिस्पर्धा करने की बात कही, जो उन्हें काफी अच्छी लगी। वाकई में परीक्षा के दौरान छात्र यह सोचकर तैयार करता है कि वह अपने साथी से अच्छे नंबर लाएगा, जिससे उसकी तैयारी अच्छी नहीं हो पाती। रामानंद बालिका इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट छात्रा खुशबू कुमारी बोलीं कि पीएम ने मोबाइल का प्रयोग करने के लिए निश्चित समय करने की बात कही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सैदपुर बरझाला , विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./मनरेगा/ टेण्डर/प्रकाशन-2023-2024/ दिनांकः 29/01/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/ योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 **ग्राम पंचायत बरझाला** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 30/01/2024 से 05/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 05/01/2024 सायं 5:30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी ।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | सुखेन्द्र के घर से उमेश के फाटक तक मिट्टी भराव व इण्टरलांकिग | बिल आफ क्वांटिटी | 390154 | 2% | 500/ |
| 02 | मनरेगा | दीवारी लाल के घर से केतन की जगह तक मिट्टी भराव व इण्टरलांकिग | बिल आफ क्वांटिटी | 399852 | 2% | 500/ |
| 03 | मनरेगा | सुखेन्द्र के घर से राजेन्द्र के फाटक तक नाली निर्माण कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 93875 | 2% | 500/ |

**नियम एवं शर्ते** – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है ।धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी ।

**मुन्नी देवी** प्रधान — **विवेक कुमार** ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत बरझाला , विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद

परेशानी — लोहिया अस्पताल में बढ़ गई हड्डी रोग के मरीजों की संख्या, सोमवार को 80 पीड़ित आए

# कड़ाके की सर्दी ने उखाड़ दिया पुरानी चोटों का दर्द

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पिछले एक माह से पड़ रही भीषण सर्दी की बजह हड्डी रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। ठंड से वर्षो पुरानी चोट का दर्द उखड़ गया है। कई रोगियों की हड्डियां टेढ़ी हो गई हैं। सोमवार को डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 80 रोगी ऐसे देखे गए हैं।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि कांत वर्मा बताते हैं कि इस सर्दी का हड्डी पर बुरा असर पड़ा है। उनके पास प्रति दिन 70 से 80 रोगी हड्डी से सम्बंधित आ रहे हैं। किसी के हाथ तो किसी के पैरों की हड्डी में दर्द होना शुरू हो गया है। डा. वर्मा बताते हैं कि जिन लोगो को बरसो पहले चोट लगी थी उनका भी दर्द इस सर्दी ने उखाड़ दिया है। डॉ. ऋषि कांत बताते है कि कई रोगियों की हड्डियां भीषण ठंड की बजह टेढ़ी हो गई हैं ।जिनका उपचार किया जा रहा है। डॉ. वर्मा बताते है कि जिन लोगो को बात की शिकायत है उन्हें ज़रा भी हड्डी में दर्द महसूस हो तो उन्हें तत्काल हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास जाकर उपचार कराना चाहिए। डॉ. वर्मा का कहना है कि वैसे तो घर-घर में लोग मुफ्त में सलाह देने के लिए तैयार बैठे ।वह हर मर्ज का नुक्शा भी बताते हैं ।ऐसे लोगो की बातों में कतई नही आना चाहिए। इनकी बजह से कई रोगियों को अपने हाथ पांव गवाने पड़े हैं। इस बजह नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर रोगियों को इलाज व परामर्श मुफ्त में लेना चाहिए ।गांव गांव बैठे मौत के सौदागरों झोला छाप से भूल कर दवा नही लेनी चाहिए। लोहिया अस्पताल में दवा लेनेआये पांचाल घाट के रहने वाले फ़ौज दार ने बताया कि उसके हाथों में हल्का सा दर्द हुआ और देखते देखते उसके हाथ टेढ़े हो गए। इसी तरह से कई रोगियों ने ठंड से हड्डियां टेढ़ी होने की शिकायत दर्ज कराई हैं।

इस सम्बंध में लोहिया अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजकुमार गुप्ता का कहना हैं कि हल्की धूप निकलने से लोहिया अस्पताल की ओपीडी में मरीजो की संख्या बढ़ी है। सोमवार को 700 के आसपास रोगियों ने अपने पर्चे बनवाए। इनमें जुकाम ,बुखार,खांसी के मरीज भी आये लेकिन सर्वाधिक रोगी हड्डी रोग से सम्बंधित आये हैं।

सीएमएस डॉ. गुप्ता का कहना है कि जिन लोगो को हड्डी रोग से सम्बंधित शिकायत है उन्हें दर्द वाले स्थान पर गर्म पट्टी बांध कर रहना चाहिए। सर्दी का पूरी तरह बचाव करना चाहिए। अन्यथा उनकी हड्डी टेढ़ी हो सकती है।

जानकारी दे रहे डाक्टर ऋषि कांत वर्मा। अमृत विचार

पर्चा काउंटर पर लगी रोगियों की भीड़। अमृत विचार

## पुलिस को सिखाया गया योगाभ्यास

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर में योग प्रशिक्षक रंजीत यादव ने पुलिस स्टाफ को योग करने के गुर बताए । योगाभ्यास के दौरान प्रशिक्षक द्वारा सूर्यआसन, चंद्रासन, भुजंगासन, मयूरआसन, सर्वांगसन आदि आसनों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग करना अत्यंत लाभकारी है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करते रहना चाहिए। जिससेव्यक्तियों को दवाइयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। योग करने वाला व्यक्ति दीर्घ आयु को प्राप्त करता है। योग से न केवल शरीर स्वस्थ होगा बल्कि बुद्धि का भी विकास होता है। प्रशिक्षक ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को सुबह उठकर नित्य कर्म के उपरांत कम से कम 15 से 30 मिनट तक योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। इस अभ्यास के करने से बीमारियां नहीं आती और छोटी-मोटी बीमारियां स्वयं समाप्त हो जाती हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सैदपुर रहमादादपुर , विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./मनरेगा/ टेण्डर/प्रकाशन-2023-2024/ दिनांकः 29/01/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/ योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 **ग्राम पंचायत सैदपुर रहमादादपुर** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 30/01/2024 से 05/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 05/01/2024 सायं 5:30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी ।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | रमेश के घर से मोतीलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग व दोनों तरफ नाली निर्माण | बिल आफ क्वांटिटी | 256672 | 2% | 500/ |
| 02 | मनरेगा | गंगा सिंह के घर से गया प्रसाद के घर तक इण्टरलांकिंग व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 274766 | 2% | 500/ |
| 03 | मनरेगा | रामदीन के घर से ग्रीशचंद्र की जगह तक इण्टरलांकिग व नाली निर्माण | बिल आफ क्वांटिटी | 347501 | 2% | 500/ |

**नियम एवं शर्ते** – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है ।धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी ।

**श्रीकृष्ण** प्रधान — **जगवीर सिंह** ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत सैदपुर रहमादादपुर , विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं,लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं ।किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, भारत 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत को आगामी वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। लाल सागर में हाल की घटनाओं ने वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वैश्विक व्यापार में पहले से ही धीमी वृद्धि है। यदि सप्लाई चेन में व्यवधान जारी रहा तो यह व्यापार, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि भारत इन उभरती चुनौतियों के प्रबंधन को लेकर आश्वस्त है। अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। ध्यान रहे दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत के विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आर्थिक मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन और भी बेहतर दिखाई देता है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्ष में आर्थिक विकास दर में मंदी देखी जा सकती है। उधर भारत ग्लोबल अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। यह रुझान भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स जैसी तमाम एजेंसियां का अनुमान है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। साथ ही एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।

# महात्मा गांधी और भारत की लोकचेतना

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे। महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं।

यह ठीक है कि गांधी एक व्यक्ति थे,किंतु व्यक्ति का क्या? व्यक्ति तो करोड़ों और अरबों-खरबों ही हैं,पहले भी हुए हैं,फिर गांधी पर ही नजर क्यों टिकती है? अनुयायी हों या विरोधी सभी की चर्चा के केंद्र में गांधी क्यों रहते हैं? वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपने को सर्वजन-चेतना से अभिभूत कर लेता है,जब व्यक्ति-चेतना अथवा अहंता-ममता की बर्फ पिघलकर जलधारा बन जाती है,तब व्यक्ति व्यक्ति नहीं रहता,वह कोटि-कोटि जन की अभिव्यक्ति बन जाता है।

वास्तव में गांधी व्यक्ति नहीं रह गए थे,वे समष्टिचेतना बन गए थे,भारत के लोकजीवन की मूल्य प्रणाली,विश्वास प्रणाली,विचार प्रणाली और अभिव्यक्ति प्रणाली का युगावतार। भारत की सामान्य जनता की निष्ठा के संबंध मे महात्मा गांधी ने एक बार यूरोप के एक पत्रकार से बात की। पत्रकार रेवरेंट माट् ने पूछा कि श्रीमान सार्वजनिक-जीवन में आपको आशा और निराशा दोनों ही होती होंगी। आपको किस बात से आश्वासन मिला और किस बात से निराशा हुई? महात्मा गांधी ने उत्तर दिया- भारत की सामान्य जनता बहुत कष्ट में जीवन व्यतीत कर लेती है,किंतु अहिंसा की वृत्ति को नहीं छोड़ती। इससे मुझे आश्वासन मिला है। महात्मा गांधी ने कहा कि निराशा की बात यह है कि शिक्षित लोगों के हृदय में दयाभाव का स्रोत सूखता जा रहा है,इससे मुझे चिंता होती है।

2 अप्रैल 1947 को दिल्ली मे एक इंटर एशियन रिलेशंस कान्फ्रेंस हुई थी जिसमें महात्मा गांधी ने जो भाषण दिया था,उसमें आपको उसी भारतीय लोकचेतना का स्वर सुनाई देगा। गांधीजी ने कहा कि आप सभी दोस्तों ने जो भारत है,उसे वाकई नहीं देखा है। यह कांफ्रेंस भी असल भारत में नहीं हो रही है। दिल्ली, बॉम्बे, मद्रास, कलकत्ता, लाहौर- बड़े शहर होने की वजह से ये सभी पश्चिम से प्रेरित हैं। उन्होंने एक कहानी सुनाई - "एक बार की बात है, फ्रांस के तीन वैज्ञानिक सत्य की खोज में निकले। तीनों एशिया के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। इनमें से एक वैज्ञानिक ने भारत में अपनी खोज जारी रखी। वह उस वक्त के तथाकथित शहरों में गया। यह अंग्रेजों और



मुगलों के आधिपत्य से पहले की बात है। उसने यहां के कथित ऊंची जाति के लोगों, पुरुषों व महिलाओं को देखा,मगर उसे संतुष्टि नहीं मिली। अंत में थक-हार कर वह एक साधारण सी कुटिया में जा पहुंचा। वहां उसे उस सत्य के दर्शन हुए जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी।" गांधीजी ने कहा कि "अगर आप वाकई भारत को देखना चाहते हैं तो आपको यहां के गांवों में बसे दलितों के बेहद साधारण-से घरों में आना होगा। यहां ऐसे सात लाख गांव हैं जिनमें अड़तीस करोड़ लोग रहते हैं। इस भारत को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने भारत की एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा की है। मुरझाई आंखों से मैंने यहां मनुष्यता की दयनीय तस्वीर देखी है। भारत यहीं बसता है। गोबर से सनी इन मामूली झोपड़ियों में मिलते हैं, वे दलित जिनमें मिलेगा आपको खाटी ज्ञान। लोकतंत्र और निर्धनतम लोगों के जागरण के इस दौर में आप पूरी ताकत से इस संदेश को फैला सकते हैं। गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे।"

महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं। सच्चाई,ईमानदारी,सादगी, समानता,भाईचारा ,लोकमंगल,विश्वशांति आदि लोकजीवन के मूल्य जैसे महात्माजी के रूप में जीवंत हो गये थे। गांधी ने भारत के लोकजीवन का प्रत्यक्ष दर्शन और अनुभव किया था। गांधी ने भारत को जानने के लिए भारत को पाने के लिए भारत की पैदल-पैदल यात्रा करते हुए लोकमन से तादात्म्य की साधना की और और लोकमानस में जगह बनाई थी। लोक को जगाया था,लोक के विश्वास को जगाया था और लोक का विश्वास जीता था। लोक ने भी उनको विश्वास दिया था। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द फौज रेडियो से सुभाष चन्द्र बोस ने एक पत्र महात्माजी के नाम प्रसारित किया था, उसमें उन्होंने महात्माजी कहकर संबोधित किया और उन्हें लोकजागरण का प्रतीक बतलाया। कहा कि भारत और भारत के बाहर रहने वाले भारतीयों की दृष्टि में आप हमारे देश के वर्तमान जागृति के जनक हैं।

गांधी लोकजीवन को इतना उद्वेलित नहीं कर पाते यदि वे स्वयं ही सामान्यजन न बन गए होते। वे तो बैरिस्टर थे,लेकिन सामान्यजन के बीच घुलमिल जाने के लिए उन्होंने सिर के बाल हटा दिए,आधी धोती पहन ली और आधे से शरीर ढक लिया। पैरों में चप्पल डाल ली। सामान्यजन की वह असामान्यता कि गोलमेज-सम्मेलन असफल हो गया,होना ही था,किंतु उस दौरान सम्राट पंचम जार्ज ने बर्किंघम पैलेस में विशालभोज दिया। दो हजार मेहमान थे जिनमें राजनयिक थे,लार्ड थे तथा भारत के राजा,महाराजा और नवाब-लोग बड़े ठाठ-बाट से सजे सजाए खड़े हुए हीरे और जवाहरातों की नुमाइश कर रहे थे। उस वैभवशाली समारोह में उन सभी महिमाशाली लोगों ने देखा कि घुटनों तक धोती बांधे,सफेद दुपट्टा डाले बड़े गौरव के साथ एक सामान्य आदमी आ रहा है। सभी की नजर उस धोती-वाले पर ही जा टिकीं। थोड़ी देर में पंचम जार्ज आए,उन्होंने चारों ओर देखा और उस सामान्यजन के पास आकर खड़े हो गए। सम्राट कुछ देर तक तो उन्हें देखते रहे,फिर बोले कि आप अफ्रीका में तो हमारे मित्र थे, मैं नहीं समझ पाया कि अब आप हमारे विरुद्ध कैसे हो गए? बापू ने उन्हें देखा और मुसका दिए।

सम्राट फिर बोला मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आपने भारत में गड़बड़ी की और मेरी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया तो वहां मेरी सेना उपद्रवियों को उड़ा देगी। यह बात इतनी धीरे से कही गई थी कि वहां खड़ी हुई सरोजिनी नायडू ने ही सुनी। गांधी उस समय तो मुसका दिए,किंतु जब प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी समिति की बैठक हुई तो वे बोले भारत में मेरे बच्चे ब्रिटिश बमों को केवल पटाखे समझते हैं। महात्मा गांधी के लिए लोकतंत्र का क्या अर्थ था, इस बात को हम उनके जीवन की एक घटना समझ सकते हैं।

महात्मा गांधी से (पहले से ही समय लेकर) गांव के दो किसान मिलने आए थे, महात्माजी उनको कुछ समझा रहे थे कि इसी बीच वायसराय के यहां से कोई अंग्रेज-अफसर गांधीजी से मिलने आ गया। थोड़ी देर तो उसने किसानों से महात्माजी की बातें सुनी फिर बोला मुझे आपसे बात करनी है। महात्मा गांधी ने कहा ठीक है,कहिए। वह अफसर उन किसानों को वक्र-दृष्टि से देखते हुए बोला मुझे राज्य के संबंध में गोपनीय बातें करनी है। महात्मा गांधी बोले ठीक है,करिए। उसने फिर से उन किसानों की ओर देखा। महात्मा गांधी बोले-हां, वे तो उस राज्य के मालिक हैं जिसके संबंध में आप गोपनीय बात करना चाहते हैं। राज्य के मालिक से छिपकर क्या बात करनी है? राज्य के मालिक से दुराव-छिपाव क्यों?

लोकचेतना की तरह ही महात्मा गांधी सामान्यजन के बीच खींची जाने वाली किसी भी रेखा या दायरे को अस्वीकार करते थे। जीवन भर वे दायरों को तोड़ते ही रहे। बापू की हत्या हुई तब कविवर बालकृष्ण शर्मा नवीन ने एक बड़ी कविता लिखी थी,उसका सार यह था - ऐसे संत-पुरुष के मरने का दुःख नहीं है,दुःख तो मनुष्य और मनुष्यता के मर जाने का है। ऐसे रामभरोसे रहने वाले आदमी पर जिन हाथों से गोली चली। क्या वह मनुष्य था? क्या उसकी मनुष्यता मर गई थी? लोक नायक पर प्रहार का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

## व्यंग्य

# मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने

नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआ भर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था।

एक कार्यक्रम में सौभाग्य भरे इत्तेफाक से लुप्त हो रही नौटंकी विधा का रसास्वादन हुआ। मजा आ गया। मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने... ये गीत गाकर नाच रही नटी से नट बोला-लग रहा है लोकसभा चुनाव 2024 के मंच पर भाजपा है तू। नटी बोली- तुझे जलन क्यों हो रही है। यूपी के अस्सी मेरे और अब तो बिहार के चालीस भी मेरे। मंडल भी मेरा कमंडल भी मेरा। श्रीराम भी मेरे, कर्पूरी ठाकुर भी मेरे। नीतीश भी मेरे। बिहार की नैया के मांझी भी मेरे,पासवान के चिराग भी मेरे। यूपी के पीले गमछे वाले राजभर भी मेरे, निषाद भी मेरे, पटेल भी... और अब देशभर के कुर्मी भी मेरे। ब्राह्मण,बनिया,ठाकुर तो पहले से ही मेरे हैं। यूपी भी मेरा,बिहार भी मेरा,राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश...सब मेरा।

नट-तो फिर मेरा क्या है? नटी-जा दक्षिण में कहीं सिर छिपा ले। नट-दक्षिण भी कहां छोड़ रही है तू,वहां भी फन फैलाए बैठी हो,जहां तुम्हारा जलवा नहीं चलता वहां भी तो डोरे डाल रही हो।

नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

नटी-सब हमारे आंशिक हैं, पूरा देश हमारा है। तुम्हें क्यों जलन हो रही कलमुंहे? नटी ने ये कहते हुए नट के सीने पर हाथ मारा तो नट जमीन पर गिर गया। दर्शकों में किसी ने हूटिंग की- इंडी गठबंधन है क्या,जो धड़ाम से गिर गया? दूसरा दर्शक बोला- इसे पप्पू से मिलवा दो। वो न्याय बांटता घूम रहा है और इनके अपने गठबंधन के साथी न्याय न पाकर गश खाकर गिरे पड़ रहे हैं। तीसरा दर्शक बोला-भला हो मोटे भाई का,इससे पहले कि कोई गिरने वाला हो,वो इस्ट्रएचर लिए खड़े रहते हैं। ईडी,सीबीआई के पहिए वाला इस्ट्रएचर पहले कमलछाप साबुन से नहलाकर पवित्र करता है और ऑपरेशन लोटस की अपार सफलता का सिलसिला जारी रखता है। नटी- ठीक तो है,हमारी छोटी सी शर्त है। कुंवारे रहकर एकला चलो या हमारे साथ ब्याह करो।

दर्शक- जैसा कि दिल्ली में खांसी वाले और उनके पंजाब के साथी दारूवाला,यूपी के भइया और बंगाल की दीदी बहन जी की तरह एकला चलो की राह पर चल सकते हैं। नटी-समझदार हैं ये लोग,इस मुवे की तरह (जमीन पर पड़े नट की तरह इशारा करते हुए) खड़गे... ओह आज जबान बहुत फिसल रही है। गड्ढे में नहीं गिरना चाहते हैं ये लोग। नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआभर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था। हलाला करवाकर दोनों को फिर अपना बना लिया। अब इन्हें जोरू का (अपना) गुलाम बनाऊंगी। नट-शर्म करो नास पीटी,लज्जा नहीं आती। डायन भी सात घर छोड़कर डसती है,तू तो ऐसी डायन है कि अपनो को भी नहीं छोड़ती,तूने तो एमपी वाले अपनी मामा और राजस्थान वाली अपनी मामी को भी डसने में कसर नहीं छोड़ी।

नटी-जा-जा मेरा पीछा छोड़, पप्पू की न्याय यात्रा में जाकर मेरे अन्याय को उजागर कर दे। मुझे कोई चिंता नहीं। राम कसम जनता हम पर भरोसा करती है, मेरी गारंटी पर भरोसे का दौर चल रहा है। कुछ तो है न मुझमें जो तुझमें नहीं है। मेरी काबिलियत की गर्मी देखकर अब वो ठिठुर रहा है। पिछली बार जीरो डिग्री में हाफ टी-शर्ट में घूम रहा था। अब इलेक्ट्रिक हीटर में कोयले जला रहा है मूर्ख...

आडियंस हंसने लगी और पर्दा गिर गया।

# अस्वाभाविकताओं का दौर

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए।

हम अस्वाभाविकताओं के दौर में जी रहे हैं। दलित चेतना की आभा की प्रतीक रहीं मायावती किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रतिरोध की मुख्यधारा से बाहर हैं। समर्थक हों या विरोधी,सब लगभग एक स्वर में कहते थे कि नीतीश कुमार विपक्ष के एकमात्र ऐसे बड़े चेहरे हैं जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में लाना आसान नहीं है। विश्लेषकों का एक वर्ग नीतीश को नरेंद्र मोदी के बरक्स खड़ा करने का मजबूत तर्क देता था। सपाट तरीके से सोचें तो यह तर्क प्रभावित भी करता था,क्योंकि नीतीश का ओबीसी होना,हिंदी पट्टी का प्रभावशाली नेता होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक के रूप में गिनाए जाते थे।

बहुत सारे विश्लेषक तो ऐसी रणनीतियों पर लंबी-लंबी परिचर्चाएं करते थे कि नीतीश उत्तर प्रदेश की किसी अनुकूल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के वोट बैंक को यूपी में ही नहीं,मध्य प्रदेश और झारखंड के भी कई इलाकों में एक नया विस्तार देंगे,लेकिन दौर चूंकि अस्वाभाविकताओं का है। हमने टीवी स्क्रीन पर देखा कि बुझे और थके चेहरे के साथ नीतीश कुमार राज्यपाल के समक्ष रिकार्ड नवीं बार नई सरकार चलाने की शपथ ले रहे थे और उनकी बगल में भाजपा के उनके नए सहयोगियों की कतार थी। लोगों ने ऐसे मंजर कम ही देखे होंगे कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो और शपथ लेने वालों में एकाध को छोड़ किसी का चेहरा उल्लास से दमक न रहा हो। जीतनराम मांझी के सुपुत्र जी और एक निर्दलीय जी को छोड़ किस शपथ लेने वाले के चेहरे पर आंतरिक खुशी नजर आ रही थी। चाहे जातीय गणना का मुद्दा हो,आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का मामला हो या कम समय में रिकार्ड तोड़ संख्या में सरकारी नौकरियां देने का क्रेडिट हो, अब अतीत बन चुकी महागठबंधन की सरकार अच्छी खासी चल रही थी,लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार के ऐसे कौन से निकट सहयोगी-सलाहकार थे जिन्हें इस सरकार को गिराने और भाजपा के साथ नई सरकार बनाने की बेताबी थी। निश्चय ही कुछ सांसद होंगे जिन्हें डर होगा कि वे पिछला चुनाव लालू विरोधी मतों को पाकर जीते हैं और अगला चुनाव महागठबंधन की ओर से लड़ने में उन्हें दिक्कतें पेश आ सकती हैं। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है कि इस आधार पर वे नीतीश कुमार को विवश कर दें और भाजपा के पाले में फिर से ले आएं।

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए,लेकिन नीतीश कुमार उदाहरण हैं कि कोई नेता अगर राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से नौकरशाहों की खास मंडली पर जरूरत से ज्यादा निर्भर करने लगे,अगर उसके अगल-बगल जनाधार विहीन राजनेताओं की मंडली जमा हो जाए और समय एवं परिस्थितियों के अनुसार खासी प्रभावशाली भी हो जाए तो एक दिन बड़े से बड़े आभामंडल वाले नेता की भी मिट्टी पलीद होना तय है। सभी के लिए उम्र महज एक संख्या नहीं होती। सबके अपने पारिवारिक-सामाजिक आधार होते हैं, उस आधार पर बनता-बिगड़ता अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होता है। आडवाणी हों, मनमोहन हों या स्वर्गीय मोरारजी,कई उदाहरण हैं। उन्हें लेकर कभी अफवाहें नहीं उड़ी कि कोई चौकड़ी उनकी उम्र जनित समस्याओं का लाभ उठा कर उनके राजनीतिक फैसलों पर हावी हो रही है,लेकिन नीतीश कुमार को लेकर ऐसी अफवाहें चल रही हैं। नीतीश बेदाग होंगे ऐसा संभव है, लेकिन वर्षों से उन्हें घेरे,अपने घटिया स्वार्थों में लिप्त नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों की मंडली में कौन कितना बेदाग है यह कौन बता सकता है? केंद्रीय एजेंसियों की आंच अगर उनमें से कुछ तक पहुंच रही हो और उसका असर राजनीतिक ब्लैकमेलिंग के रूप में सामने आ रहा हो तो इसमें क्या आश्चर्य?

एक बात के लिए तेजस्वी यादव को नीतीश का,उनके निर्णयों पर कथित रूप से प्रभाव डालने वाले सलाहकारों का और इन तमाम घटना क्रमों का आभार मानना चाहिए कि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को इन सबने एक नई चमक दी है। उन्होंने छला नहीं है,बल्कि वे छले गए के रूप में जनता के सामने जा सकते हैं। भले ही नीतीश रिकार्ड समय में लाखों नौकरियों का क्रेडिट लें, लेकिन बिहार के बेरोजगार नौजवानों के बीच तेजस्वी की ही चर्चा है और यह जाति धर्म से ऊपर उठकर उनके प्रति युवाओं के अनुराग का एक अध्याय है। आगे वे क्या करते हैं, कैसे बिहार की राजनीति को संभालते हैं,यह उन पर निर्भर करता है।

## सोशल फोरम

# अमीर खुसरो और निजामी

अमीर खुसरो की इच्छा थी कि साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान का प्रभाव ईरान-तूरान से आगे तक महसूस किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी साहित्यिक परियोजना पर काम शुरू करने का इरादा किया जो सार्वभौमिकता के तकाजों को पूरा करती हो।

असग़र मेहदी
लखनऊ

फिरदौसी के शाहनामा के बाद गंजवी के निजामी के नाम से प्रसिद्ध जमाल उद्दीन अबु मुहम्मद इलयास इब्ने यूसुफ़ इब्ने ज़की (1141-1209) ही मसनवी के क्षेत्र में कमाल दिखा सका था। उसके द्वारा पांच साल में पांच मसनवियों के पंज-गंज या खमसे की रचना उसे फारसी साहित्य में रूमानी परंपरा का महत्वपूर्ण शायर स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।

निजामी को फारसी महाकाव्य में बोलचाल और यथार्थवादी शैली के प्रवेश कराने में सहायक माना जाता है। उसका पंज-गंज बाद की शताब्दियों में ईरानी और मुगल दरबारों में पेंटिंग के हवाले से एक लोकप्रिय विषय रहा है। अमीर खुसरो ने निजामी से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना पर काम शुरू कर दिया और केवल तीन वर्षों (1298-1301) में तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पांच मसनवियों पर आधारित अपना खमसा दुनिया के सामने पेश कर दिया।

पहली मसनवी,'मतला उल अनवार' सूफीवाद और नैतिकता से संबंधित विषयों को समेटती है। दूसरी मसनवी "शिरीं व खुसरो", आर्मीनियाई राजकुमारी, ईरानी राजकुमार और एक संगतराश के नाकाम प्रेम के विषय का करुणाजनक बयान है। तीसरी मसनवी "लैला व मजनू" में अरबी मूल कथा का ईरानीकरण है। चौथी मसनवी "आयीना ए सिकंदरी", निजामी की दो मसनवियों "सिकंदर नामा (बर्री और बहरी)" से छोटी होने के बावजूद,उनसे मुकाबला करती नजर आती है।

अमीर खुसरो की पांचवीं मसनवी "हश्त बिहिश्त" अर्थात आठ स्वर्ग,जो इतिहास और किंवदंतियों का बेहतरीन संगम है। यह भी अजब है कि हिंदुस्तान से बाहर ख़ुसरो की ख्याति की वजह मसनवियों का यह संकलन करार पाया। जबकि हिंदुस्तान में वह गीतों, दोहों, गजलों, पहेलियों की वजह से जाने और पहचाने जाते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# गांधी का चतुर्मुखी दर्शन

महात्मा गांधी भारत भूमि पर जन्मे ऐसे युग पुरुष हैं,जिन्होंने अपने सत्कर्मों से भारत को ही नहीं अपितु समस्त मानवजाति को धन्य किया। मानव-सेवा, शोषितों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रुषा के लिए गांधी जी ने जो कार्य किए वे कालजयी बन गए। उनके यही कार्य उनके दर्शन का रूप धारण कर 'गांधीदर्शन' में परिणत हो गए। कोई भी विचार या दर्शन कालजयी तब बनता है जब हर युग में उसकी प्रासंगिकता हो। महात्मा गांधी का दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक दर्शन है। इसमें जहां एक ओर अध्यात्म और नैतिकता का सुख है वहीं राजनीति और रचनात्मकता का आनंद भी है। गांधी दर्शन चार प्रमुख रूपों में हमारे सम्मुख आता हैं-आध्यात्मिक, नैतिक, राजनीतिक और रचनात्मक।

डॉ. लवलेश दत्त
बरेली

महात्मा गांधी पूर्णतः आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और वही सत्य है। अतः उन्होंने 'ईश्वर सत्य है' को 'सत्य ही ईश्वर है' माना और जीवनभर सत्य के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते रहे। उनका मानना था कि दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। गांधीजी पुनर्जन्म में आस्थाशील थे। महात्मा गांधी के अध्यात्म दर्शन अध्यात्म के सभी प्रमुख तत्वों ब्रह्म,जीव,जगत,माया,मोक्ष आदि के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी ने अपने दर्शन को नैतिक आदर्शों का आधार प्रदान किया। गांधीजी चाहते थे कि देशवासी अपने चरित्र और जीवन को ऐसा बनाएं कि संपूर्ण विश्व में एक आदर्श स्थापित हो सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गांधीजी ने न केवल भारतवासियों के लिए,बल्कि संपूर्ण मानव जाति को नैतिक आदर्शों का पाठ पढ़ाया। गांधीजी चाहते थे कि लोग सच्चरित्र हों, सत्यवादी हों और अहिंसा का पालन करने वाले हों। एक शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति संयमित हो और उसे अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो। गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पालन में अपना सर्वस्व त्याग दिया था। गांधीजी अहिंसा की लड़ाई के वीर योद्धा थे और उनकी अहिंसा की लड़ाई के बल पर ही देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई। गांधीजी ने स्वाधीन देश में आदर्श समाज की स्थापना के लिए ही नैतिक आदर्शों को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। उनका स्वप्न था कि स्वाधीन देशवासी नैतिकता के आधार पर ही एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें जिससे भारत संपूर्ण विश्व के समाने नैतिकता की एक मिसाल बने। गांधीजी के राजनीतिक दर्शन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है-सत्याग्रह।

गांधीजी अहिंसक उपायों से देश को स्वाधीन कराना चाहते थे। वे जानते थे कि यदि हिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता प्राप्त की गई तो उसे स्थाई बनाए रखने के लिए भी हिंसा का मार्ग ही अपनाना पड़ेगा। अतः अहिंसा के माध्यम से प्राप्त स्वाधीनता ही चिरस्थायी रह सकेगी। इसीलिए अपने राजनीतिक दर्शन में गांधीजी ने अहिंसक उपायों का प्रयोग किया। भारत की स्वाधीनता के लिए किए गए उनके कार्य उनका राजनीतिक दर्शन बन गए। गांधीजी का रचनात्मक दर्शन सर्वोदय की अवधारणा पर स्थापित है। स्वदेशी आंदोलन और सांप्रदायिक सद्भाव उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। गांधीजी का प्रत्येक कार्य जनहित में था। इसीलिए उन्होंने सर्वप्रथम सर्वोदय का नारा दिया। सब एक साथ आगे बढ़ें यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने स्वावलंबन और शारीरिक श्रम जैसे बिंदुओं को अपने रचनात्मक दर्शन का अंग बनाया। गांधीजी शारीरिक श्रम पर बल देते थे। गांधीजी ने देश की स्वतंत्रता, मानव सेवा और मनुष्य के नैतिक उत्थान के लिए जो कार्य किए वे सभी गांधीदर्शन में परिणत हो गए। उनका दर्शन पूर्ण और व्यावहारिक दर्शन है।

# सरकार पलट गई कुर्सी स्थिर रही

नीतीश कुमार नवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। पत्रकारों के सवाल पर जवाब दिया सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था,जब भाजपा से गठबंधन तोड़ा तो बोले हमारी पार्टी ही हड़प लेना चाहते हैं। एक बात तो है नीतीश कुमार भले ही विचारों में स्थिर न हों,लेकिन कुर्सी मजबूत स्थिति में रहती है। उन्हें पलटूराम कहा जा रहा है,जबकि वे स्थिर हैं।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पलटूराम तो वे हैं,जो मुंह भर-भर कर कोसते रहे। अब हंसते हुए सरकार में शामिल हो कसीदे पढ़ेंगे। आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच व सदन की गरिमा भी तो रखनी है। नीतीश का 24 जनवरी 2024 को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर परिवारवाद पर भाषण देना ही लग रहा था कि अब फिर बदलेंगें। यह तो उनको पता ही था कुर्सी नहीं बदलेगी। वे जानते थे,जो उनके खिलाफ हैं,सत्ता की चाशनी में फिर लिपटने चले आएंगे। यदि लोकसभा के बाद परिणाम उचित नहीं आए तो फिर हो सकता है कि कुर्सी को ध्यान रखते हुए मन बदलेंगे। तेजस्वी यादव भी फिर आ जाएंगे आखिर सत्ता हनक की बात ही कुछ और होती है। एक बात तो है इतिहास उन्हें कैसे याद करेगा इसका भी ख्याल रखना चाहिए था। नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराई जिसमें तेजस्वी यादव का भी साथ था। मुझे लगता है उन आंकड़ों से दूसरे दल घबरा गए। अब से पूर्व की सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।

दोनों पिछड़े वर्ग से अबकी सरकार में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए,जो कहते थे कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही पगड़ी खोलेंगे। अब उन्होंने ही उपमुख्यमंत्री की पगड़ी बांध ली ये भी कालचक्र का नया पहलू है।

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली से बदमाश घायल, दबोचा गया

## पुलिस को देख गोली चलाते हुए भाग रहा था, शातिर पर 25 हजार का था इनाम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- तमंचा के साथ बाइक बरामद 11 अपराधिक मामले दर्ज

**अमृत विचार।** वैदपुरा थाना पुलिस व एसओजी टीम के साथ हुई मुठभेड़ में एक 25 हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस के अलावा एक बाइक भी बरामद की है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि एसओ वैदपुरा अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक 25 हजार रुपया का इनामी बदमाश बाइक सहित नगला बरी के पास मौजूद है। वह किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। इस सूचना से उन्होने एसओजी टीम के अलावा सैंफई के प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया। पुलिस मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची तो पुलिस की भनक लगने पर वह बाइक लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक सवार बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। पुलिस की जबाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल ले गई। पुलिस को उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम आमीन पुत्र शहाबुद्दीन निवासी महावीर नगर भिंड बताया। एसएसपी ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बस स्टैंड से तिजोरी के अलावा क्षेत्र के कई स्थानों पर चोरी की वारदातो को अंजाम दिया था। उसके साथी पहले ही पकड़ कर जेल भेजे जा चुके है। पूछताछ में इसने गिरोह के कई साथियों के नाम भी बताए हैं। उनकी भी जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पकड़े गए आमीन पर अलग अलग थानों में 11 मामले दर्ज है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

पुलिस की गिरफ्त में घायल बदमाश। अमृत विचार

### गैगस्टर में वांछित दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**इटावा।** बकेवर थाना पुलिस ने सेंगर नदी के पुल के पास से एक दस हजार रुपया के इनामी गैगेस्टर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि एसओ बकेवर टीम के साथ गश्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि गैगेस्टर में वांछित दस हजार का इनामी सेंगर नदी के पास खड़ा है। सूचना पर उन्होंने अपनी टीम के साथ छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार पुत्र जयकृष्ण निवासी ग्राम विरौंधी थाना भरथना बताया। एसएसपी ने बताया कि अजय कुमार भरथना थाने से गैगस्टर के मामले में वांछित चल रहा था। उस पर दस हजार का इनाम घोषित था।

# व्यापारियों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण पर बल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। यह निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ से संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना व जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी उद्यमियों से कहा कि उद्योग से संबंधित समस्याओं को लिखित में दिया जाए , जिससे निस्तारण के लिए किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग से कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैंक से समन्वय स्थापित करके समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग से कहा कि आपूर्ति ज्यादा समय के लिए काटी जाती है तो इसके पूर्व में उद्यमियों को अवगत करा दिया जाए, जिससे इनको किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। जिलाधिकारी ने पशु विभाग की प्रगति खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान के लिए प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार से कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों का जल्द निस्तारण किया जाए। उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से मौत की रिपोर्ट दर्ज

**इकदिल, इटावा।** थाना में इसी क्षेत्र के गांव ककरैया के रहने वाले अंकित कुमार ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कहा है 16 जनवरी की शाम इसी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर ज्ञानस्थली के पास तेजी लापरवाही से ट्रक चलाते हुए उसके पिता की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें पिता जगदीश सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

## सार-संक्षेप

बैठक में जानकारी देते जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव। अमृत विचार

### कर्मचारियों के विवाद निपटाने के लिए बनाई गई कमेटी

**इटावा।** राज्य कर्मचारियों के अदालती विवादों को निपटने के लिए सरकार ने एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई है। इसमें इन विवादों का निस्तारण किया जाएगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे लाखों प्रकरण हैं, जो विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारियों को नियमित मिलने वाली सुविधाओं के न मिलने अथवा उत्पीड़न आदि को लेकर है। इन्हें लेकर न्यायालय की शरण लेनी पड़ती है। जिससे परेशानी होती है। ऐसे में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की अपील पर सरकार ने पांच शीर्ष वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के उच्च स्तरीय समाधान फोरम का गठन किया है। यह फोरम समस्याओं का निस्तारण करेगा। इसमें कर्मचारियों का पक्ष रखने के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। परिषद की इस बैठक में संरक्षक दिलीप मिश्रा व प्रदीप सक्सेना, जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, पूरन सिंह, प्रशांत पोरवाल, अशोक शर्मा, अरविंद शर्मा मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टिप्स देखते संत विवेकानंद के छात्र छात्राएं। अमृत विचार

### परीक्षा के तनाव को कम करने का पीएम से पाया गुरु मंत्र

**इटावा।** आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के परीक्षार्थियों ने आने वाले परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए गुरु मंत्र को एकाग्र होकर सुना। 'परीक्षा पे चर्चा' एक वार्षिक कार्यक्रम है, जहां छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान पी एम नरेंद्र मोदी ने बिना किसी बात की ज्यादा चिंता किए प्रवेश परीक्षाओं और बोर्ड परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के मंत्र दिये। तकरीबन 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पीएम के सजीव प्रसारण को देखा। कार्यक्रम के बाद प्रधानाचार्य एवं सीबीएसई सिटी कोआर्डीनेटर डॉ. आनंद मुनि ने बोर्ड परीक्षार्थियों से आने वाले बोर्ड परीक्षा में पूरी तन्मयता से जुटने एवं बिना किसी तनाव से अपने लक्ष्य को हासिल करने की बात कही। उन्होंने कहां कि छात्र छात्राओं को बिना किसी आपसी प्रतिस्पर्धा के परीक्षा में सम्मलित होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

### व्यवसायी के निधन पर बंद रहा बाजार

**महेवा-इटावा।** महेवा निवासी व्यवसायी विनय तिवारी की हृदयाघात के चलते आकस्मिक निधन पर व्यापारियों ,ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों संभ्रांत व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया है। शोक में बाजार भी बंद रहा । निधन पर प्रधान महेवा कुमुद सिंह ,प्रधान बहेड़ा विजय प्रताप सिंह सेंगर, प्रधान आनेपुर सीता कुशवाहा, अशोक शास्त्री, सहकारी संघ अध्यक्ष राजीव चौधरी, देवेंद्र चतुर्वेदी, देवेश तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथुन पांडेय, पूर्व प्रधान सजंय पाल, पूर्व बीडीसी बबलू सोनी, समाज सेवी हरी चौबे, सोनू अग्निहोत्री आदि ने शोक व्यक्त किया है ।

मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करते डीआई रजत कुमार पांडेय। अमृत विचार

### मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में मिलीं खामियां, नमूना भरा

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशानुसार जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने बसरेहर स्थित शाक्य मेडिकल स्टोर और चंदन मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। एक मेडिकल स्टोर से दवा का नमूना भरा गया मेडिकल स्टोर मालिक से 10-10 संदिग्ध दवा के बिक्री खरीद रिकॉर्ड मांगे गए हैं। निरीक्षण के दौरान दोनों ही प्रतिष्ठानों पर विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था। एक्सपायरी एवं पशु चिकित्सा औषधि को रखने के लिए पृथक जगह निर्धारित नहीं मिली । इसके बाद लखना स्थित रजत मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर एक नमुना भरा। फर्म स्वामी ने विक्रय अभिलेख जारी नहीं किए। मालिक से दस संदिग्ध दवा के बिक्री खरीद रिकॉर्ड मांगे गए हैं। चकरनगर स्थित आराध्या मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर एक नमूना भरा गया और मालिक से दस दवाओं के बिक्री खरीद रिकॉर्ड मांगे गए हैं। फर्म से निरीक्षण के दौरान भरे गए नमूनों को राजकीय प्रयोगशाला, लखनऊ भेजा गया। उपलब्ध कमियों के निस्तारण के लिए नोटिस दिया जाएगा।

सदस्यता अभियान में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव। अमृत विचार

# एसएस पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

**ताखा-इटावा।** सर्वजन सुखाय पार्टी को ताखा में मजबूती प्रदान करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव खुद ही मैदान में पर उतर पड़े हैं। वह गांव गांव पहुचकर सदस्यता अभियान चलाकर लोगो को पार्टी से जोड़ने के अभियान जुटे हैं। ताखा के कई गांवों में उन्होंने अभियान चलाकर लोगो को पार्टी की सदस्यता से जोड़ा।

पार्टी से ताखा क्षेत्र में तमाम लोग जुड़ रहे हैं । इन दिनों ताखा में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष जसकरन सिंह कठेरिया भी सक्रियता से जुटे हैं। ताखा के नगरिया यादवान, नगला ढकाऊ, जगमोहन पुरा, नगला सती, गंगदासपुरा सहित कई गांवो मे सदस्यता अभियान चलाते हुए शिवप्रसाद यादव ने कहा उनकी पार्टी जाति धर्म से ऊपर उठकर देश के विकास के लिए काम कर रही है। वह गरीब तबके के हर व्यक्ति की आवाज को ऊपर तक लाना चाहते हैं। गांवों में भारी संख्या में लोग पार्टी के सदस्य बन रहे हैं । मंडल सचिव सुखदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष स्वदेश यादव, राजीव कुमार, अतुल यादव, शिवम यादव, गुड्डु यादव, सत्यनारायण, कमलेश यादव मौजूद रहे।

# चेयरमैन पुत्र ने गैस एजेंसी संचालक की बचाई जान

**भरथना-इटावा।** निर्माणाधीन इटावा-कन्नौज हाईवे पर ग्राम माहनेपुर स्थित गैस रिफलिंग के निकट निर्माणाधीन पुलिया पर कार अनियंत्रित होते हुए सड़क किनारे बने एक खड्ड.में गिरकर पलट गई। जिसमें फंसे कार चालक गैस एजेंसी संचालक राजीव पाल निवासी ग्राम घमुरिया भरथना बुरी तरह से घायल हो गये। दुर्घटना के दौरान कार के पीछे कुछ दूरी पर इटावा से घर आरहे भरथना नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अजय कुमार के छोटे पुत्र व युवा समाजसेवी सार्थक यादव उर्फ छोटू ने जैसे ही कार को दुर्घटना ग्रस्त होते देखा, वे तत्काल अपने साथियों अरविंद यादव,गोलू तिवारी सहित अपनी कार से निकल कर एजेंसी संचालक राजीव पाल के बचाव कार्य में जुट गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाकर जान बचायी।

# बसपा नेता को झूठा फंसाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पीड़ित ने एसएसपी से चौबिया एसओ की शिकायत की
- मामले की जांच एसपी ग्रामीण करेंगे

**अमृत विचार।** बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह जाटव ने चौबिया एसओ पर उसके घर जाकर गाली गलौज करने और उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। मामला जानकारी में आने के बाद एसएसपी ने मामले की जांच एसपी ग्रामीण को सौंपी है।

बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह जाटव ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि आठ जनवरी की रात को वह अपने घर ग्राम मूंज थाना चौबिया पर था, तभी एसओ चौबिया अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और पड़ोसी अर्जुन पुत्र धर्मवीर को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए घर से घसीटकर ले जा रहे थे। शोरगुल सुनकर उसने बाहर आकर एसओ से पूंछा इसे क्यों ले जा रहे हो। इतना कहते ही उसके साथ गाली गलौज कर जाति सूचक गालियां दी। विरोध करने पर उन्होंने हमराह फोर्स के साथ उसके साथ मारपीट करते हुए जमीन पर घसीटा। उसने फोन से वीडियो बनाया तो उन्होंने फोन को छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया। शिकायत करने पर किसी फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। बसपा नेता ने मामले में कार्रवाई और जान माल की सुरक्षा की मांग की। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लिया। मामले की जांच एसपी ग्रामीण को सौंपी है।

एसएसपी के समक्ष शिकायत करने जाते बसपा पूर्व जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह जाटव।

# राधावल्लभ मंदिर के महंत ब्रह्मलीन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

महंत प्रकाश चन्द्र महाराज गोस्वामी।

- अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, बंद रही दुकानें

**अमृत विचार।** शहर के छैराहा स्थित वृन्दावन श्री राधाबल्लभ मंदिर के महंत गोस्वामी प्रकाश चन्द्र महाराज का रविवार देर रात दो बजे कानपुर के हृदय रोग संस्थान में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे। सोमवार को सुबह 9.30 बजे उनके पार्थिव शरीर को निवास राधाबल्लभ मंदिर छैराहा पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इस दौरान भक्त राधा नाम जप व संकीर्तन करते रहे।

दोपहर दो बजे अंतिम यात्रा शुरू हुयी जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यमुना घाट पर बेटे गोपाल गोस्वामी ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। श्री गोस्वामी के निधन के चलते छैराहा बजरिया, करनपुरा व आसपास का बाजार भी बंद रहा। वृंदावन से आई ब्रज विलास महाराज,गाजियाबाद के यश गोस्वामी, जयपुर के प्रथम शर्मा, सदर विधायक सरिता भदौरिया, पालिकाध्यक्ष ज्योति गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू, संत विवेकानंद स्कूल के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ आनंद, सांई संस्थान न्यास के सचिव श्री निवास वर्मा, कमलेश यादव, डीडी मिश्रा, अतुल राव चौबे, सभासद शरद वाजपेयी, विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, उमेश तिवारी ने शोक व्यक्त किया।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**इटावा।** बहन के घर से वापस आ रहे युवक को इंजीनियरिंग कॉलेज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला शाहग्रान में रहने वाले रशीद अहमद का 34 साल का राशिद 16 जनवरी को अपनी बहन के घर आरटीओ ऑफिस के पास काशीराम कॉलोनी मिलने गया था। देर शाम घर जा रहा था इंजीनियरिंग कॉलेज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया था।

# घर की सीढ़ियों से फिसल कर गिरने से हुई मौत

**भरथना-इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के आजाद रोड स्थित मोहल्ला विशंभर कालोनी में सीढ़ियां उतरते समय पैर फिसलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। तिर्वा निवासी राजू वर्मा अपनी पत्नी दीपा वर्मा व बच्चों के साथ किराए के मकान में रहते थे। वह घर में सीढियां उतर रहे थे तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वह सीढियों से नीचे गिर पड़े । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दीपा वर्मा की चीख पुकार सुन पड़ोसी मदद को दौड़ पड़े और सीढ़ियों से गिरकर गंभीर घायल हो गए। राजू वर्मा को इलाज के लिए भरथना के एक निजी चिकित्सालय से जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। चिकित्सकों ने राजू वर्मा को मृत घोषित कर दिया। घर के इकलौते मुखिया की मौत की खबर मिलते ही दीपा वर्मा के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी दीपा वर्मा,दो नाबालिग बेटियां आनवी 14 वर्ष, पीयू 5 वर्ष सहित परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

आयोजन | नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में अंतराग्नि व खिचड़ी भोज

# देश की सांस्कृतिक धरोहरों व परंपराओं का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की एक अनोखी पहल के तहत इस वर्ष भी खिचड़ी भोज एवं विद्यालय वार्षिक समारोह अन्तराग्नि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पारंपरिक त्योहारों और देश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखना रहा। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि भागवत कथा मर्मज्ञ नई दिल्ली डॉ दयालु जी महाराज एवं एसएसपी संजय कुमार, विद्यालय के चेयरमेन इं. हरि किशोर तिवारी के साथ मिलकर किया।

आरंभ में विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं नाटक के विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। देश के जाने-माने हास्य कवि श्री लटूरी सिंह 'लट्ठ' ने अपनी कविताओं के माध्यम से उपस्थित हजारों की भीड़ को हंसने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार ने कहा कि छात्र-छात्रओं को दूसरों का अनुसरण न करके ऐसे काम करना चाहिये कि दूसरे उनका अनुसरण करें। सबसे पहले अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिये सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। डॉ दयालु जी महाराज ने कहा कि देश में संगठित हो कर रहने की जरूरत है। जिससे भाई-चारा बना रहे। विद्यालय की निदेशिका डॉ श्रेता तिवारी ने कहा कि खिचड़ी शब्द में ही एक ऐसी मिठास है कि इसमें अपनेपन का एहसास होने लगता है। खिचड़ी का त्योहार भारतीय संस्कृति की पहचान है।

विद्यालय के चेयरमेन इंजी हरि किशोर तिवारी ने कहा कि खिचड़ी भोज के कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य व्यस्त जीवन में लोगों को वर्ष में एक दिन ही सही साथ मिल-बैठ कर मुलाकात करना है। खिचड़ी भोज का कार्यक्रम विद्यालय में लगातार 14 वर्षों से मनाया जा रहा है। प्रधानाचार्य डॉ धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि विद्यायल के छात्र/छात्राऐं ही हमारी आने वाली पीढ़ी हैं। हमे इनको अभी से ही संस्कार और संस्कृति की राह पर ले जाना होगा तभी देश सही मायने में विकसित देश बनेगा। खिचड़ी भोज केवल कार्यक्रम ही नहीं है अपितु इसमें भारतीय संस्कृति व संस्कार को समेटे हुये विविधता की झलक भी मिलती है।

कार्यक्रम में वायस चेयरमेन इं. अंकित तिवारी, पूनम शर्मा, सिटी कोर्डिनेटर डॉ. आनन्द मुनि, डॉ. कमल कुमार, डॉ. कैलाश यादव, अनूप मिश्रा, मनोज एमएस, जेपी सिंह यादव व अवलेन्द्र कुमार ने भी शिरकत की।

- छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया नृत्य, गीत व नाटक
- लटूरी सिंह 'लट्ठ' ने हास्य की झड़ी लगाई

नारायन कालेज के वार्षिक समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

कार्यक्रम में उपस्थित चेयरमैन इं. हरि किशोर तिवारी व अन्य। अमृत विचार

# महिला ने पुल से यमुना में लगाई छलांग

संवाददाता बकेवर, इटावा

- पति के दो साल से जेल में होने से परेशान थी महिला

**अमृत विचार।** लवेदी थाना क्षेत्र के टकरुपुर यमुना नदी के पुल से एक महिला ने जान देने की नियत से यमुना नदी के पानी में छलांग लगा दी। नदी में पानी के कम होने के कारण महिला पानी में डूबी नहीं। नदी किनारे अंतिम संस्कार कर रहे लोगों व आसपास के लोगों ने नाव से महिला को जीवित बचा लिया।

बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सुंदर निवासी रेशमा देवी पत्नी अनिवीर ने ऑटो से आकर पुल के ऊपर से नदी के पानी मे छलांग लगा दी।इत्तेफाक से उस यमुना नदी में के किनारे पर कस्बा लखना के तमाम लोग एक शव का अंतिम संस्कार कर रहे थे। उन्होंने पुल से महिला को पानी में छलांग लगाते देखा तो मदद के लिए शोर मचाया। नदी के पुल पार किनारे पर नाव खड़ी थी। नाव वाला नाव लेकर महिला के कूदने वाले स्थान पर पहुंचा और महिला को नाव से बच लिया। चौकी पर तैनात पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस व लोगों से पूछने पर महिला ने अपना नाम पता बताया। महिला अपने मायके चकरनगर क्षेत्र के ग्राम बंदा में रह रही है। सूचना पर महिला के मायके से उसका भाई संजीव व चचेरा भाई विपिन मौके पर पहुंचा। लवेदी थाना की टकरूपुर पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची तथा महिला के परिजनों को बुलवाकर महिला को उसके मायके वालों को सौंप दिया। महिला के भाई संजीव ने बताया कि उसका बहनोई अनवीर निवासी ग्राम नगला सुंदर थाना बकेवर करीब दो साल पहले परिवार में ही किसी की मौत के मामले में पुलिस ने जेल भेज दिया था, जिसके चलते बहन रेशमा देवी काफी परेशान हैं। बहनाई के जेल में होने के कारण वह बहन व उनके तीन बच्चों को अपने पास रखे है।

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**जसवंतनगर-इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिसहाट के पास रेलवे ट्रैक पर खंबा नंबर 1173/22 पर डाउन लाइन पर हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नही हो सकी। मृतक की उम्र करीब 33 वर्ष है। पॉइंट मैन संदेश बाबू की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र चंदन के गलत संगत में पड़ने और नशीले पदार्थो का सेवन करने के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे सभी प्रकार के रिश्ते समाप्त कर दिए हैं। किसी प्रकार के गैर कानूनी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। माता पिता से उसका कोई सरोकार न होगा। **–विनीता देवी पत्नी राकेश कुमार निवासी– 40 गली नंबर 2 सुंदरपुर वार्ड नंबर 4 अड्डा पाय, जिला इटावा**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का आधार कार्ड / पेन कार्ड / पास बुक में नाम श्रीमती कुसुमलता दुबे ( KUSUMLA T A DUBEY) तथा जन्म तिथि दि–12.08.1965 दर्ज है। जब कि मेरे सर्विस रिकार्ड में पत्नी का नाम कुससुभू लता (KUSSUMULATA) तथा जन्मतिथि दि 25.02.1965 भूल से दर्ज हो गई है। सर्विस रिकार्ड में पत्नी का सही नाम व जन्मतिथि आधार कार्ड / पेन कार्ड । पासबुक के आधार पर दर्ज किया जाये। **– प्रेम नारायण दुबे, करमगंज – चम्पावाग–इटवा**

# स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए उपकरण खरीदने को मिली मंजूरी

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रोगी कल्याण समिति की बैठक में डीएम के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत रोगी कल्याण समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजना एवं कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए जिलाधिकारी ने उपलब्ध बजट से आवश्यक सामग्री स्वास्थ्य सेवाओं के प्रयोगार्थ उपकरणों को मानक के अनुरूप नियमानुसार क्रय करने की स्वीकृत प्रदान की गयी।

बैठक जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ली। बैठक में उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को आवश्यकता अनुरूप सुविधा मिल सके और वह किसी कारण परेशान न होने पाये। बैठक में सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मंजू सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक लेतीं डीएम नेहा प्रकाश व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करें निर्माण

**औरैया।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में प्रोजेक्ट अलंकार योजना अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयो में निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण कार्य के संबंध में समीक्षा करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर मानक व गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाए। इसकी सतत समीक्षा भी हो।

# पावर एंजिल में बालिकाओं को देंगे 'प्रगति के पंख'

संवाददाता, ककोर-औरैया

- ब्लॉक स्तर पर होगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण, मॉनीटरिंग की रूपरेखा तय

**अमृत विचार।** जिले में अब बेसिक स्कूलों में राज्य परियोजना कार्यालय के अनुपालन में सभी उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में सेल्फ एस्टीम कार्यक्रम के साथ ही बालिकाओं को पावर एंजिल्स के सशक्तिकरण हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इसमें 12 सत्रों में प्रोजेक्ट बेस्ड एक्टिविटी बुक 'प्रगति के पंख' तथा एक्टिविटी बुक के क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों के प्रयोग में हैंडबुक विकसित की जाएगी। यह सभी विद्यालयों को उपलब्ध जल्दी कराई जाएगी।

इस एक्टिविटी बुक में छात्राओं का संचालन प्रत्येक शनिवार को पावर एंजेल्स द्वारा सुगमकर्ता के नेतृत्व में किया जाएगा। यह अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति के लक्ष्य प्राप्त में प्रभावी साबित होगी।ब्लॉक स्तर पर सुगमकरता की तीन दिवसीय कार्यशाला में एक प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रत्येक जनपद में कंपोजिट तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय की एक-एक शिक्षकों को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। यदि विद्यालय में महिला शिक्षका की नियुक्ति नहीं है तो पुरुष का चयन होगा ।यह कार्यशाला खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में कराई जाएगी ।जो गैर आवासीय होगी। जबकि ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला हेतु भजन जलपान स्टेशनरी बैनर फोटोग्राफी को मानदेय भत्ता भी दिया जाएगा ब्लॉक स्तर पर पावर एंजेल्स का एक दिवसीय सम्मेलन भी होगा। जिसके लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली एंजेल्स को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही ब्लॉक स्तर पर एंजेल्स के सम्मेलन हुए जलपान स्टेशनरी बैनर फोटो साथ विकासखंडवार 25 हजार की दर से धनराशि दी जाएगी। कार्यक्रम प्रत्येक विकासखंड में बालिका शिक्षा हेतु पूर्व नामित किए गए नोडल के माध्यम से मॉनिटरिंग में सुनिश्चित कराई जाएगी । बीईओ ब्लॉक कार्यक्रम की नियमित रूप से समीक्षा करेंगे।

## सार-संक्षेप



ध्वजारोहण करते स्काउट गाइड। अमृत विचार

### रोवर्स रेंजर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**अजीतमल-औरैया।** जनता महाविद्यालय अजीतमल, औरैया में सोमवार से तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का आरंभ हुआ। शिविर का आरंभ ध्वजारोहण और स्काउट गाइड गीत के साथ हुआ। जनता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ए के शर्मा ने प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को संबोधित किया, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुशासित जीवन शैली को अपनाना है साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के साथ हमें हमेशा राष्ट्रहित में तत्पर रहना है एवं विपरीत परिस्थितियों में भी अपना मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए राष्ट्र और समाज को विपत्तियों से बचाना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। लीडर ऑफ द कोर्स प्रदीप त्यागी ने स्काउट गाइड के गठन की जानकारी दी। शिविर में सहायक के रूप में ललित शर्मा एवं अभिषेक द्विवेदी ने प्रतिभागियों को झंडा गीत, प्रार्थना एवं स्काउट संबंधी अन्य कार्यकलापों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रोवर्स प्रभारी डॉ उमाकांत मिश्रा के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। रेंजर्स प्रभारी डॉ शशी पालीवाल ने बताया कि प्राकृतिक आपदा आने पर समाज के प्रभावित लोगों तक सेवा पहुंचना ही हमारा लक्ष्य है इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी मेजर प्रोफेसर योगेश बाबू दीक्षित मुख्य प्रानुशासक प्रोफेसर वीरेश सिंह भदोरिया, प्रोफेसर श्रीप्रकाश यादव, डॉ ध्रुव दत्त, डॉ उमेश दुबे व अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

भजन गाती गायिका सैफाली। अमृत विचार

### देवी जागरण में भजन गायिका सैफाली ने मचाया धमाल

**बिधूना औरैया।** रविवार की रात्रि कस्बे के एक मैरिज गार्डन में आयोजित विशाल देवी जागरण में प्रख्यात भजन गायिका सैफाली द्विवेदी कानपुर के भजनों पर देवी मां के भक्त जमकर झूमे। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता के द्वारा कस्बे के एक मैरिज होम में सपा नगर अध्यक्ष ने अपने छोटे भाई हर्षित गुप्ता के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में देवी जागरण का आयोजन किया जिसमें कस्बा समेत क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान मां भगवती की आरती के बाद आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा मां शारदे की वंदना कर माता के जगराते का शुभारंभ किया। जिसमें भजन गायिका व गायक कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों को प्रस्तुत किया गया ।इस अवसर पर एक से बढ़कर एक भव्य एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गयीं। जिन्हें देखकर समूचा पंडाल भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। सपा नगर अध्यक्ष व उनके पिता नन्द किशोर गुप्ता के द्वारा देवी मां के जागरण में आये सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ।इस अवसर पर लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

### प्लाट पर काम करा रहे दंपति को पीटा

**ककोर-औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत उसरारी गांव की मजरा प्रतापपुर में अपने प्लाट पर काम कर युवक को गांव के दबंगों ने पीट दिया। बचाने आई पत्नी को भी पीट दिया। प्लाट पर काम कर रहे जहान सिंह पर गांव के दबंग आशीष और बदन सिंह ने काम बंद करने के लिए कहा। इस पर कुछ बहस हुई, उसके बाद इन लोगों ने लाठी डंडे तथा धारदार हथियार से मारपीट कर दी। जिसके कारण जहान सिंह के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पत्नी ने जब पति को बचाने की कोशिश की तो उसे भी मारा। जहान सिंह ने दिबियापुर थाने पहुंचकर अपनी लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित का मेडिकल होने के बाद थानाध्यक्ष ने मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। बताया कि जल्द ही अभियुक्त की गिरफ्तारी की जाएगी।

### घर की छत से निकली हाईटेंशन लाइन से महिला झुलसी

**ऐरवाकटरा, औरैया।** थाना क्षेत्र के बढिन गांव में संदीप की पत्नी सोनी मकान की छत पर थीं। तभी पास से निकली 11000 की लाइन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सोनी देवी को तार से चिपका हुआ देख आसपास के लोगों ने सूझबूझ से किसी तरह बचा लिया तब तक सोनी देवी काफी झुलस चुकी थी वहीं घायल सोनी देवी ने बताया कि मेरे घर के बिल्कुल पास से ग्यारह हजार की लाइन निकली है व पास में ही ट्रांसफार्मर रखा हुआ हैं ।जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो जाने की आशंका रहती हैं।

### भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक को पितृशोक

रामनाथ अवस्थी।

**औरैया।** औरैया विधानसभा क्षेत्र के अटसू निवासी हाल निवास विकास कुंज दिबियापुर निवासी भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश अवस्थी व जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक अवस्थी के 91 वर्षीय पिता रामनाथ अवस्थी का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बिठूर घाट पर किया गया । उनके ज्येष्ठ पुत्र अशोक अवस्थी ने उनको मुखाग्नि दी। उनके निधन की खबर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय, राम कुमार अवस्थी, कौशल राजपूत व शिव सिंह भारतीय, गिरीश तिवारी, विभा तिवारी, प्रदीप मिश्रा, नगर पंचायत दिबियापुर के चेयरमैन राघव मिश्रा आदि रहे।

# दोस्त की बहन का तिलक चढ़ाने गए युवक की कार पेड़ से टकराई, मौत

संवाददाता, फफूंद-औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन युवक पड़ोसी गांव के दोस्त की बहन का तिलक चढ़ाने गए थे जहां से देर रात वापसी में उनकी कार पेड़ से टकरा गई जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में बैठे दो युवक घायल हो गए।

भूपेंद्र कुमार।

रविवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव सेऊपुर निवासी रिटायर शिक्षक संतोष कुमार का 22 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र कुमार दशहरा निवासी श्रीपाल पाल की पुत्री नेहा का तिलक चढ़ाने कार से इटावा के कुनेठा गया था। कार में उसी गांव के सनी और कायम भी साथ थे। लौटते समय रात दो बजे महेवा रोड पर निवाड़ी के नजदीक कोहरे के कारण कार पेड़ से जा टकराई। और कार सवार तीनो युवक घायल हो गए। पीछे से आ रहे लोगों ने अस्पताल ले गए जहां पहुंचने से पहले भूपेंद्र की मौत हो गई जबकि सनी और कायम सिंह को सैफई रेफर किया गया है।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार, सवार हुए जख्मी

**फफूंद।** थाना क्षेत्र में फफूंद दिबियापुर रोड पर कोहरे की वजह से सामने से आए ट्रक को साइड देने से दिबियापुर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट कर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार बाल बाल बच गए और उन्हे मामूली चोट आई। सोमवार सुबह करीब तीन बजे राजपूत मोहल्ला घोंडा चौक दिल्ली निवासी दुर्गेश त्रिवेदी अपने मित्र टिल्लू के साथ मे कंचौसी में अपने रिश्तेदार राजकुमार दुबे के यहां गमी में शामिल होने जा रहे थे ।फफूंद दिबियापुर मार्ग पर राम कुमार भारतीय महाविद्यालय के पास सामने से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर कर पलटने के बाद गड्ढे में जा गिरी कार में सवार लोगों की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों ने पलटी हुए कार से सभी को बाहर निकाला कार सवार दुर्गेश व टिल्लू को हल्की फुल्की चोट आई।

# मोबाइल खरीदने के विवाद में दोनों पक्ष पहुंच गए कोतवाली

कार्यालय, संवाददाता, औरैया

- सीओ सिटी ने कहा-जांच कर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक गेट के समीप स्थित एक मोबाइल की दुकान पर देर रात्रि कुछ लोग मोबाइल खरीदने के लिए गए हुए थे। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। वही विवाद की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली में बैठा दिया। दुकानदार को बैठाए जाने का व्यापारी नेताओं ने विरोध जताया।

ब्लॉक गेट के समीप स्थित वैष्णवी मोबाइल सेंटर की दुकान है। संचालक अमित गुप्ता निवासी बनारसी दास की दुकान में कुछ लोग एक मोबाइल खरीदने के लिए पहुंचे। इसी बीच दोनों लोगों में किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली में बैठा दिया। मामले की जानकारी जब व्यापारी नेताओं को हुई तो वह लोग आक्रोशित हो उठे और सुबह ब्लाक गेट के समीप व्यापारी नेता एकत्रित हुए और वह लोग पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा रहे थे। तभी मामले की जानकारी पाकर सीओ महेंद्र प्रताप मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सभी को कोतवाली में बुलाया। सीओ सिटी महेंद्र प्रताप ने बताया कि जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा के गांव चलो अभियान की कार्यशाला आज

**औरैया।** भाजपा की गांव चलो अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला जिला कार्यालय तुर्कीपुर में मंगलवार को अपराह्न 12 बजे संपन्न होगी। जिसमे मुख्य अतिथि जिला प्रभारी आनंद सिंह रहेंगे ,अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता करेंगे। मालूम हो की गांव चलो अभियान के माध्यम से पार्टी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाएगी। प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, चेयरमैन सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेगें तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं पर गांवों में चर्चा करेंगे।

# ज्वैलरी शॉप का ताला तोड़ चोरों ने लाखों के जेवर उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- बेला क्षेत्र के मल्हौसी गांव में रात हुई वारदात

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र के गांव मल्हौसी में बीती रात एक ज्वेलरी की दुकान में चोर ताला तोड़कर घुस गए और लाखों के जेवरात पार कर दिए। सुबह जब पड़ोसियों ने ताला टूटा देखा तो दुकान मालिक को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। उधर बीच बाजार में चोरी होने पर व्यापारियों में आक्रोश भी दिखा।

मल्हौसी गांव निवासी निवासी गोपाल सोनी पुत्र कैलाश सोनी की मल्हौसी बाजार में पूनम एंड रामबाबू ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी की दुकान है। रविवार देर शाम गोपाल रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया। रात में ही चोर दुकान का ताला तोड़कर घुस गए और सोने के नाक के सौ फूल,एक किलो चांदी और 50 अंगूठिया व कुछ नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब आस पड़ोस के लोगों ने ताला टूटा देखा तो दुकानदार को सूचना दी। जिस पर गोपाल ने आकर देखा तो ज्वेलरी गायब थी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार भी पुलिस फोर्स व फोरेंसिक टीम के साथ पहुंच गए। पीड़ित गोपाल ने बताया कि दुकान के मरम्मत का कार्य चल रहा है जिस कारण वह महंगी ज्वेलरी घर ले जाता है,अगर पूरी ज्वेलरी होती तो बड़ा नुकसान होता। उधर व्यापारियों ने बीच बाजार में चोरी होने पर पुलिस गश्त पर सवालिया निशान लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस ने आस पास सीसीटीवी भी खंगाले।

# डंपर से टूटा पोल बिजली हुई गुल

**अयाना।** गांव में मुन्नालाल के घर के सामने लगा बिजली का खंभा रविवार सोमवार भोर डंपर की टक्कर से टूट गया। इससे गांव के करीब 800 घरों की बिजली गुल हो गई। इससे लोगों के घरों में लगे बिजली से चलने वाले उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सोमवार देर शाम तक खंभा ना लगाए जाने से नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अजीतमल राम मोहन शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र सिंह व अवर अभियंता शिवदत्त ने ग्रामीणों को मंगलवार सुबह तक खंभा लगवाने का आश्वासन देकर शांत करवाया। अवर अभियंता शिवदत्त ने बताया कि बिना हाइड्रा के खंभा नहीं लगाया जा सकता है। मंगलवार सुबह दिबियापुर से हाइड्रा क्रेन मंगवाकर खंभा लगवाएंगे।

# धनुष यज्ञ देखने के लिए उमड़ी भीड़

संवाददाता, फफूंद-औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अछल्दा फफूंद रोड पर जय मां अम्बे पब्लिक स्कूल मे रविवार की रात रामलीला कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे सीता स्वयंवर,धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीलाओं का मंचन किया गया सुबह भोर तक भारी भीड़ रामलीला का आनंद लेने के लिए डटी रही।

रामलीला कार्यक्रम की शुरुआत दिबियापुर के सपा विधायक प्रदीप यादव ने मंच का फीता और रामदरबार की आरती करके किया इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा की भगवान श्री राम हमारे आदर्श है जो मर्यादा का पालन करते हुए सत्य के मार्ग पर चले और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए हमे भगवान श्री राम के आदर्शो पर चलना चाहिए तभी हमारा जीवन सफल होगा।

रामलीला मंचन में राजा जनक के सजे हुए दरबार मे स्वयंवर में पहुंचे राजाओं ने भगवान शिव के धनुष को तोड़ने की कोशिश की लेकिन सफल नही हो पाए ।जिसे देख राजा जनक व्याकुल होकर बोल उठे की अगर वह जानते कि पृथ्वी वीरों से खाली है तो ऐसी प्रतिज्ञा ही नहीं करते ।यह देख गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम धनुष के पास जाकर धनुष को प्रणाम कर उठाते है और जैसे ही धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते है वह टूट जाता है ।सीता हाथ में जयमाल लेकर राम की ओर बढ़ती हैं और उनके गले में जयमाल डाल देती हैं ।तभी भगवान परशुराम गर्जना करते हुए वहां पहुंचे, उन्हें देखकर कई राजा तो स्यंवर से भाग निकलते हैं,जो नहीं भाग पाए वो कांपने लगते हैं ।शिव धनुष को खंडित देखकर परशुराम क्रोधित हो जाते हैं उसके बाद लक्ष्मण परुशराम संवाद होता है ।कार्यक्रम सुबह तक चलता रहा जिसे देखने के लिए श्रोताओं की भारी भीड़ डटी रही ।कार्यक्रम आयोजक भूरेपुर पंचायत की पूर्व प्रधान शिल्पी यादव,रूरुआ फफूंद प्रधान लाखन सिंह,टीकमपुर प्रधान प्रेमचंद्र,प्रधान हरी प्रसाद,प्रमोद फौजी,बफाती खां,आजाद खां,अतुल यादव, विश्राम सिंह राजपूत रहे।

रामलीला का शुभारंभ करते विधायक प्रदीप यादव। अमृत विचार

सामूहिक विवाह | 227 जोड़ों की हिंदू रीतिरिवाज से हुई शादी और पांच जोड़ों का हुआ निकाह

# 232 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, मिला उपहार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में ककोर स्थित तिरंगा मैदान में कुल 232 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बधे। उक्त अवसर पर 227 जोड़ों को हिंदू रीति रिवाज से तथा 5 जोड़ों का निकाह पढ़ा गया। नवविवाहित जोड़ों ने विवाह संपन्न होने पर अभिभावकों का आशीर्वाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सदर विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों की धूमधाम से शादी करने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं, जिससे उनको यह महसूस न हो कि वह गरीब है। इसलिए उनको शादी में समस्या होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इन जोड़ों ने अपने-अपने जीवनसाथी को चुनकर आगे सुखमय जीवन व्यतीत करने का रास्ता ढूंढा है। नवदंपति अपने जीवन को साथ-साथ रहकर सुखमय व्यतीत करेंगे। उन्होंने नव दंपतियों को वस्त्र आदि देते हुए शुभकामनाएं दी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार इस योजना के तहत ऐसे गरीब जो अपनी पुत्रियों की शादी करने में अपने को असहाय समझते हैं उनके लिए यह योजना वरदान साबित हुई है जिससे कोई भी गरीब व निर्धन अपनी बेटी की शादी करने में परेशानी महसूस न करे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शादी के दौरान रुपये 35 हजार कन्या के बैंक खाते में जमा किया जाता है और 10 हजार की पायल, बिछिया, वस्त्र, बर्तन तथा छह हजार अन्य व्यवस्थाओं पर व्यय किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री कौशल राजपूत, दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि ऋषि पाण्डे आदि रहे।

नवदंपति को उपहार देतीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व विधायक गुड़िया कठेरिया।

तिरंगा मैदान में उपस्थित जोड़े व उनके परिजन। अमृत विचार

# अछल्दा क्रॉसिंग पर लगे जाम से खड़ी रहीं ट्रेनें

**औरैया।** सोमवार को रेलवे स्टेशन अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने से लगभग 17 मिनट पूर्वी आउटर पर जम्मूतवी मूरी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें खड़ी रही जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी।

लाइन क्लियर होने पर ट्रेनों को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया गया। अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार को अपराह्न भारी जाम लगने के कारण टाटानगर से चलकर जम्मू को जाने वाली 18101 जम्मू तवी एक्सप्रेस 4.41 पर खड़ी करनी पड़ी। वहीं मालगाड़ी को प्लेटफार्म नंबर चार रूप लाइन पर खड़ा करना पड़ा। जबकि लाइन क्लियर न होने के कारण मुरी एक्सप्रेस भी पूर्वी आउटर पर 17 मिनट तक खड़ी रही। मालगाड़ी को लूप लाइन से स्टेशन मास्टर ने 4.50 पर रवाना किया। वहीं पीछे खड़ी मुरी एक्सप्रेस को 4.58 पर रवाना किया गया। वह लगभग 17 मिनट खड़ी रही। अन्य ट्रेनों को भी गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0170788 अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं।– रोहित पुत्र सूरज सिंह, निवासी– ग्राम ऐरवा कुइली ब्लॉक ऐरवा कटरा, जिला– औरैया

**कार्यालय ग्राम पंचायत जलालपुर, विकास खण्ड– बिधूना, जनपद औरैया**

पत्रांक: केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त/मनरेगा/ग्राम पंचायत/2023–24 दिनांक: 30 जनवरी 2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

विभिन्न/एक फर्म द्वारा माल आपूर्ति विवरण

विकास खण्ड बिधूना की ग्राम पंचायत जलालपुर के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त / मनरेगा / ग्राम पंचायत के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत जीएसटी धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो ईट विक्रेताओं/सप्लायर्स से (ईट,सीमेन्ट, मौरंग, बालू पत्थर, गिट्टी, लोहा, सरिया, इण्टरलांकिंग ईंट, रंग, इलेक्ट्रीकल / इलेक्ट्रोनिक आदि) सामग्री आपूर्ति हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिनाक 03.02.2024– अपरान्हन 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/ टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है। जो उसी दिन अपराहन 3 बजे ग्राम पंचायत जलालपुर द्वारा गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 31.01.2024 से 02.02.2024 किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराहन बजे तक ग्राम पंचायत बरौली में निविदा प्रपत्र 100.00रु0 देकर प्राप्त किये जा सकेंगें।।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | माप | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरा डभारी में अवधेश सहि के मकान से उमेश पाल के सामने पुलीया तक ईटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त / मनरेगा | 40 मी0 | 2.35 लाख | 100.00 |

नियम व शर्ते– 1. निविदाकर्ता कार्यालय में निविदा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते है। पूर्ण सन्तुष्ट होने पर ही टेन्डर डालें। 2. कार्य की मात्रा एवं लागत मौके की परिस्थितियों के अनुसार घट बढ़ सकती है। 3. कार्य धन उपलब्ध होने की दशा में कराये जायेंगे।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत जलालपुर, वि0ख0 बिधूना जनपद औरैया

# धर्म दर्शन

## दिव्यगुणों से युक्त अग्निदेव

हे सोम! आप अग्नि की भांति ऊर्जा प्रदान करने वाले अग्निरूप हैं। आप दिव्य पोषक रस के रूप में हैं। आप यज्ञ में आए अतिथियों का यथोचित सत्कार करने वाले हैं। धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, संपूर्ण जगत के पोषक अग्नि एवं विष्णु देवता की तृप्ति के लिए हम आपको ग्रहण करते हैं। हे शकल! आप अग्नि उत्पादन के आधार हैं। हे कुशाओं! अग्नि उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण आप वीर्य स्वरूप हैं। हे घृत! आप अग्नि को आयु प्रदान करने वाले अर्थात् देर तक प्रज्वलित रखने वाली हैं।



हे अग्निदेव! आपको प्रकट करने के लिए गायत्री, त्रिष्टुप तथा जगती छंदों के साथ हम मंथन करते हैं। वेदज्ञाता ऋषियों के पुत्र स्वरूप हे ऋत्विकगण! प्रमादवश दिए गए शापों से यजमान के रक्षक ये आवहनीय अग्निदेव यज्ञ कुंड में प्रतिष्ठित होकर हवन का सेवन करते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमानों के लिए कल्याणकारी होते हुए यज्ञ में दी गई आहुतियां को ग्रहण करें और इन्द्रादि देवताओं तक पहुंचाएं।

सर्वत्र गमन करने वाले, सर्वव्यापी, बलशाली हे आज्य! हम आपको यज्ञ कार्य के लिए स्वीकार करते हैं। सरल तथा श्रेष्ठ मार्ग पर ले चलने वाले आप यज्ञ कर्म में हमें स्थापित करें। हे व्रत पालन में अग्रगण्य अग्ने! आप हमारे वर्तमान व्रत का पालन करने वाले हैं। व्रत कार्यों के द्वारा अग्नि और यजमान समान रूप से आदर के पात्र हों। तपस्या का अधिपति गुरु तथा तपश्चर्या करने वाला शिष्य दोनों समान भाव वाले हों। हे सोमदेव! सोमवल्ली के संपूर्ण अवयव धनवान इंद्र के लिए प्रीतिकर होते हुए वृद्धि को प्राप्त करें। हे सोमदेव! आपका कल्याण हो। आपकी कृपा से हम सोम-यज्ञ कार्य को शीघ्र ही समाप्त करें। आपकी अनुकंपा से हम धन प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जो आपका लौहमय, रजतमय तथा स्वर्णमय शरीर है, वह देवताओं की मनोकामना को पूर्ण करने वाला, असुरों को दुर्गम स्थान वाली गुफाओं में अवस्थित करने वाला, राक्षसों के कठोर शब्दों को नष्ट करने वाला तथा देवताओं के निमित्त आरोप प्रत्यारोप पूर्वक उच्चारण किए गए कथन को पूर्णतया प्रभावहीन कर देने वाला है। इस प्रकार के महिमाशाली शरीरधारी आपके लिए यह आहुति प्रदान की जा रही है है। हे पृथ्वीदेवी! आप ही आप 'तप्तयानी' अर्थात् ऊर्जा प्रदान करने वाली और 'वित्तयानी' अर्थात् धन प्रदान करने वाली हैं। दीनता से हमे बचाएं। हे उत्तरवेदि! आप सिंहनी रूप हैं। आप आदित्य को प्रसन्न करने वाली हैं। आप ब्राह्मण एवं क्षत्रियों को हर्षित करने वाली हैं। इस रूप वाली आपको आहुति प्रदान की जाती है। हे मध्य परिधि! आप स्थिर हैं, अतः पृथ्वी को आप दृढ़ करें। हे दक्षिण परिधि! आप अंतरिक्ष में स्थिर यज्ञ में निवास करने वाली हैं, अतः आप अंतरिक्ष को पुष्ट करें। हे उत्तर परिधि! आप द्युलोक रूप हैं, अतः द्युलोक को स्थिर करें। हे गुग्गुल आदि सुगंधित द्रव्य समूह! आप अग्नि को पूर्ण करने वाले हैं। महान, सर्वज्ञ, वेदों का भलीभांति अध्ययन करने वाले ऋत्विकगण, सांसारिक विषयों से मन हटाकर यज्ञकार्य की पूर्णता के विषय में विचार करने लगते हैं। संपूर्ण प्राणियों के साक्षीभूत, प्रेरणा देने वाले, सर्वदा श्रेष्ठ स्तुतियों से प्रशंसित सविता देवता को अनुकूल करने के लिए यह आहुति प्रदान की जाती है। हे विष्णुदेव! आप अपने सर्वव्यापी प्रथम पद पृथ्वी में, द्वितीय पद अंतरिक्ष में तथा तृतीय द्युलोक में स्थापित करते हैं। भूलोक आदि इनके पद-रज में अंतर्हित है। इन सर्वव्यापी विष्णुदेव को यह आहुति दी जाती है। हे पृथ्वी एवं द्युलोक! आप लोगों के लिए कृषि, संपत्ति से युक्त अनेक गौओं को देने वाले, यवादि श्रेष्ठ अन्नों को देने वाले तथा विवेकवान पुरुषों के लिए यज्ञ साधनों को प्रदान करने वाले हैं। आपके लिए हम यह आहुती समर्पित करते हैं। राक्षसों एवं अभिचार साधनों का विनाश करने वाले विष्णु देवता से संबंधित गर्त (गड्ढे) का हम प्रोक्षण करते हैं। हे उदुंबर (गूलर की लकड़ी) शाखे! आप स्थिर हों। यजमान भी अपने घर में पुत्र तथा पशुओं से पूर्ण होता हुआ स्थिर हो। इस घृत आहुति से आप द्युलोक और पृथ्वी को संव्याप्त करें। हे तृण निर्मित छप्पर! आप इंद्र से जुड़ गए हैं, अतः आप सभी लोगों के छाया स्वरूप हैं। हे रज्जु! आप इंद्रदेव का संबंध जोड़ने के सीवन रूप हैं। हे ग्रंथि! आप इंद्रदेव से संयुक्त होकर स्थिर हों। हे आग्नीध! आप इंद्रदेव से संबंधित हो गए हैं। सभी देवताओं से संबंधित हो जाएं।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वेदांत दर्शन: विशिष्टाद्वैतवाद

विशिष्टाद्वैतवाद जैसा कि इसके नाम से ही संकेतित है, 'अद्वैत' से मिलता-जुलता संप्रदाय है। 'अद्वैत' के पूर्व गुणवाचक 'विशिष्ट' विशेषण के जुड़ने से इसकी उत्पत्ति हुई है। इस मत के अनुसार "ब्रह्म" ऐकांतिक होते हुए भी 'पुरूष' (ईश्वर) है। इसके दो विशिष्ट अंग क्रमशः चित (जीवात्मा) तथा अचित (जड़जगत), जो वास्तविक और उससे भिन्न या पृथक है। इन तीन तत्वों (तत्वत्रय) अर्थात् ब्रह्म, चित और अचित से ही सृष्टि संघटित है। तीनों में एकता होते हुए भी अभेद नहीं है अर्थात् अलगाव भी है। जीवात्मा, ईश्वर की कृपा से ही सृष्टि कर सकता है। इस मत का प्रतिपादन रामानुजाचार्य रचित 'ब्रह्मसूत्र' (बादरायण कृत) ग्रंथ पर लिखित "श्रीभाष्य" है। किंतु रामानुजाचार्य के विषय में विवरण अंकित करने से पूर्व वेदांतियों के दो अन्य महत्वपूर्ण संप्रदायों- 'द्वैतवादी' और 'द्वैताद्वैतवादी' पर प्रकाश डालना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।

("द्वैतवाद") "ब्रह्मसूत्र" प्रणेता हमारे सुप्रसिद्ध बादरायण से पहले ही वेदांत के कई आचार्यों ने आत्मा एवं ब्रह्म के विषय में अपने-अपने मत का प्रतिपादन किया है। इनके तीन सिद्धांत क्रमशः द्वैत, अद्वैत एवं द्वैताद्वैत या भेदाभेद पर्याप्त लोकप्रिय हुए। द्वैत मत के संस्थापक औडुलोमि हैं। उनके मतानुसार 'आत्मा', 'ब्रह्म' से बिल्कुल भिन्न या अलग है, जब तक कि वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर 'ब्रह्म' में विलीन नहीं हो जाता है। वेदांत के अतिरिक्त सांख्य, न्याय एवं वैशेषिक दर्शनों में भी आत्मा को प्रकृति या ब्रह्म से अलग स्वतंत्र तत्व माना गया है। स्पष्ट है इस मत के द्वैतवेदांती, सांख्य एवं वैशेषिक तीनों ही समर्थक हैं।

"द्वैताद्वैतवाद" इसी को 'भेदाभेदवाद' भी कहा गया है। इस मत या संप्रदाय के लोग, 'द्वैत' और 'अद्वैत' दोनों को ही सत्य स्वीकारते हैं। इस मत के प्रमुख प्रवर्तक निम्बार्क, भास्कराचार्य या आचार्य भास्कर माने जाते हैं। इस संप्रदाय को ही देवर्षि संप्रदाय, हंस संप्रदाय एवं सनकादि संप्रदाय नामों से भी जाना जाता है। निंबार्काचार्य के जन्मकाल को लेकर पर्याप्त मत भेद है। महाभारत के अर्जुन के पौत्र एवं परीक्षित के पुत्र जन्मे जय का समकालीन मानने वाले भी हैं। जबकि डॉ. राजबली पांडेय सहित अधिकांश आधुनिक विद्वान इनको 11 वीं में हुआ निंबार्क स्वामी से अभिन्न बताते हैं, जिन्होंने 'ब्रह्मसूत्र' की विष्णुपरक व्याख्या कर के 'द्वैताद्वैत' अथवा 'भैदाभेद' मत की स्थापना की (-डॉ. राजबली पांडेय-हिंदू धर्मकोश, पृष्ठ 337)। आचार्य निंबार्काचार्य के मतानुसार ब्रह्म, जीव और जड़ अर्थात् चेतन और अचेतन से पृथक एवं अपृथक दोनों हैं।

इसी अलगाव या अलगाव अथवा भेद और अभेद पर उनका सिद्धांत आधारित है। इनके अनुसार जीव और जगत दोनों ब्रह्म के परिणाम हैं। दोनों ही ब्रह्म से भिन्न और अभिन्न हैं। यही इस मत का सार है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

## गणपति क्यों हैं अधिपति

भारतीय ऋषियों के चिंतन को व्यापक रूप से देखने पर उसमें अध्यात्म के साथ विज्ञान की भी झलक मिलती है। अनेक वैज्ञानिक अन्वेषणों का आधार भारतीय ऋषियों के ज्ञान पर आधारित मिलता है। इसी क्रम में आधुनिक कम्प्यूटर साइंस में जिस माउस से पूरी दुनिया ही नहीं, बल्कि आकाश-पाताल की परिक्रमा की जाती है, वही माउस (चूहा) देवाधिदेव महादेव के पुत्र गणेश जी का वाहन है। गणेश ने माता-पिता के चरणों की परिक्रमा पलभर में करके प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त किया, उसी माउस से आपरेटर पलभर में वांछित परिणाम हासिल करता है।

अनेक तर्कशास्त्रियों का यह आरोप है कि पार्वती जी के शरीर के मैल से गणेश जी का जन्म व्यावहारिक नहीं है। प्रथम दृष्टया इसे सही मान तो लिया ही जाएगा, लेकिन कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से मैल को परिभाषित किया जाए तो पेन-ड्राइव, सीडीआर सहित सभी स्टोरेज मीडिया, पीडीएफ, हाइपर टेक्स्ट तथा अन्य फाइल फार्मेट, ई मेल जैसे मल्टीमीडिया आदि के कंटेट कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम के मैल (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) ही हैं, जो कार्य उस सोर्स कम्प्यूटर जिसमें पूरी फाइल विद्यमान है। वहीं से डाउनलोड कर पेन ड्राइव आदि में फाइल के रूप में लिया जाता है। इन्हीं माध्यमों को प्राचीन ऋषियों ने 'मैल' नाम दिया तो आधुनिक दौर में उसे ई मेल जैसे एप या पेन ड्राइव मीडिया का कंटेट कह रहा है।

तर्कशास्त्री इस बात के लिए भी व्यंग्य करते हैं कि महादेव सर्वज्ञ थे तो उन्हें जान लेना चाहिए था कि गणेश जी उनके पुत्र हैं। फिर युद्ध की क्या जरूरत पड़ गई? इसे भी कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से देखा जाए तो यह विदित है कि चाहे जितना भी साफ्टवेयर, उसके लैंग्वेज या आपरेटिंग सिस्टम का कुशल कर्ता और ज्ञाता हो, वह बिना पासवर्ड के पेन ड्राइव और एप आदि से वांछित सामग्री नहीं ले पाएगा। क्योंकि जब तक सृष्टि के हितविधान में अपरिहार्य न हो, तब तक देवताओं के विनियामक व्यवस्था में इथिकल हैकिंग भी पूरी तरह अनिथिकल होती है। इसी के साथ गणेश जी का गर्दन काटकर हाथी का गर्दन क्यों लगाया गया, इस पर भी तर्कशास्त्री सवाल खड़ा करते हैं। इस पर मनन किया जाए, तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि कम्प्यूटर संचालित करते वक्त खुद के मन से नहीं, बल्कि कम्प्यूटर के प्रोग्रामिंग से ही उसे संचालित किया जा सकता है। हाथी की तरह धरती, आकाश और पाताल भी है, उस पर दृष्टि उस नियंता आपरेटर को रखनी पड़ती है। निरंतर अपग्रेड के लिए साफ्टवेयर के लैंग्वेज को रिराइट और मदरबोर्ड, रैम-रोम आदि को संशोधित करना पड़ता है। इसलिए संदर्भित पौराणिक कथा को इस दृष्टि से देखना चाहिए।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

## चौपाई के शब्द उच्चारण में भ्रांतियां

'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' अर्धाली बालकांड के 112 वें दोहे की दूसरी चौपाई में दूसरी अर्धाली है। यह पंक्ति ख्याति प्राप्त गायकों के द्वारा जब गाई जा रही होती है तो, 'अजिर' की जगह 'अजर' गाया जाता है। हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग 'अजिर' शब्द को जानबूझकर, 'अजर' के रूप में अपभ्रष्ट करके नहीं गाते। 'ज' को 'जि' करने से भी मात्रा की दृष्टि से वर्ण में कोई अंतर नहीं आता। तब भी दोनों वर्ण लघु या ह्रस्व ही रहते हैं। फिर गवैया यह वैयाकरणिक अभ्यास क्यों करेंगे? न ही ये अधिकतर फिल्मी गायक लक्षण ग्रंथों के रचयिता, आचार्य, शास्त्री या वैयाकरण होते हैं। वास्तविकता यह है कि 'अजिर' को 'अजर' गाने वाले फिल्मी गायकों को न यह मालूम है कि, 'अजर' का अर्थ 'अ'+'जर', यानि जरा रहित, अर्थात 'युवा' होता है और न यह मालूम है, कि 'अजिर' का अर्थ, 'आंगन' होता है। इनके द्वारा, 'अजिर' को बिना सोचे-समझे फ्लो या फर्राटे के साथ, 'अजर' गाने का प्रमुख कारण, शंकर जी से और उनकी स्तुतियों-स्तवनों से जुड़े 'अजर-अमर' शब्द युग्म से है, जो इन्होंने कई बार सुन और अपनी व्यावसायिक गायिकी में भी फिट कर रखा है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ ये लोग नहीं जानते। तुलसी ने 'रामचरितमानस' में निवेदन या प्रार्थना के पर्यायवाची के रूप में, 'अस्तुति' शब्द का सैकड़ों बार प्रयोग किया है और 'स्तुति' को शायद भूलकर एक बार भी नहीं। जबकि 'अस्तुति' को हिंदी में 'स्तुति' का विलोम, 'निंदा' माना जाता है। यानि खड़ी बोली, हिंदी में जो, 'स्तुति', यानि प्रशंसा है, अवधी बोली में वही, 'अस्तुति', यानि निंदा है। यदि तुलसीदास हिंदी शब्दों को तोड़-मरोड़ कर अवधी शब्द बनाने की सामर्थ्य रखते थे, तो उन्होंने, 'मानस' के अपने ही पाठकों को सैकड़ों स्थानों पर भ्रमित होने से बचाने के लिए 'अस्तुति' के स्थान पर 'स्तुति' का ही प्रयोग क्यों नहीं किया? पर उनके द्वारा ऐसा किया जाना बहुत बड़ा अक्षम्य अपराध हो गया होता। इसलिए हमें अपने पांडित्य-प्रदर्शन के लिए तुलसी जैसे अतुल्य व अलौकिक विभूतियों को नहीं घसीटना चाहिए।

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

# प्रदेश

## समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता

### भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कई गांवों में किया जनसंवाद

गांधी सभागार में शिकायतें सुनते सांसद वरुण गांधी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः भाजपा सांसद वरुण गांधी ने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पिपरा, गुटैहा, बिल्हा खजुरिया, मथुदांडी, जंगरौली, जिरौनिया, सतरापुर, चिनौरा, अलियापुर, सड़िया, रूपपुरकृपा, ललौरीखेड़ा, भूड़ा मगरासा आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने संविदाकर्मियों की दिक्कतों को खुलकर उठाया।

भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने हमेशा निजीकरण का विरोध किया है। यह देशहित में नहीं है। देशभर में सरकारी नौकरियों के करीब एक करोड़ पद रिक्त हैं। जब किसी गरीब को नौकरी मिलती है तो पूरा परिवार खुशियों से झूम उठता है, सबको मजबूती मिलती है। संविदा की नौकरियां किसी का भला नहीं कर सकतीं। देश में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों और गरीबों की समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता।

**जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम को दिए निर्देश**

सांसद वरुण गांधी की अध्यक्षता में आम जनमानस की समस्याओं को गांधी सभागार में सुना गया। सांसद ने विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम भैसहा ग्वालपुर के किसानों की ओर से आवारा पशुओं को लेकर आ रही दिक्कत बताई गई थी। इसे लेकर सांसद ने डीएम को गांव में बड़ी गौशाला का निर्माण कराने के निर्देश दिए। ये भी कहा कि जिन इलाकों में अधिक पशु हैं, वहां ठोस कदम उठाएं।

## विपक्ष कर रहा राम के नाम पर राजनीति : धर्मपाल सिंह

संभल। जनपद दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राम मंदिर पर राजनीति नहीं करती। बल्कि अब विपक्ष राजनीति कर रहा है। निमंत्रण नहीं मिला तो कहते थे कि निमंत्रण नहीं दिया। निमंत्रण दिया तो वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुद्र है नीतीश अब भाजपा रूपी समुद्र में मिल गए हैं। प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी

जनपद दौरे के तहत कलेक्ट्रेट पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राम प्राण हैं, आधार हैं, आस्था है, सभ्यता है, व्यवस्था हैं। इसी को लेकर बीजेपी आगे बढ़ रही है। अब ऐसी तस्वीर आ रही है कि मदरसे में भी रामायण पढ़ने के लिए उत्सुकता है। उन्होंने नीतीश के एनडीए में शामिल होने को लेकर कहा कि देर आए दुरुस्त आए। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और समुद्र है, इस समुद्र में नदियां मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और देश में 400 लोकसभा की सीट जीतने का लक्ष्य पूरा होगा।

## सहायक शिक्षक भर्ती के आवेदन पत्र में एक और कॉलम जोड़ने का निर्देश

विधि, संवाददाता प्रयागराज।

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती के आवेदन में त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारियां देने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि परिषदीय स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में परिणाम की स्थिति का एक और अतिरिक्त कॉलम भी आवेदन पत्र में शामिल किया जाए। जिससे उन उम्मीदवारों को भी आवेदन करने का अवसर मिले, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं या जिनके कुछ ही दिनों में घोषित होने की संभावना है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अजय कुमार व अन्य की याचिका पर विभागीय आदेशों को रद करते हुए पारित किया है। इसके साथ ही याचियों को 3 सप्ताह के अंदर सेवाओं में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। मामले के अनुसार दिसंबर 2014 में परिषदीय स्कूलों में 15000 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था। याचियों ने अपने ऑनलाइन फॉर्म गलत ढंग से भरे और जमा किये, जिसमें उन्होंने परिणाम घोषित हुए बिना बीटीसी पाठ्यक्रम में प्राप्त अपने अंकों का उल्लेख किया। हालांकि याची फार्म जमा करने के कुछ दिनों के भीतर बीटीसी में उत्तीर्ण हो गए और बाद में संशोधन के लिए विंडो खुलने पर अपने आवेदन पत्र में सुधार कर दिया। कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मामला यह है कि पंजीकरण की तिथि पर गलत बयानी और योग्य न होने के कारण याचियों की नियुक्तियों को शून्य घोषित किया जाए या नहीं। मामले की विशिष्ट परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याचियों ने पंजीकरण के चरण में अपने फार्म में गलत जानकारी दी। यह सत्य है कि उनका कार्य शुरू से ही प्रमाणित नहीं था, इस दृष्टि से वे सेवा में बने रहने के हकदार नहीं है, लेकिन विभिन्न चरणों में इस कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण सरकार ने कई परिपत्र जारी किए और फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी, साथ ही बाद में बीटीसी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने का मौका दिया गया।

## वर्ग पहेली-327

**बाएं से दाएं**

1.1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।

5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।

6.1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।

9.1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2.1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।

3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।

4.1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।

7. एक प्रकार का दलहन।

8.1. कम मात्रा का, अल्प, न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।



### वर्ग पहेली - 326 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | ■ | 2 अँ | ■ | ■ |
| मीं | ■ | 3 जु | 4 बा | द |
| ■ | 5 ज़ | ली | ल | 6 आ |
| ■ | ■ | ■ | वा | ति |
| ■ | 7 घ | रा | ड़ी | श |
| ■ | ■ | ■ | ■ | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | ज़ी |

**सुडोकू-44**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | 4 | | | | 2 | | |
| | 1 | | | 9 | | | | 8 |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

### सुडोकू - 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं. डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.54 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 23.01-23.53 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 22.06 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बन सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी संबंधों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क** — आज आप अपने कुशल वाक् चातुर्य से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**सिंह** — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं। अनुपयोगी गतिविधियों में अपना समय बर्बाद न करें। आपको स्वास्थ्य में काफी ध्यान देना चाहिए। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**कन्या** — आज आर्थिक उलझनों का निवारण होगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का भाग्य खुल सकता है। अचानक बड़े प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

**तुला** — आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। मन में अप्राकृतिक और अव्यावहारिक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। पिता से झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बिताएं। विद्यार्थियों को किसी उपलब्धि के लिए सम्मान मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में उत्तम प्रगति होगी। प्रेम संबंध को वैवाहिक स्वरूप भी दे सकते हैं। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**धनु** — आज आपके व्यवहार एवं सिद्धांतों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिंतित हो सकते हैं। यात्रा काफी शुभ एवं मंगलमय रहने वाली है। रेस्टोरेन्ट एवं होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे। सेहत में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**कुंभ** — आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन** — आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य सुख का भरपूर आनंद लेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
दरार — सुबह : 10.00
खुद्दार — रात : 07.00

**SONY MAX**
सूरमा — दोपहर : 12.00
कुत्ते — रात : 10.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**

सोनी मैक्स पर रात-10.00 बजे

**SONY PIX**
जॉम्बीलैंड — सुबह : 09.52
सुपरमैन रिटर्न्स — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
वन टू थी — सुबह : 10.30
सोचा न था — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
ऐलान — सुबह : 09.28
...और प्यार हो गया — रात : 07.00

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत अपनी पड़ोसन से लड़ रही थी
पहली औरत- मेरे पास पैसा है, बंगला है गाड़ी है तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत- मेरे पास 20 साल पहले सिलवाया हुआ शादी का ड्रेस है, जो मुझे आज भी फिट आता है।
फिर क्या! कॉलोनी में सन्नाटा छा गया...

पप्पू- यार मेरे एक कमीने दोस्त ने मेरी गर्लफ्रेंड का पर्सनल नंबर मेरे फोन से निकाल लिया।
दोस्त- फिर क्या हुआ भाई?
पप्पू : होना क्या था, साला सुबह से अपनी ही पत्नी को रोमांटिक मैसेज भेज रहा है।

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला होगा बजट

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार के बजट 2024-25 में होगी लोक लुभावन वादों और दावों की बारिश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार विधानसभा सत्र में इस बार एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला बजट पेश करेगी। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक लुभावन वादों और दावों की भरमार तो होगी ही, नव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन शुरू होने और अगले वर्ष महाकुंभ से पर्यटन समेत सेवाकरों में अप्रत्याशित वृद्धि का अनुमान है। साथ ही, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए हर जिले में औद्योगिक विस्तार से विकास दर में इजाफा होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अफसरों को बजट का स्वरूप कैसा होगा, इसका खाका समझाया था। अब वित्त विभाग वर्ष 2024-25 के बजट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पिछली बार 22 फरवरी को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत किया था, इस बार 5 या 6 फरवरी को प्रस्तुत होगा। उसी दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, फिर अगले दिन से बजट पर चर्चा शुरू होगी।

**▸▸ नव्य राम मंदिर, महाकुंभ व ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए तेजी से आय बढ़ने का अनुमान**

सरकार ने 2023-24 के लिए 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट पेश किया था, लेकिन इस बार अयोध्या में नव्य राम मंदिर में शुरू हुए दर्शन में अप्रत्याशित बढ़ रही भक्तों की

संख्या से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट, लखनऊ एयरपोर्ट और गोरखपुर एयरपोर्ट के जरिए भक्तों के आने का सिलसिला, ट्रेनें संचालित होते ही फुल हो रही बुकिंग, होटलों में भीड़ समेत खान-पान, टूरिंग-ट्रेवेल्स आदि की बढ़ी आय बजट अनुमान को पिछले बार से 15 फीसदी तक बढ़ा सकती है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर बजट में विशेष प्रावधान होगा।

बजट सुविधाएं और बाजार को बढ़ावा देने वाला होगा। औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित इकाइयों का सर्वेक्षण, अप्रयुक्त प्लॉटों का चिन्हीकरण और नये इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना पर सरकार का जोर है। 10 स्थानों पर प्लेज पार्क, पर्यटन, होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं में विकास पर फोकस होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। इसे जमीन पर उतारते ही आर्थिक परिवेश में बड़ा उछाल आएगा। हर जिले में औद्योगिक इकाइयां शुरू करने के लिए होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन डालर करने का लक्ष्य को तेजी से पूरा होता दिखेगा। बजट में प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों पर जोर होगा। चीनी मिलों का आधुनिकीकरण और शुगर कॉम्प्लेक्स बनाने में सरकार और तेजी लाएगी। प्रदेश गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। लैंड लॉक प्रदेशों की श्रेणी में फिशरीज सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। देश में सबसे बड़ा एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश का है। इन सभी पर बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होंगी।

### शून्य त्रुटि के साथ बजट भाषण में आंकड़े शामिल करने के निर्देश

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने निर्देश दिया है कि बजट भाषण में शामिल आंकड़ों व तथ्यों को शून्य त्रुटि के साथ तैयार करें। बजट भाषण के लिए तथ्य तैयार करते समय राज्य सरकार की नीतियों, प्राथमिकताओं, फ्लैगशिप योजनाओं और नई योजनाओं को खासतौर पर शामिल किया जाए। उधर, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को वित्तमंत्री के बजट भाषण के लिए बजट सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल के अभिभाषण और बजट भाषण में शामिल आंकड़ों में जरा सी भी भिन्नता न हो।

### साढ़े छह वर्ष में तेजी से बढ़ी उप्र की अर्थव्यवस्था

पिछले साढ़े छह वर्षों के नियोजित प्रयासों से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उप्र विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी, जो अब 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। वर्तमान 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। राष्ट्रीय आय में प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। अर्थव्यवस्था की विकास दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें तो 2021-22 में प्रचलित भावों पर प्रदेश की विकास दर 20.1 फीसदी रही, जबकि देश की 18.4 फीसदी। स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय विकास दर 7.2 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14.3 फीसदी वृद्धि दर रही।

## सत्र के दौरान स्थगित रहेंगी विधायकों से जुड़ी समितियों की बैठकें

**अमृत विचार, लखनऊ :** संसदीय कार्य विभाग ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विधायकों से जुड़ी मंडल व जिला स्तर पर गठित सभी समितियों की बैठकें स्थगित करने का निर्देश दिया है।

प्रमुख सचिव जेपी सिंह ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेजे गए आदेश में कहा है कि 2 फरवरी से विधानमंडल का सत्र प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में मंडल व जिला स्तर की गठित ऐसी सभी समितियां, जिनमें विधायक सदस्य नामित हों, उसे सत्र की अवधि के दौरान आहूत न करें। यदि ऐसी बैठकों का आयोजन किया जाना अपरिहार्य हो तो इन बैठकों को तभी आहूत किया जाए, जब अधिवेशन लगातार तीन दिन स्थगित हो।

## धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान

**लखनऊ :** प्रदेश के धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इससे सात लाख से ज्यादा किसान लाभान्वित हुए हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। किसानों को क्रय क्रेंद्रों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

## फिल्म क्रैश बूम बैंग की शूटिंग पूरी कर मैनपुरी लौटे हीरो भैया

**लखनऊ।** हिंदी फिल्म क्रैश बूम बैंग की शूटिंग पूरी कर मैनपुरी लौटे फिल्म अभिनेता एवं जन समस्या मेला समिति भारत संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव उर्फ हीरो भैया ने मैनपुरी में पत्रकार वार्ता कर तमाम जानकारियां साझा की। हीरो भैया ने कहा कि 20 वर्षों की मेहनत रंग लाई और जब लगभग 400 लोगों की यूनिट मुंबई से लाकर मैनपुरी एवम सैफई में शूटिंग की गई तो नजारा देखने लायक रहा। उन्होंने कहा अब मैनपुरी व आसपास के जिलों में हम फिल्म निर्माण कार्य को आगे बढ़ायेंगे ताकि यहां के लोगो को रोजगार मिल सके। उन्होंने बताया कि एक और नई फिल्म साइन की है। इस फिल्म में वह बतौर मुख्य अभिनेता नजर आएंगे, फिल्म के निर्देशक इंद्रजीत सिंह पाजी हैं। जबकि फिल्म के निर्माता अमित कुमार है।

मुख्यमंत्री योगी से उनके राजधानी लखनऊ स्थित आवास पर भेंट करते केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले।

# नीतीश के हटने से इंडिया गठबंधन ताकत विहीन

## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बोले- तीसरी बार नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हटने से इंडिया गठबंधन ताकत विहीन हो गई है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए दावा किया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री सोमवार को राजधानी स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

**▸▸ बसपा प्रमुख मायावती को आरपीआई का अध्यक्ष पद स्वीकार करने की पेशकश की**

नीतीश कुमार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि उनसे पहले ही कहा गया था कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ न जाएं, मोदी के साथ जुड़ जाएं, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन का प्रमुख हिस्सा थे, उनके हटने से गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इंडिया गठबंधन में केवल कांग्रेस रह जाएगी, क्योंकि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के अरविंद केजरीवाल पहले ही साथ छोड़ चुके हैं। गठबंधन में ताकत नहीं बची है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सवाल पर आठवले ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास रथ चल रहा है, हम सभी इस पर बैठे हैं। देश एकजुट है। पूर्व में 70 साल तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश एकजुट क्यों नहीं हुआ। वास्तव में राहुल गांधी को कांग्रेस को एकजुट करने के लिए यात्रा करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को कमतर बोलने वाली कांग्रेस के सुधीर कुलकर्णी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती को आरपीआई का अध्यक्ष पद स्वीकार करने की पेशकश की।

# एसआई-एएसआई पद के आवेदन की बढ़ी तारीख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) और सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के 921 तथा प्रोग्रामर ग्रेड-2 और कम्प्यूटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। पहले 28 जनवरी अंतिम तिथि थी। अब 31 जनवरी की रात 12 बजे तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

वहीं आवेदन में किसी तरह की हुई त्रुटि में संशोधन के लिए दो फरवरी को रात 12 बजे तक का मौका मिलेगा। ऑवेदन में संशोधन भी ऑनलाइन और खुद ही करना

**▸▸ अब 31 तक मौका, दो फरवरी तक कर सकेंगे संशोधन**

होगा। ऑवेदन के बाद अगर कोई अभ्यर्थी फीस न जमा कर पाया हो तो उसके लिए भी दो फरवरी को रात में 12 बजे तक मौका रहेगा। पहले 30 जनवरी तक की तारीख तय की गई थी।

उप्र प्रोन्नति पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर सचिव ने इस आशय का निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 25 जनवरी से 28 जनवरी तक सार्वजनिक अवकाश होने के चलते ऑवेदन करने और फीस जमा करने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए आवेदन की तारीख बढ़ाने का फैसला किया गया है।

## सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ होगी अनुशासनिक कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिद्धार्थनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेवा (डुमरियागंज) के प्रभारी अधीक्षक डॉ.श्रवण कुमार तिवारी के खिलाफ प्रदेश सरकार ने अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए आरोपों की जांच के निर्देश दिये हैं। इसके लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य बस्ती मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी पर अधीनस्थ कर्मचारियों से अभद्रता और अमर्यादित भाषा के साथ ही महिला कर्मियों के उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि डॉ.श्रवण कुमार के विरुद्ध जांच में महिला कर्मियों ने एएनएम ने लिखित बयान भी दिया था। जांच के दौरान डॉ.तिवारी द्वारा जांच अधिकारी को धमकाने के अलावा कुशीनगर में गायत्री हास्पिटल डायबिटीज केयर सेंटर निजी अस्पताल भी संचालित किये जाने की जानकारी हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि डॉ.श्रवण कुमार अपने उच्चधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ ही प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त हैं।

# चरस के चार अंतरराष्ट्रीय तस्करों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 16.5 किलोग्राम चरस बरामद किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 83 लाख रुपये बताई गई है। अयोध्या में पकड़े गए चारों तस्कर कानपुर नगर और देहात के रहने वाले हैं। इसमें विमल राजपूत, जितेन्द्र, आशीष यादव तथा योगेन्द्र सिंह यादव हैं।

एसटीएफ को विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की

**▸▸ 83 लाख की चरस बरामद नेपाल से लाकर यूपी में करते थे सप्लाई**

सूचनाएं मिल रही थीं। इसी बीच इन तस्करों के बारे में सूचना मिली कि वह नेपाल से अवैध मादक पदार्थ (चरस) लेकर कानपुर जाने वाले हैं। इसके बाद एसटीएफ टीम सक्रिय हो गई और उन्हें अयोध्या के पूरा कलन्दर क्षेत्र से दबोच लिया। उनकी कार की जांच में 16.5 किग्रा चरस बरामद हुई। नशे के तस्करों ने पूछताछ पर बताया कि मादक पदार्थ (चरस) नेपाल से लाकर कानपुर के मनोज तिवारी के साथ मिलकर बेचने का कार्य करते थे। इस धंधे में वह काफी समय से सक्रिय थे।

## भाजपा सरकार में शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा के शासन में सनातन

ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। स्वामी सोमवार को अपरान्ह तीन बजे मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा व ज्ञानवापी जाना चाहते थे। प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को वहां जाने से मना किया और धारा-144 लागू होने का हवाला दिया। इस पर स्वामी अकेले ही जाने को तैयार थे, पर प्रशासन ने विद्यामठ में उन्हें नजरबंद कर दिया।

# सीएजी ने मांगा 1912 सेवा पर हुए खर्च का ब्यौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (सीएजी) ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की टोल फ्री उपभोक्ता सेवा 1912 पर खर्च हो रहे व्यय पर सवाल उठाये हैं। सीएजी ने निगम से खर्च का ब्यौरा पेश करने को कहा है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने व उनका निस्तारण करने के लिए सभी वितरण निगमों में टोल फ्री 1912 सेवा चल रही है। बिजली आपूर्ति बाधित होने अथवा हाईवोल्टेज से उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान के मुआवजे की धनराशि की गणना भी इसी नंबर पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की जाती है। सूत्रों के

**▸▸ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को भेजा पत्र**

अनुसार, सीएजी ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत को पत्र भेजकर वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 के दिसंबर तक यानी लगभग चार वर्षों में खर्च हो चुके 35 करोड़ 40 लाख का ब्यौरा पेश करने को कहा है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस सेवा पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, इसके बावजूद उपभोक्ता इससे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने इस सेवा को मोबाइल ओटीपी सिस्टम जोड़े जाने की मांग की।

# डीजी पदों पर होगी नई तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने पर न केवल नये डीजीपी की तैनाती होगी, बल्कि विजिलेंस और मानवाधिकार में भी नये डीजी पोस्ट किए जाएंगे।

दरअसल, 31 जनवरी को विजय कुमार के अलावा डीजी (मानवाधिकार) एसके माथुर भी रिटायर होंगे। चूंकि विजय कुमार के पास कार्यवाहक डीजीपी के साथ ही डीजी विजिलेंस की जिम्मेदारी है। ऐसे में उनकी सेवानिवृत्ति के बाद डीजीपी और

**▸▸ एक फरवरी को तिलोत्तमा वर्मा और राजीव कृष्णा बनेंगे डीजी**

विजिलेंस का भी पद खाली हो जायेगा। वहीं एसके माथुर के रिटायर होने से डीजी मानवाधिकार का पद भी खाली हो जाएगा। ऐसे में नये डीजीपी के अलावा बाकी उन दोनों पदों पर भी नई तैनाती की जाएगी।

डीजी स्तर के इन दोनों अफसरों की सेवानिवृत्ति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन का लाभ मिलेगा। एक फरवरी को 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी (प्रशिक्षण) तिलोत्तमा वर्मा और 1991 बैच के एडीजी (विजिलेंस) राजीव कृष्णा को डीजी पद पर प्रोन्नति मिल जायेगी। 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार को एक माह पहले ही डीजी पद पर प्रमोशन मिल जाने से एडीजी राजीव कृष्णा को इस बार खाली होने वाले पद के सापेक्ष प्रमोशन का लाभ मिल जायेगा। अन्यथा मुकुल गोयल के फरवरी में रिटायर होने के बाद उन्हें प्रमोशन मिलता। डीजी विजय कुमार और एसके माथुर के अलावा 31 जनवरी को डीआईजी (इंटेलिजेंस) लल्लन सिंह और डीआईजी (पीटीसी) राजकमल यादव भी रिटायर होंगे। इन पदों पर भी नई तैनाती की जायेगी।

## खुलेंगे सात नए गौ-संरक्षण केंद्र, 5.6 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौ-संरक्षण के लिए प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में सात नये गौ-संरक्षण केन्द्र बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में राज्य सरकार ने 5.6 करोड़ रुपये भी भेज दिये हैं।

पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पशुपालन विभाग के निदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिये हैं कि एक गौ संरक्षण केन्द्र के लिए 80 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। उक्त क्रम में फर्रुखाबाद में दो गौ-संरक्षण स्थापित होंगे, ये सदर तहसील अंतर्गत गांव अछरौडा व कायमगंज में ग्राम पचरौली में बनाए जाएंगे। इसके अलावा बुलंदशहर, महराजगंज, जालौन, कन्नौज व गोरखपुर में एक-एक नया गौ-संरक्षण केन्द्र बनाया जाएगा। साथ ही इस बजट को उपयोग करने के निर्देश भी दिए हैं।

# आयकर संबंधित विवादों का निपटारा होगा आसान

## आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब राजधानी में आयकर से संबंधित विवादों का निपटारा आसानी से हो सकेगा। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने यहां सोमवार को वर्चुअली आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन किया।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के तहत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का

राजधानी में वर्चुअली आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन करते केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल, साथ में अन्य। अमृत विचार

भुगतान ही करना था। इससे संबंधित मामलों का अधिकरण ने अच्छे से निपटारा किया। आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस सीवी भडंग ने कहा कि जयपुर, बंगलुरु और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चौथा भवन लखनऊ में मिला है। उन्होंने कहा कि आईटीएटी में लंबित मामलों की संख्या कम और निस्तारित किए गए मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आयकर अपीलीय अधिकरण (दिल्ली और अहमदाबाद क्षेत्र) जीएस पन्नू, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (लखनऊ और पुणे क्षेत्र) शक्तिजीत डे भी उपस्थित रहे।

**स्वीकृति** | रामोत्सव के बजट से शासन ने संस्कृति विभाग के निदेशक को भेजी धनराशि

# अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मिले 7.09 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 15 लघु मंचों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7 करोड़ 9 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। शासन ने संस्कृति विभाग के निदेशक को कार्यक्रम का पूरा विवरण, फोटो, वीडियो और खर्च का ब्यौरा सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया है।

नव्य राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आये थे। साथ ही, धर्म-अध्यात्म, उद्योग, कला-साहित्य,

**▸▸ शासन ने फोटो, वीडियो व खर्च का ब्यौरा सुरक्षित रखने का दिया निर्देश**

सिनेमा, शिक्षा आदि क्षेत्र से 8 हजार विभूतियां शामिल हुईं। इस दौरान अयोध्या में विभिन्न राज्यों से तमाम कलाकार 15 लघु मंचों पर प्रस्तुतियां दे रहे थे। यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला। इसके लिए पहले ही 19 जनवरी के संस्कृति विभाग ने धनावंटन का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

शासन के अनु सचिव रघुनाथ वर्मा ने सोमवार को संस्कृति विभाग के निदेशक को भेजे शासनादेश में कहा है कि सरकार ने रामोत्सव, अयोध्या-2024 के अंतर्गत 15 लघु मंचों पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7 करोड़ 9 लाख 20 हजार रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी है। कहा गया है कि स्थानीय कलाकारों को अधिकाधिक अवसर मिलने चाहिए। कार्यक्रमों का विवरण, फोटो, वीडियो एवं व्यय संबंधी सभी अभिलेख सुरक्षित रखे जाएं और पोस्ट आडिट भी अनिवार्य होगी। सचिवालय प्रशासन और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित दरों एवं न्यूनतम वास्तविक दरों पर ही भुगतान किया जाएगा।

### रामघाट के शवदाह स्थल पर जनसुविधाओं के लिए 4.84 करोड़

राज्य सरकार ने सोमवार को अयोध्या में सरयू किनारे रामघाट शवदाह स्थल के लिए 4 करोड़ 84 लाख 7 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। इस धन से अयोध्या विकास प्राधिकरण जनसुविधाओं का विकास करेगा। शासन ने निदेशालय धर्मार्थ कार्य विभाग, वाराणसी के निदेशक को निर्देश दिये हैं कि पारंपरिक शवदाह स्थल रामघाट के लिए संपूर्ण धनराशि एकमुश्त निर्गत कर दी गई है। अब कार्य शुरू होते ही प्रगति को लेकर धर्मार्थ कार्य विभाग निगरानी और खर्च पर भी नजर रखेगा।

## सरकारी डॉक्टरों को मिलेगा अल्ट्रासाउंड करने का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड की सुविधा बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस डॉक्टरों को छह माह का विशेष प्रशिक्षण (फंडामेंटल इन एब्डोबिनो-पेल्विक अल्ट्रासोनोग्राफी) दिलाया जाएगा। यह प्रशिक्षिण सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षिण प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशालय ने 45 साल से कम उम्र के डॉक्टरों से आवेदन मांगे गये हैं। महानिदेशक प्रशिक्षण, डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने सभी अस्पताल प्रभारी व अन्य सक्षम अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि पीसीपीएनडी एक्ट अनुपालन के लिए स्वास्थ्य विभाग में पांच साल की सेवाएं पूरी कर चुके एमबीबीएस डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही आवेदन करने वाले चिकित्सकों की वार्षिक प्रविष्टियों में रेटिंग भी देखी जाएगी। इच्छुक चिकित्सक 9 फरवरी तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

# परिषदीय स्कूलों में हर महीने होगा पीटीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नये शैक्षिक सत्र से परिषदीय स्कूलों में हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन होगा। इसी सप्ताह में पहली पीटीएम होगी। इसमें उपस्थिति, गृहकार्य, यूनीफॉर्म आदि को लेकर चर्चा होगी। कई अभिभावकों ने सरकार से मिले 12 सौ रुपये में यूनिफार्म, जूता व मोजा आदि नहीं खरीदा है, इसे भी अमल में लाया जाएगा।

सरकार निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी अभिभावकों से नियमित संवाद पर जोर देने जा रही है। कक्षा में विद्यार्थियों की पढ़ाई और अनुशासन में क्या स्थिति है, प्रतिदिन गृहकार्य वह कर रहा है

**▸▸ अभिभावकों से नियमित संवाद करेंगे शिक्षक**

**▸▸ बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किया नया नियम**

या नहीं और नियमित स्कूल आ रहा है या नहीं इसे लेकर अभिभावकों से अध्यापक चर्चा करेंगे। वहीं यूनिफॉर्म, जूता व मोजा इत्यादि के लिए अभिभावकों के खाते में भेजे गए 1,200 रुपये की धनराशि का उपयोग कराया जाएगा।

स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूलों में हर महीने इसके आयोजन की मानीटरिंग करें। अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बैठक होने से विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान मौके पर होगा। ऐसे विद्यार्थी जो पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके अभिभावकों को इसकी जानकारी दी जाएगी। घर पर भी वह हर दिन पढ़ाई करें और फुल यूनिफॉर्म में ही विद्यालय आएं, इसे सख्ती से लागू कराया जाएगा। कुछ अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने यूनीफार्म नहीं खरीदी। नियमित पीटीएम होने से उन पर इसे लेकर दबाव बनाया जाएगा कि वह सरकार की ओर से दी गई धनराशि का सदुपयोग करें। अभी इसके लिए बार-बार अभिभावकों को विद्यालय बुलाने पर भी वह नहीं आते। फिलहाल अब ऐसा नहीं होगा। इस सप्ताह प्रायोगिक तौर पर एक पीटीएम विद्यालयों में आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आगे किसी भी तरह की कठिनाई न हो।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,941.57 | 21,737.60 |
| बढ़त | 1,240.90 | 385.00 |
| प्रतिशत में | 1.76 | 1.80 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

## मैथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफ़ारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14800-15000 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6850-6950 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8500-12000 |
| उड़द धोवा | 10000-12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 9100-11000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 7000-8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# 27% कंपनियों ने जेएआई का इस्तेमाल रोका

## संचार कंपनी सिस्को के सर्वे के मुताबिक निजता, डेटा सुरक्षा जोखिम की वजह से लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

निजता और डेटा (निजी सूचना) सुरक्षा जोखिमों के चलते चार में से एक संगठन ने जनरेटिव-कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है। संचार कंपनी सिस्को की एक शोध रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है।

शोध रिपोर्ट 'सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी' भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मेक्सिको, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका में 2,600 निजता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत पर आधारित है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश कंपनियां डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मुद्दों पर जेन-एआई के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने इसके उपयोग पर कम से कम अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की कंपनी सिस्को की शोध रिपोर्ट के अनुसार-चार में से एक से अधिक संगठनों ने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिमों के कारण जेन-एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में जेनएआई के साथ बढ़ती गोपनीयता चिंता, एआई के उपयोग पर संगठनों के सामने आने वाली भरोसे संबंधी चुनौतियों और सूचनाओं को बेचने आदि का उल्लेख किया गया है। इस सर्वेक्षण के सातवें संस्करण में पाया गया कि निजता नियामकीय अनुपालन से कहीं आगे का मामला है।

कंपनियों की प्रमुख चिंताओं में कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (69 प्रतिशत) को जोखिम और जनता या प्रतिस्पर्धियों के सामने जानकारी साझा करने का जोखिम (68 प्रतिशत) शामिल है।

सिस्को ने कहा कि अधिकांश संगठन इन जोखिमों के बारे में जानते हैं और इसे सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। इनमें 63 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है, 61 प्रतिशत ने सीमाएं निर्धारित की हैं कि जेन-एआई माध्यम का उपयोग कर्मचारियों द्वारा किया जा सकता है, और 27 प्रतिशत ने कहा उनके संगठन ने कुछ समय के लिए जेन-एआई अनुप्रयोगों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी, कई व्यक्तियों ने ऐसी जानकारी दर्ज की है जो चिंता बढ़ा सकती है। इसमें कर्मचारी जानकारी (45%) या कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी (48%) शामिल है।

### उत्तरदाताओं का मानना जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत

सिस्को के मुख्य विधि अधिकारी देव स्टालकॉफ ने कहा कि संगठन जेन-एआई को मौलिक रूप से भिन्न तकनीक के रूप में देखते हैं, जिसमें विचार करने के लिए नई चुनौतियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेन-एआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है।

# देर से मिलेगा उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश को उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद इस बार देर से मिलेगा। आलू बेल्ट में मुख्य फसल फरवरी अंत तक तैयार होगी। क्योंकि अक्टूबर में समय से बोई गई फसल अधिक तापमान से तो कुछ जगह बारिश से पिछड़ गई थी।

इसलिए ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने अक्टूबर की बजाय नवंबर में बोवाई की थी। जबकि मुख्य फसल मौसम अनुकूल होने पर 15 से 25 अक्टूबर तक की जाती है। इसकी 25 फरवरी से खोदाई शुरू हो जाती है। आलू की तमाम प्रजातियां पकने में 100-110 दिन तक लगते हैं। ऐसी स्थिति में मार्च शुरुआत में ही बाजार में आलू आने की संभावना है। फसल पिछड़ने से इस बार प्रदेश से निर्यात भी देर से होगा।

- अक्टूबर में बारिश और अधिक तापमान के कारण देर से हुई थी बोवाई
- फरवरी अंत में आलू तैयार होने की संभावना, निर्यात पर पड़ेगा असर

**आगरा व कन्नौज बेल्ट से 200 टन करना है निर्यात:** लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस से पहली बार आलू का निर्यात परीक्षण के तौर पर फरवरी से ओमान, बहरीन व दुबई होना है। इसके लिए कन्नौज बेल्ट से 200 टन चिप्स सोना और कुफरी बहार 3792 प्रजाति किसानों से खरीदी जानी है। जो तैयार न होने के कारण किसान तय समय पर नहीं दे पाएंगे। इससे निर्यात में देरी होगी और असर पड़ेगा। वैसे इन देशों को ईरान आलू की पूर्ति करता आ रहा है। वहीं इस संबंध में अकरब बेग (जीएम मैंगो पैक हाउस) ने बताया कि मैंगो पैक हाउस को पहली बार फरवरी से निर्यात करना है। इसी आधार पर आगे मांग आएगी। लेकिन, फसल तैयार न होने के कारण मार्च में ही निर्यात कर पाएंगे।

### प्रदेश में आलू का रकबा

बोआई : 700 लाख हेक्टेयर में
अनुमानित पैदावार : 250 लाख एमटी

> अक्टूबर में बारिश के कारण समय पर आलू की बोवाई नहीं हो पाई। इस बीच की गई फसल बर्बाद हो गई थी। इस कारण मौसम सामान्य होने पर देर से बोवाई की गई और देर से खोदाई होगी।
>
> **-डॉ. अखिलेश कुमार दुबे,** वरिष्ठ कृषि विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 73,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## एमएसएमई को सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहता हूं

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने सोमवार को कहा कि छोटी, नवोन्वेषी कंपनियों के कुछ ''उत्कृष्ट'' उत्पाद बनाने के तथ्य पर गौर करते हुए वह एमएसएमई को न केवल सार्वजनिक क्षेत्र की निविदाओं के लिए बल्कि निजी क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहते हैं। दूरसंचार विभाग के शीर्ष अधिकारी मित्तल ने कहा कि सरकार उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में सुधार करना चाहती है और नई, बेहतर योजना के लिए लघु, कुटीर एवं मझौले उद्यमों (एमएसएमई) से भी उनके विचार मांगे हैं।

## सरकार तय कर सकती है वित्तीय संस्थानों से 70,000 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय संस्थानों से लाभांश के तौर पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है। चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से मिले अच्छे लाभांश के बाद यह उम्मीद की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्तीय संस्थानों से लाभांश प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखेंगी, वह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष का अनुमान पहले ही बजट लक्ष्य से अधिक हो चुका है। इसका कारण आरबीआई का 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का तिमाही वित्तीय परिणाम अच्छा रहा है। ऐसे में आने वाले वर्ष में उनकी तरफ से लाभांश भुगतान चालू वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा। सूत्रों ने कहा कि इसीलिए, वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई और वित्तीय संस्थानों से लाभांश भुगतान के रूप में लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद करना उपयुक्त है।

## चीनी का उत्पादन 2023 24 सीजन में चार प्रतिशत कम होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब चार प्रतिशत घटकर 3.16 करोड़ टन रहने का अनुमान है। चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को अपना पहला उत्पादन अनुमान जारी करते हुए कहा कि 3.16 करोड़ टन के अनुमानित चीनी उत्पादन और 57 लाख टन के शुरुआती भंडार के साथ देश में चीनी की उपलब्धता 3.73 करोड़ टन होने की संभावना है। यह अनुमानित घरेलू खपत 2.9 करोड़ टन से अधिक है।

## सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। दिन में कारोबार सेंसेक्स 1,309.55 अंक या 1.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,010.22 अंक तक पहुंचा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### प्रबीर, अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और मुख्य संपादक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत सोमवार को बढ़ा दी। उन पर चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुरकायस्थ मामले में आरोपी हैं जबकि पूर्व सह-आरोपी चक्रवर्ती हाल में मामले में सरकारी गवाह बन गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 17 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी।

#### तेजस्वी यादव को बयान दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को उनकी उस कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी के पूर्व के हलफनामे को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद एक नया बयान दाखिल करने के लिए राजद नेता को एक हफ्ते का वक्त दिया है।

#### 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 पर अंडरब्रिज गांव सिकन्दरपुर से एक कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501 ग्राम हेरोईन पकड़ने में सफलता हासिल की है। ब्यूरो इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख 10 हजार रुपये आंक रहा है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सिरसा स्थित पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, माता-पिता व शिक्षकों को दी सलाह

# अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अभिभावकों को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं मानने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दबाव से निपटने में बच्चों की मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने और अभिभावकों को अपने बच्चों में प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज ना बोने का भी सुझाव दिया।

अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और दबावों से निपटने में उनकी मदद करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने का सुझाव दिया जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। उन्होंने कहा-आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा-बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे बच्चों का उदाहरण देते रहते हैं। माता-पिता को इन चीजों को करने से बचना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

# मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की परंपरा बंद हो : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा-हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।

- सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश

शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

### कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलवाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने अग्रिम जमानत हासिल कर चुके एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को अदालत की घोर अवमानना करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय को दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात के व्यवसायी की पुलिस रिमांड को लेकर अत्यधिक नाखुशी जाहिर करते हुए शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को व्यक्ति की अवमानना याचिका पर सूरत के कुछ पुलिस अधिकारियों और एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि पिछले साल 8 दिसंबर को याचिकाकर्ता तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत दी गई थी।

## राकांपा विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फैसला करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की इस याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था।

पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की आवश्यकता है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा कि प्रतिवादियों की जिरह अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी तथा आदेश पारित करने के लिए तीन सप्ताह का समय और दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि राकांपा के मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है और अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए वास्तव में कुछ और समय की आवश्यकता है।

## नीतीश कुमार जल्द करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

पटना, एजेंसी

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है।

कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नये मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गयी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट सचिवालय सोमवार शाम तक विभागों के बंटवारे से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकता है। कैबिनेट बैठक में रविवार को शपथ लेने वाले सभी आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा के अलावा भाजपा के प्रेम कुमार, जद-यू के विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार और विजय कुमार चौधरी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण से संबंधित कानून की वैधता बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) से संबंधित कानूनी प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फिलिप्स इंडिया, रेकिट बेंकिजर, जिलेट इंडिया और प्रॉक्टर एंड गैंबल होम प्रोडक्ट्स आदि सहित कई संस्थाओं की 100 से अधिक याचिकाओं वाले मामलों की सुनवाई के दौरान दिया था। अदालत ने कहा-हमने (सीजीएसटी अधिनियम की) धारा 171 के साथ-साथ 2017 के (सीजीएसटी) नियमों के नियम 122, 124, 126, 127, 129, 133 और 134 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

## हनुमान ध्वज हटाए जाने के बाद कर्नाटक के गांव में तनाव बरकरार

**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक में मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतारे जाने को लेकर कड़े विरोध और पुलिस कार्रवाई के एक दिन बाद सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में रही। प्राधिकारियों द्वारा ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल सेक्युलर (जद-एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ-साथ गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों का प्रदर्शन जारी है। ऐसे में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को एहतियातन तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने ध्वज उतारे जाने के विरोध में भगवा झंडे लेकर उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकालना शुरू किया है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने यूजीसी का मसौदा दिशा-निर्देश को लेकर लगाया आरोप

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने दावा किया-आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है।

### अगर मोदी फिर जीते, तो भारत में आ सकती तानाशाही

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा-यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डरा-धमका कर चल रही है।

## जॉर्डनः हमले में मारे गए सैनिकों की मौत का जवाब देंगे : बाइडन

**कोलंबिया (अमेरिका)।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार तल्खियां बढ़ गई हैं। इसकी एक बढ़ी वजह बीती रात जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर ईरान समर्थित समूहों द्वारा किया गया ड्रोन हमला है।

इस हमले में अमेरिका के तीन सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जॉर्डन में हुए हमले का बदला लेने की बात कही है। हालांकि, ईरान ने अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हुए हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक बयान में कहा कि तेहरान इस हमले में शामिल नहीं था। हमारा इस हमले से कोई संबंध नहीं है। इस क्षेत्र में अमेरिकी बलों और प्रतिरोध समूहों के बीच संघर्ष है।

## एलएसी पर एक साल से नहीं हुआ संघर्ष, सेना की मजबूत तैनाती

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सेना प्रमुख बोले- दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य राजनयिक स्तर की वार्ता जारी

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है। बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता जारी है। हमें उम्मीद है कि हम दो बचे हुए मुद्दों का समाधान ढूंढ लेंगे। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है।'

जनरल पांडे ने कहा, 'पहला, हमारे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के पास रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का ज्ञान है, जो असल में इलाके में उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरा, हमारे पास अकादमिक विशेषज्ञ हैं, जो 'ए' श्रेणी के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। तीसरा, हमारे पास नागरिक सुरक्षा कायर्बल है, जो हमारी कार्यशालाओं और हमारी विनिर्माण इकाइयों में काम करता है। इन तीनों रास्तों के जरिए हम नवाचार की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब हम जरूरत की पहचान कर लेते हैं और इन मार्गों के जरिए प्रस्ताव सामने आते हैं, तो सेना का डिजाइन ब्यूरो जांच करता है।' जनरल पांडे ने कहा, हाल ही में 'विद्युत रक्षक' नाम से एक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत हमने विक्रेताओं में से एक को नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी (टेक्नोलॉजी) का हस्तांतरण किया है।

## द. सूडानः बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प, 52 की मौत

**जुबा।** सूडान और दक्षिण सूडान दोनों के दावे वाले तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत सहित 52 लोग मारे गए और 64 घायल हुए हैं। वर्तमान में अबेई क्षेत्र दक्षिण सूडान के नियंत्रण में है।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शनिवार शाम को बंदूकधारियों ने हमला किया। अभी हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन भूमि विवाद से जुड़े होने का संदेह है। अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएफएसए) ने हिंसा की निंदा की है। हिंसा में अपने एक शांतिदूत की मौत की पुष्टि की और कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि अगोक में यूएनआईएफएसए बेस पर सशस्त्र समूह ने हमला किया।

## लिसा मिशनः ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा

▸▸ मिशन 2035 में लॉन्च किए जाने की बन रही योजना, बड़ी घटनाओं को उजागर करने में सक्षम

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड अदृश्य शक्ति गुरुत्वाकर्षण तरंग की पहचान करने दुनिया की सबसे बड़ी दो स्पेस एजेंसिया एकजुट होने जा रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा व यूरोपियन अंतरिक्ष एजेन्सी इसा ने इस मिशन को लिसा डिटेक्टर नाम दिया है।

यह मिशन ब्रह्मांड की बड़ी घटनाओं जो उजागर करने में सक्षम होगा। लिसा मिशन को 2035 में लॉन्च किए जाने की योजना है। गुरुत्वाकर्षण वह अदृश्य ताकत है, जिसके प्रभाव से ब्रह्मांड की कोई भी वस्तु अछूती नही है। सुपरनोवा विस्फोट, हाइपर-घने सितारों और तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल विलय की ब्रह्मांडीय घटनाओं में गुरुत्वाकर्षण की बड़ी भूमिका होती है। जिसके चलते नासा व इसा ने संयुक्त मिशन तैयार किया है।

मिशन का डिजाइन तैयार हो चुका है और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी व नासा ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। योजना के उपकरण डिटेक्टर में 2.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर तैरते तीन अंतरिक्ष यान शामिल होंगे, जो लेजर प्रकाश का एक त्रिकोण बनाएंगे। इससे न्यूट्रॉन सितारों और ब्लैक होल के ब्रह्मांड की विकृतियों का पता लग सकेगा। अंतरिक्षयान में इंटरफेरोमीटर उपकरण मौजूद रहेगा।

लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्जर्वेटरी से इस मिशन को जोड़ा जाएगा।

इस वेदशाला ने पहली बार 2015 में गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाया था। नासा के अनुसार यह मिशन बड़े पैमाने में लाखों गुना वृद्धि व कम-आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने में सक्षम होगा और दुर्गम ब्रह्मांडीय दुर्घटनाओं का पता लगाएगा।



नासा व इसा का मिशन लिसा का डिजाइन।

### इस मिशन से खुलेंगे ग्रेविटी के कई अंजान रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि नई तकनीक जैसे जैसे विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे ब्रह्मांड के रहस्य भी उजागर हो रहे हैं। ग्रेविटी अदृश्य होने के कारण संभव है कि इसके भीतर और भी रहस्य छिपे हो सकते हैं। जिनका पता लगाने में यह मिशन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीरः गुलमर्ग समेत कई पहाड़ी हिस्सों में हुई बर्फबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में बर्फबारी को दौर शुरू हुआ है। फोटो गुलमर्ग की है, जहां इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। पिछले कई दिनों से बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुलमर्ग के अलावा तनमर्ग, गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा सहित कई स्थानों पर पर्यटक बर्फ गिरने का आनंद लेने पहुंचे। बर्फबारी के कारण कई शहरों का पारा भी गिर गया है। पहलगाम में माइनस 0 .8 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में माइनस 0 .6 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 2 .1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

### चीन कर सकता है ताइवान के खिलाफ शक्ति प्रदर्शनः अमेरिका

**ताइपे।** प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कमांडर ने कहा चीन अपने हालिया चुनावों के बाद ताइवान के खिलाफ अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सकता है। ताइवान मीडिया के अनुसार यह जानकारी दी गई। 26 जनवरी को हवाई के होनोलूलू में आयोजित पैसिफिक फोरम में यूएस इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो मुख्य वक्ता थे। उन्होंने ने कहा कि अमेरिका 13 जनवरी को राष्ट्रपति चुनाव के बाद ताइवान के खिलाफ चल रहे अभियान की निगरानी कर रहा है।

# मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

## मालदीवः राष्ट्रपति की बढ़ीं मुश्किलें, विपक्षी दलों ने प्रस्ताव पेश की बनाई योजना

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मालदीव की संसद में सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। स्थानीय मीडिया ने एमडीपी के एक विधायक के हवाले से कहा कि एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर एकत्र कर लिए हैं।

हालांकि, उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है। 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का अनुरोध किया, उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए "मजबूत जनादेश दिया है। 87 सदस्य वाली मासदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए हाल ही में अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था।

एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास कुल मिलाकर 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। सन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

### विपक्षी पार्टी एमडीपी ने कहा- सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 45 वर्षीय मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया गया। बता दें कि माले की संसद में कुल 87 सदस्य हैं। संसद ने हाल ही में महाभियोग प्रस्ताव को आसानी से सौंपने के लिए अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था। एमडीपी डेमोक्रेट के मिलाकर 56 सांसद हैं। इनमें 43 सांसद एमडीपी और 13 डेमोक्रेट के हैं। संविधान और संसद के स्थायी आदेशों के मुताबिक, 56 मतों के साथ राष्ट्रपति के खिलाफ लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछली साल दिसंबर मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन की यात्रा की थी, इस लिए मुइज्जू को चीन समर्थित कहा जाता है, लेकिन विपक्ष को ये सब रास नहीं आ रहा है।

## राम मंदिर कार्यक्रम प्रसारण मामलाः तमिलनाडु पुलिस ने दायर किया हलफनामा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रसारण पर कथित रोक के मामले में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। अपने हलफनामे में तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य के कई मंदिरों में लाइव प्रसारण हुआ था।

पुलिस ने हलफनामे में तमिलनाडु भाजपा के दावों को भी गलत बताया और कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने को कोशिश की गई, लेकिन ये गलत है। डीजीपी ने बताया कि 'लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी हुई थी और उस दौरान पुलिस या राज्य सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया था। ये जो आरोप है कि तमिलनाडु के सीएम ने मौखिक तौर पर कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाई थी, यह आरोप पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। तमिलनाडु पुलिस ने बताया कि भाजपा के प्रदेश सचिव विनोज पी सेल्वम ने तमिलनाडु सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की, जो कि बिल्कुल गलत और निंदनीय है।

## झगड़े की जड़ बने केस की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में आदेश को लेकर हुआ था विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई में दाखिले के लिए कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के आरोपों की सीबीआई जांच कराने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद के बाद स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों को सोमवार को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने बंगाल सरकार को राज्य में एमबीबीएस प्रवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले कथित फर्जी अनुसूचित (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच की स्थिति विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज एडमिशन में आरक्षित वर्ग में एडमिशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। इस पर कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया था। हालांकि कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के जज सोमेन सेन ने जज गंगोपाध्याय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जज गंगोपाध्याय ने जज सोमेन सेन पर एक राजनीतिक पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से दखल की अपील की थी।

### नायडू की अग्रिम जमानत को चुनौती वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में सरकार ने तेदेपा चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू की अग्रिम जमानत को चुनौती दी थी। चंद्रबाबू को अमरावती इनर रिंग रोड घोटाले मामले में अग्रिम जमानत मिली थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के 10 जनवरी को चंद्रबाबू नायडू को राहत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## महिलाओं की वैवाहिक उम्र 18 से 21 साल करने वाले लंबित बिल पर मई तक अंतिम रूप देगी समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ चार माह का विस्तार मिला, जून 2021 को लोकसभा में किया गया था पेश

संसद की एक स्थायी समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए चार महीने का विस्तार (एक्सटेंशन) दिया गया है। समिति महिलाओं की शादी की आयु 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक पर विचार कर रही है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होने वाला है। आगामी आम चुनाव से पहले 17वीं लोकसभा का यह अंतिम सत्र है।

समिति अब चार महीने के विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी। जबकि, मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 लोकसभा में पेश किया गया था। तबसे वह वहां लंबित है। जबकि, सदन का कार्यकाल जून में खत्म हो जाएगा।

लोकसभा में पेश किए गए या वहां लंबित विधेयक मौजूदा लोकसभा के भंग हो जाने के बाद खत्म हो जाएंगे। जारी बुलेटिन में बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 की जांच के लिए संसद की स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए विस्तार दिया है। समिति को पहले भी अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए विस्तार दिया गया था।

इस विधेयक को दिसंबर 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद इसे शिक्षा, महिला, बच्चों, युवाओं और खेलों की स्थायी समिति के पास भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत काम करती है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जांच के लिए विधेयक को लोकसभा अध्यक्ष से स्थायी समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था। ईरानी ने सदन को बताया था कि सरकार पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता लाने की कोशिश कर रही है।

### बीटिंग रिट्रीट...



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के शंखनाद से लेकर नौसेना के मधुर मिशन चंद्रयान की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। आम जनता भी इस शानदार समारोह को देखने पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। ● एजेंसी

## अरब सागर में ईरानी पोत हाईजैक भारतीय नौसेना ने छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ भारत ने युद्धपोत भेजकर सवार 17 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया

अरब सागर में एक बार फिर समुद्री लुटेरों ने एक जहाज को निशाना बनाया। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, कोच्चि से पश्चिम में करीब 700 नॉटिकल मील की दूरी पर ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज को सोमालियाई लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। हालांकि, इस घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत को जहाज के रेस्क्यू में लगाया और इसे लुटेरों के कब्जे से छुड़ा लिया।

अफसरों ने बताया कि ईरान के इस जहाज का नाम एमवी इमान है और इसमें 17 क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने इसमें सवार लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। देखते ही देखते युद्धपोत में मौजूद ध्रुव चॉपर्स ने ईरानी जहाज को घेर लिया और इसे चेतावनी जारी कीं। इसके बाद सोमालियाई लुटेरों को हथियार फेंकने और सोमालिया की तरफ जाने को कहा गया।

इसके बाद नौसेना ने जहाज में सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा कि भारत का युद्धपोत सोमालिया के पूर्वी तट और अदन खाड़ी में एंटी-पाइरेसी मिशन में शामिल था। इसे ईरानी जहाज की तरफ से हाईजैकिंग का सिग्नल मिला। इसमें कहा गया कि जहाज पर लुटेरों ने कब्जा कर लिया है और क्रू को बंधक बना लिया गया है।

## ईरानः मोसाद के लिए काम करने वाले चार दोषियों को मृत्युदंड

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार तड़के में चार लोगों को फांसी दे दी। इन चारों को ईरानी डिफेंस साइट को नष्ट करने की योजना में इजराइल के लिए जासूसी करने का दोषी पाया गया था।

न्यायपालिका के अनुसार, मोहम्मद फरमरजी, मोहसिन मजलूम, वफा अजरबार, पेजमैन फतेही को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इन पर इस्फहान के केंद्रीय प्रांत में रक्षा मंत्रालय केंद्र के खिलाफ एक ऑपरेशन को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। इनको इस मामले में सुनवाई के बाद दोषी पाया और मौत की सजा दी गई। इन चारों को सजा सुनाए जाने के बाद आज उस पर अमल किया गया। सजा पाए चारों लोग ईरानी नागरिक हैं। सितंबर में अदालत ने सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

**शोध** वर्षों से किए जा रहे अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष आए सामने, शिशुओं की याद्दाश्त से जुड़ी जानकारी भी शामिल

# मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाएं बदली

टोरंटो, एजेंसी

मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाओं को बदला है। इनमें दिमाग के काम करने के तरीके से लेकर क्षमता से जुड़ी जानकारी शामिल है। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम का कहना है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

यह निष्कर्ष सदियों से मानी जा रही धारणाओं को चुनौती देने के साथ नए मानक स्थापित करते हैं। इनमें से कुछ सामान्य धाराणाओं पर निष्कर्ष निकाले गए हैं। **शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणालीः** माना जाता हैं कि शिशओं में समझ की कमी होती है। मनोविज्ञान से पता चला है कि शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणाली होती है। उन्हें लोगों की भी समझ होती है।

शिशु जानते हैं कि आंखों के सामने न होने के बाद भी चीजें उनके आसपास होती हैं। वे नैतिक निर्णय लेने के भी सक्षम होते हैं। **स्मृति धंधली और अस्पष्ट होती हैः** कुछ लोगों का मानना है कि हमारा दिमाग यादों को संजोकर रखता है।

सही तरीके अपनाने से हम किसी भी स्मृति को याद कर सकते हैं। हालांकि, यह सच नहीं है। याद्दाश्त भरोसे के लायक नहीं होती है। हमारे अनुभवों का अधिकांश हिस्सा यादों के तौर पर इकट्ठा नहीं हो पाता है। जो इकट्ठा होता है, वह कुछ ही समय में धुंधला और अस्पष्ट हो जाता है।

**चेतना की सीमाएंः** माना जाता है कि हमारी चेतना एक ही समय कई चीजों पर ध्यान देने में सक्षम होती है। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान से पता चला है कि हमारे सामने हो रही चीजों का सिर्फ छोटा सा अंश स्मृति तक पहुंच पाता है। बाकी सब चीजों को नजरअंदाज कर हमेशा के लिए खो दिया जाता है। एक ही समय में कई चीजों पर ध्यान दे पाना संभव नहीं है।

### सकारात्मक मनोविज्ञान ने बदला नजरिया

सकारात्मक मनोविज्ञान ने सूख सुखद, सार्थक और संतुष्टिदायक जीवन पर शोध को बढ़ावा दिया है। इससे उन चीजों की तरफ ध्यान बढ़ा है, जो दिमाग को स्वस्थ रखने और जीवन बेहतर बनाने में मदद करती हैं। मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम ने बताया है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

## संबंध सुधारने में लगे ईरान-पाकिस्तान, विदेश मंत्रियों की बैठक

**इस्लामाबाद।** हाल ही में ईरान और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दोलहियन अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियन का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात करेंगे। मीडिया के अनुसार, यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद हो रही है।

## पाकिस्तानः चुनाव से पहले कराची में बढ़ी हिंसा

कराची, एजेंसी

▸▸ नाजिमानाड में हिंसक झड़पें गोलीबारी में 1 की मौत, 3 घायल

पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में बीते कुछ दिनों में चुनावी हिंसा काफी बढ़ी है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस वजह से राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दलों के बीच पहले से ही कई झड़पें हो चुकी हैं।

सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में जेल में बंद इमरान की पीटीआई की चुनावी रैली पर पुलिस की भारी टुकड़ियों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेष रूप से कराची - जो पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र भी है, पर पीपीपी के गढ़ को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आगामी चुनावों में विभिन्न पार्टियां जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

बिलावल जरदारी-भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी की सिंध और कराची पर पकड़ तब भी बनी हुई है, जब खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने 2018 में पिछले चुनावों में सरकार बनाई थी और अविश्वास प्रस्ताव के बाद 2022 में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन के दौरान भी पीटीआई शासन को समाप्त कर दिया।

### बलूचों का प्रदर्शन, आवाज उठाने वाले हो रहे लापता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच बलूचिस्तान के डेरा बुगती क्षेत्र में 10 लोग लापता हो गए। स्थानीय मीडिया न बताया कि सुई शहर में गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने घर-घर जाकर तलाशी अभियान चलाया और 10 लोगों को लापता कर दिया। पाकिस्तानी बल ने जाफर कॉलोनी में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद जीटीए के अध्यक्ष और जमहूरी वतन पार्टी कार्यकर्ता मास्टर मौस बक्श और उनका बेटा लापता हो गए। इसी तरह गोबर खान बुगती के बेटे आतिफुल्लाह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने हिरासत में लिया, जिसके बाद से ही वह लापता हो गया। शनिवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति के आवास पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया।